2252

ॐ ओ३म ॐ

सम्पूर्ण

संस्कृत शिक्षा

संस्कृत सिखाने वाली सर्वाङ्गपूर्ण पुस्तक

लेखक

श्री सन्तराम 'वत्स्य'

सम्पादक

श्री ब्रह्मदत्त वैद्य, शास्त्री,

एम० ए० आयुर्वेद शिरोमणि

प्राप्ति स्थान

राष्ट्रीय प्रकाशन मंडल

चावडी बाजार, दिल्ली-६

फोन २००३०

मूल्य २)] [दो रुपया

ॐ

सम्पूर्ण
संस्कृत शिक्षा

(संस्कृत सिखाने वाली सर्वांग पूर्ण पुस्तक)



लेखक—श्री सन्तराम वत्स्य

सम्पादक—श्री ब्रह्मदत्त जी वैद्य, शास्त्री,
एम० ए०, आयुर्वेद शिरोमणि

प्राप्ति स्थान—

राष्ट्रीय प्रकाशन मण्डल
चावड़ी बाजार देहली ६

द्वितीय बार] ([illegible]) [मूल्य २)

प्रकाशक—
देहाती पुस्तक भण्डार,
चावड़ी बाजार, दिल्ली-६

हिन्दी, बंगला, गुरुमुखी
उर्दू तथा अंग्रेजी
सीखने के लिए पुस्तकें
हम से मंगाइये ।

मुद्रक —
यादवे प्रिंटिंग प्रेस,
बाजार सीताराम, दिल्ली ।

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
पाठ १	
वर्णमाला ...	१
पाठ २	
लिपि .	२
पाठ ३	
वर्णों का उच्चारण और वर्गीकरण ..	६
स्थान प्रयत्न कोष्ठक ...	६
स्वर	१०
पाठ ४	
संस्कृत शब्द और उनके अर्थ	११
पुरुष ...	११
पाठ ५	
अव्यय	१३
पाठ ६	
शब्द ज्ञान .	१४
पाठ ७	
सन्धि	१५
स्वर सन्धि ...	१६
पाठ ८	
हल् सन्धि ...	२०
विसर्ग सन्धि ..	२२
पाठ ९	
सन्धि छेद और सन्धि का अभ्यास .	२५
पाठ १०	
शब्द प्रकरण	२६
पाठ ११	
कारक प्रकरण .	३२
पाठ १२	
कर्ता कारक	३४
पाठ १३	
कर्म कारक .	३६

विषय	पृष्ठ
पाठ १४	
करण कारण	३८
पाठ १५	
अपादान कारक और अधिकरण कारक	३६
पाठ १६	
संस्कृत में गिनती	४१
क्रम सूचक संख्या	४६
पाठ १७	
उपसर्ग	४७
पाठ १८	
विविध संस्कृत शब्द और उनके अर्थ	५०
पाठ १९	
विशिष्ट विभक्ति प्रयोग	६०
लिंग प्रकरण	७४
पुल्लिंग शब्द	७४
स्त्रीलिंग शब्द	८३
नपुंसकलिंग शब्द	८७
सर्वनाम शब्द	९४

विषय	पृष्ठ
पाठ २०	
व्यञ्जनान्त नाम	१०८
पाठ २१	
धातु प्रकरण	११५
पाठ २२	
गणानुसार विकरण	१२३
पाठ २३	
कृदन्त प्रकरण	१२७
पाठ २४	
कथोपकथन	१३०
पाठ २५	
यूपम-मशक्यो कथा	१३३
पाठ २६	
आविष्कारस्य जननी आवश्यकता	१३४
पाठ २७	
वधिरस्य कथा	१३६
पाठ २८	
बुद्धे र्महत्वम्	१३९
पाठ २९	
कूपजोधोपाख्यानम्	१४०

विषय	पृष्ठ
पाठ ३०	
विषम-ज्वर	१४६
सहभोज सभा	१५३
पाठ ३१	
समास	१५६
द्वन्द समास	१५८
तत्पुरुष समास	१५८
कर्मधारय समास	१५८
बहुव्रीहि समास	१५६
द्विगु समास	१५६
अव्ययी भाव समास	१५६
पाठ ३२	
लकारों के प्रयोग	१६०
लट्लकार	१६०
लङ्	१६१
लुट्	१६१
लोट	१६२

विषय	पृष्ठ
पाठ ३३	
अनुवाद	१६४
पाठ ३४	
विद्या महिमा	१६६
पाठ ३५	
पत्र लेखन	१७२
पाठ ३६	
सूक्तय	१८०
पाठ ३७	
सद्वृत्तम्	१८२
पाठ ३८	
शिक्षा	१८२
पाठ ३९	
सुगम और सुन्दर सस्कृत श्लोक	१८४

प्राक्कथन

हिन्दी कभी राज भाषा और राष्ट्रभाषा बनेगी, यह किसी के अब से २०० वर्ष पहले कल्पना भी नहीं थी, परन्तु वह आज इस पद पर सम्मान पूर्वक प्रतिष्ठित है। सारे देश मे हिन्दी को सीखने की चाह है उसको शुद्ध रूप में जानना आवश्यक हो गया है। यह निर्विवाद है कि अच्छी हिन्दी अथवा शुद्ध हिन्दी के परिज्ञान के लिये संस्कृत का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है। हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में भी स्थान ग्रहण करने के लिये संस्कृत का आश्रय लेकर आगे बढना होगा। पंजाबी, गुजराती, मराठी, उड़िया, आसामी, के अतिरिक्त दक्षिण की चारों भाषाएं मलयालम, कन्नड, तामिल और तेलगु भी संस्कृत से ही प्रेरणा ग्रहण करती हैं, यही नहीं उनमें से कुछ तो ६० प्रतिशत शब्द संस्कृत से तत्सम रूप मे ग्रहण करती है। आज भी काश्मीर को कन्या कुमारी एव सुदूर कच्छ को आसाम प्रान्त से और उत्तुङ्ग हिमालय को दक्षिण विन्ध्याचल से जोड़ने, सयुक्त करने वाली सांस्कृतिक शृंखला संस्कृत ही है। दक्षिण के आचार्य शंकर, माध्व और रामानुज ने उत्तरा पथ का विजय इस संस्कृत भाषा के द्वारा ही किया था। आज भी संस्कृत भाषा तीस कोटि भारतीयों के जन्म और जन्म से भी पूर्व गर्भाधान से लेकर मृत्यु और मरणोत्तर संस्कारों द्वारा अपना अच्छेद्य शाश्वत सम्बन्ध प्रकट कर रही है। भाषा-विज्ञान शास्त्रियों के अनुसार संसार के विशाल भूभाग पर वर्त्तमान आर्य भाषाओं का समवाय सम्बन्ध संस्कृत से ही जुड़ता है।

संस्कृत का वर्तमान स्वरूप कितना प्राचीन है, इस विषय की गहनता को एक ओर रखते हुए यह तथ्य विशेष रूप से ग्रहण

कर लेना चाहिए कि संस्कृत सुदूर भूत में ही मण्डन मिश्र के घर की 'कीराङ्गना यत्र गिरं गिरन्ति' वाली लोक भाषा नहीं रही है अपितु आज भी उसका जीवित प्रभाव हमारे दैनिक व्यवहार और मानस पट पर अङ्कित विभिन्न रेखाचित्रों से ज्ञात होता है। प्रान्तीय भाषाओं के साहित्य में से यदि संस्कृत की पृष्ठ भूमि निकल जाय तो उनकी काव्य निर्झरिणी का रव सुनना तो दूर, उनकी सत्ता भी दृष्टि से ओझल हो जाय। भारत के भू भागों की बात छोड़िये अपितु सुदूर दक्षिण पूर्वी एशिया के श्री लंका, ब्रह्मा, स्याम, कम्बोडिया, जावा, सुमात्रा, इन्डोनेशिया तथा चीन-जापान जैसे अन्य देश भी अपनी संस्कृतियों का पोषण अतीत और वर्तमान में भाषाजननी संस्कृत से करते रहे हैं। तथ्य की दृष्टि से संस्कृत आज भी एक अन्तर्राष्ट्रीय भाषा है।

पारसियों की धर्म पुस्तक अवस्ता की भाषा तो संस्कृत से मिलती जुलती है, परन्तु मुसलमानों की धार्मिक आपत्ति का मिथ्या आवरण दिखाकर संस्कृत को जो शासकीय प्रश्रय नहीं मिल रहा वह सर्वथा भ्रमपूर्ण है। विभिन्न प्रान्तों के मुसलमान आज भी प्रान्तीय भाषाओं में बहुलता से व्यवहार किये जाने वाले संस्कृत के तत्सम और तद्भव शब्दों को भली प्रकार ग्रहण और व्यवहार करते हैं। सेना के लिये 'वाहिनी' शब्द पूर्वी पाकिस्तान के मुसलमानों में प्रयुक्त होता है। शत प्रतिशत मुसलमानों के राजनीतिक समुदाय का 'कृषक प्रजादल' नाम संस्कृत के ज्वलन्त प्रभाव को दर्शा रहा है। इस सम्बन्ध से आज के प्रसिद्ध बंगला कवि नजीरुल इस्लाम और हिन्दी के प्राचीन कवि रहीम की संस्कृतिमयी पद्य रचना से शतश उदाहरण दिये जा सकते हैं। मुसलमान शासकों में सबसे अधिक धर्मान्ध मुहम्मद

गोरी के सिक्के पर नागरी मे खुदा हुआ 'अव्यक्तमेक मुहम्मद अवतार नृपति महमूद' तथा दूसरी ओर खुदा हुआ 'अयं टक महमूदपुर (लाहौर) घटिने हिजरियेन सम्वति ४१८' वाक्यांश संस्कृत के व्यापक और सम्प्रदाय पक्षपात विहीन चरित्र की ओर निर्देश करता है।

विचारकों का ध्यान भारत द्वारा राजनीतिक स्वतन्त्रता पाने के पश्चात् अब उसका सांस्कृतिक अभ्युत्थान करने की ओर लगा है। संस्कृत का अध्ययन उसकी पहली सीढी है। लेखक ने प्रस्तुत उद्देश्य की सिद्धि के लिये ही इस पुस्तक की रचना की है। संस्कृत को लोक भाषा बनाने के लिये और इतना ही नहीं अपितु आदर्श हिन्दी के ज्ञान के लिये भी संस्कृत अध्ययन करने की विधि को सरल और सुगम बनाना नितान्त बोधनीय है। धार्मिक दृष्टि से तो वह अत्यन्त ग्रहणीय है ही। आचार्यवर पाणिनि परिबद्ध करके संस्कृत को जिस प्रणालिका मार्ग से ले गये हैं, उसको आज के कोमलमति छात्रों और संस्कृताध्ययन के अभिलाषियों के लिये सुकरातिसुकर बनाना अत्यन्त उपयोगी है। विश्व में अंग्रेजी के प्रसार के लिये जिस 'बेसिक इंगलिश' का निर्माण शिक्षा शास्त्रियों ने किया, संस्कृत के धारावाही विस्तार के लिये कुछ २ वैसा ही प्रयत्न वटे आधार पर किया जाना आवश्यक है। प्रस्तुत पुस्तक में लेखक ने इस ओर जो प्रयत्न किया है उसके लिये वे बधाई के पात्र हैं।

शिरोमणि औषधालय
नई सड़क, दिल्ली

ब्रह्मदत्त स्नातक
एम ए शास्त्री, आयुर्वेद शिरोमणि

श्री

पाठ १

वर्णमाला

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ [+अं अः]

कवर्ग	क ख ग घ ङ।	चवर्ग	च छ ज झ ञ।
टवर्ग	ट ठ ड ढ ण।	तवर्ग	त थ द ध न।
पवर्ग	प फ ब भ म।	अन्तस्थ	य र ल व।
ऊष्म	श ष स ह।	१ क्ष त्र ज्ञ।	

वर्णमाला दो भागों में बाटी जाती है। (१) स्वर (२) व्यञ्जन संस्कृत में स्वरों को अच् और व्यञ्जनों को हल् भी कहते हैं।

स्वर—उन वर्णों को कहते हैं जिनका उच्चारण स्वतन्त्रता से होता है अर्थात् जिनके उच्चारण के लिए किसी की सहायता नहीं लेनी पड़ती और जो व्यञ्जनों के उच्चारण में सहायक होते हैं।

संस्कृत वर्णमाला मे निम्नलिखित १४ स्वर हैं —

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ।

स्वरों के भी दो भेद हैं। (१) ह्रस्व स्वर (२) दीर्घ स्वर।

( ) अनुस्वार और ( ) विसर्जनीय व्यञ्जन हैं। (१) क्+ष्=क्ष, त्+र्=त्र, ज्+ञ्=ज्ञ ये सयुक्त व्यञ्जन हैं।

ह्रस्व	दीर्घ
अ	आ
इ	ई
उ	ऊ
ऋ	ॠ
ऌ	ॡ
	ए
	ऐ
	ओ
	औ

दीर्घ स्वर के आगे (३) का अङ्क लिख देने से प्लुत स्वर बनते हैं, इनका प्रयोग गाने, रोने तथा बुलाने आदि में होता है।

व्यञ्जनों में उच्चारण की सुगमता के लिए 'अ' मिला दिया गया है। जब व्यञ्जनों में कोई स्वर नहीं मिला रहता तब उनका अस्पष्ट उच्चारण दिखाने के लिए उनके नीचे एक तिरछी रेखा (्) लगा देते हैं जिसे हल् कहते हैं, जैसे —क् च् द्।

पाठ २

लिपि

लिखित भाषा में मूल ध्वनियों के लिए जो चिन्ह मान लिए गए हैं वे ही वर्ण कहलाते हैं। ये वर्ण जिस रूप में लिखे जाते

हैं, उसे लिपि कहते हैं। सस्कृत भाषा देवनागरी लिपि मे लिखी जाती है।

व्यञ्जनों के विविधि उच्चारण लिखने के लिए उनके साथ स्वर जोडे जाते हैं। व्यञ्जनों के साथ मिलने से स्वरों का जो बदला हुआ रूप होता है उसे मात्रा कहते हैं प्रत्येक स्वर की मात्रा नीचे लिखी जाती है —

आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ

ा ि ी ु ू े ै ो ौ

अ की कोई मात्रा नहीं होती है। जब वह व्यञ्जन में मिलता है, तब व्यञ्जन के नीचे का चिन्ह [्] नहीं लिखा जाता है; जैसे — क्+अ=क।

आ, ई, ओ और औ की मात्रायें व्यञ्जन के आगे लगाई जाती हैं। 'इ' की मात्रा व्यञ्जन के पूर्व, ए और की मात्रायें ऊपर और उ, ऊ, ऋ, ॠ की मात्रायें नीचे लगाई जाती हैं।

अनुस्वार [ं] स्वर के ऊपर और [ः] विसर्ग स्वर के पीछे आते हैं।

— ० —

द्वादशान्तरी

क्	क्	क्	क्	क्	क्	क्	क्	क्	क्	क्	क्
अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ए	ऐ	ओ	औ	अं	अः
ा	ा	ि	ी	ु	ू	ृ	ॄ	े	ै		
[illegible]	का	कि	की	कु	कू	के	कै	को	कौ	कं	कः

उ और ऊ मात्राएं जब र में मिलती हैं तब उनका आकार इस प्रकार होता है, जैसे ग्रमशः रु, रू। र के साथ ऋ की मात्रा का संयोग व्यञ्जनों के समान ही होता है जैसे र+ऋ=ऋ

नीचे लिखे वर्णों के दो-दो रूप पाए जाते हैं—अ और अ, झ और झ, ण, और ण, क्ष और क्ष, व और व, ज्ञ और ज्ञ,

जब दो या अधिक व्यञ्जनों के बीच स्वर नहीं रहते तब उनको सयुक्त व्यजन कहते हैं जैसे—क्य, व्न, म्न, आदि

जब किसी व्यजन का संयोग उसी व्यजन के साथ होता है, तब वह सयोग द्वित्व कहलाता है जैसे—न्न, ल्ल, त्त आदि।

जिस क्रम से सयुक्त व्यजनों का उच्चारण होता है, उसी क्रम से वे लिखे भी जाते हैं, जैसे —सन्त, ब्रह्म, सत्कार, अशक्त

व्यजन दो प्रकार से लिखे जाते हैं—(१) खडी पाई समेत (२) बिना खडी पाई के। ङ, छ, ट, ठ, ड, ढ, द, र, ह, को छोड़ कर शेष व्यंजन खडी पाई समेत लिखे जाते है। सब वर्णों के सिर पर एक आडी रेखा (—) रहती है, किन्तु ध, भ, और भ मे थोडी सी तोड दी जाती है जैसे —ध, भ, भ।

पाई वाले पूर्व लिखित व्यंजनों की पाई सयुक्त होने पर गिर जाती है, जैसे—प+ल=प्ल, त्+य=त्य, त्+स+य=त्स्य

ङ, छ, ट, ठ, ड, ढ, द, र, ह, ये नौ व्यजन सयोग के आदि मे होने पर पूरे लिखे जाते हैं और उनके अन्त का सयुक्त व्यंजन पूर्व के व्यजन के नीचे बिना सिरे के लिखा जाता है जैसे — अङ्क ब्रह्म, अद्रि आदि।

कई सयुक्त व्यंजन दो प्रकार से लिखे जाते हैं, जैसे —क्+क=क्क, क्क। ल्+ल्=ल्ल, ल्ल। क्+ल=क्ल, क्ल। श्+व=श्व, श्व।

यदि 'र' के पीछे कोई व्यजन हो तो 'र' उस व्यजन के ऊपर (◌) यह रूप धारण कर लेता है जिसे रेफ् कहते है जैसे —कर्ण

मर्म, व्यर्थ। और यदि 'र' किसी व्यञ्जन के पीछे आता है तो
के दो रूप होते है —(१) खड़ी पाई वाले व्यजनों के नीचे
इस रूप (⁄) से लिखा जाता है, जैसे ब्रण, ब्रह्म, (२) दूसरो
साथ उसका रूप (⁀) ऐसा होता है —जैसे महाराष्ट्र, दृष्ट्र, अ

क् और त् मिलकर क्त और त् और त मिलकर त्त ऐ
आकार बनता है।

—०—

पाठ ३

वर्णों का उच्चारण और वर्गीकरण

मुख के भीतर के जिस भाग से जिस वर्ण का उच्चारण हो
है उसे उस वर्ण का स्थान कहते है।

स्थानभेद के कारण वर्ण निम्नलिखित वर्गों में विभक्त हो
है। वर्ग का नाम वर्ण के उच्चारण स्थान के नाम पर ही र
गया है।

कण्ठ्य—अ आ, क, ख ग, घ, ङ, ह और विसर्ग [ ] इन
कण्ठ स्थान है। अर्थात् इनका उच्चारण कंठ से होता है।

तालव्य—इ, ई, च, छ, ज, झ, ञ य, श, इनका त
स्थान है।

मूर्द्धन्य—ऋ, ॠ, ट, ठ ड, ढ, ण, र और ष इनका मू
स्थान है।

दंत्य—ऌ, त, थ, द, ध, न, ल, और स इनका द
स्थान है।

ओष्ठ्य—उ, ऊ, प, फ, ब, भ, म इनका ओष्ठ स्थान है

अनुनासिक—ङ, ञ, ण , न, म इनका उच्चारण उपरोक्त इनके अपने ७ स्थान और नासिका से किया जाता है।

कण्ठतालव्य—ए और ऐ इनका कण्ठ और तालु स्थान है।

कण्ठौष्ठ्य—ओ और औ इनका कण्ठ और ओष्ठ स्थान है।

दन्तौष्ठ्य—व का दन्तोष्ठ स्थान है।

नासिका—अनुस्वार (ं) का नासिका स्थान है।

प्रयत्न

वर्णों के उच्चारण के लिए जो विशेष प्रकार से वागिन्द्रिय द्वारा यत्न किया जाता है उसे प्रयत्न कहते है। प्रयत्न दो प्रकार का होता है [१] आभ्यन्तर [२] बाह्य। ध्वनि उत्पन्न होने से पूर्व वागिन्द्रिय को क्रिया को आभ्यन्तर प्रयत्न कहते है और ध्वनि के अन्त की वागिन्द्रिय की क्रिया को बाह्य प्रयत्न कहते है।

आभ्यन्तर प्रयत्न के चार भेद हैं:—

स्पृष्ट—वागिन्द्रिय जिन अक्षरों के लिए कण्ठादि स्थानों का पूरा स्पर्श करती है उनका स्पृष्ट प्रयत्न होता है।

ईषत्स्पृष्ट—जिन अक्षरों के लिए वागिन्द्रिय को कण्ठादि स्थानों का किञ्चित् स्पर्श करना पडता है उन्हें ईषत्स्पृष्ट कहते है।

विवृत—इनके उच्चारण मे वागिन्द्रिय खुली रहती है। स्वरों का विवृत प्रयत्न है।

संवृत—ह्रस्व वर्णों का संवृत प्रयत्न होता है।

बाह्य प्रयत्न के ग्यारह भेद है। इनके दो मुख्य भेद है — अघोष और घोष।

[१] अघोष वर्णों के उच्चारण में केवल श्वास का उपयोग

होता है। उनके उच्चारण में घोष अर्थात् नाद नहीं होता।

[२] घोष वर्णों के उच्चारण में केवल नाद का उपयोग होता है।

वर्णों के पहले दूसरे वर्ण—[क, ख, च, छ, ट, ठ, त, थ, प फ और श, ष, स,] ये अघोष तथा शेष सारे स्वर और व्यञ्जन घोष वर्ण कहलाते हैं।

बाह्य प्रयत्न के अनुसार व्यंजनों के दो उपभेद और हैं—

[१] अल्पप्राण [२] महाप्राण।

जिन व्यंजनों में हकार की ध्वनि विशेष रूप से सुनाई देती है उन्हें महाप्राण और शेष व्यंजनों को अल्पप्राण कहते है।

कवर्गादि पांच वर्गों में प्रत्येक का दूसरा और चौथा अक्षर जैसे ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, थ, ध, फ, भ और ऊष्म अर्थात् श, ष, स, ह ये महाप्राण हैं। शेष व्यञ्जन तथा सारे स्वर अल्पप्राण है।

— ० —



स्थान-प्रयत्न कोष्ठक

प्रयत्न	स्थान								प्रयत्न
आभ्यन्तर	कंठ	तालु	मूर्धा	दन्त	ओष्ठ	दंतौष्ठ	कंठ तालु	कंठौष्ठ	बाह्य
स्पृष्ट	क	च	ट	त	प				अघोष
	ख	छ	ठ	थ	फ				
	ग	ज	ड	द	ब				घोष
	घ	झ	ढ	ध	भ				
	ङ	ञ	ण	न	म				
ईषत्-स्पृष्ट		य	र	ल		व			
ईषत्-विवृत		श	ष	स					अघोष
	ह								
विवृत	अ आ	इ ई	ऋ ॠ	ऌ	उ ऊ		ए ऐ	ओ औ	घोष

स्वर

उत्पत्ति के अनुसार स्वरों के भी दो भेद हैं:—

(१) मूल स्वर (२) सन्धि स्वर

जिन स्वरों की उत्पत्ति किन्हीं दूसरे स्वरों से नहीं हुई है उन्हें मूल स्वर कहते हैं। इन्हें ह्रस्व स्वर भी कहते हैं। ये चार हैं —अ, इ, उ, ऋ।

मूल स्वरों के मेल से बने हुए स्वर सन्धि स्वर कहलाते हैं। आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ।

सन्धि स्वरों के दो उपभेद हैं:—

(१) दीर्घ और (२) सयुक्त।

१—किसी एक मूल स्वर मे उसी मूल स्वर के मिलाने से जो स्वर उत्पन्न होता है उसे दीर्घ स्वर कहते हैं। जैसे —

अ+अ=आ, इ+इ=ई, उ+उ=ऊ, आ, ई, ऊ, ऋ दीर्घ स्वर हैं।

२—भिन्न २ स्वरों के मेल से जो स्वर उत्पन्न होता उसे सयुक्त स्वर कहते हैं, जैसे —अ+इ=ए, अ+उ=ओ, आ+ए =ऐ, आ+ओ=औ।

उच्चारण के काल-मान के अनुसार स्वरों के दो भेद होते हैं

(१) लघु (२) गुरु

उच्चारण के काल मान को मात्रा कहते हैं। जिस स्वर के उच्चारण में एक मात्रा लगती है उसे लघु और जिसके उच्चारण में दो मात्रायें लगती हैं उसे गुरु कहते हैं। चार मूल स्वर लघु और शेष गुरु हैं।

उच्चारण के अनुसार स्वरों के दो भेद और हैं —
(१) स्वर्ण और (२) असवर्ण।

एक स्थान और प्रयत्न से उत्पन्न होने वाले स्वरों को सवर्ण और जिनका स्थान और प्रयत्न एक नहीं होता उन्हें असवर्ण कहते हैं।

पाठ ४

संस्कृत शब्द और उनके अर्थ

प्रथमपुरुष	मध्यमपुरुष	उत्तमपुरुष
स =वह	त्वम्=तू	अहम्=मैं
तौ=वे दोनों	युवाम्=तुम दोनों	आवाम्=हम दोनों
ते=वे सब	यूयम्=तुम सब	वयम्=हम सब

लट लकार वर्तमानकाल प्रथम पुरुष की क्रिया मे निम्न लिखित प्रत्यय धातु के साथ लगते हैं। स्वरादिगण की धातुओं के आगे 'अ' और लगाया जाता है। इसे विकरण कहते हैं।

प्रथम पुरुष

धातु		विकरण		प्रत्यय	
वस्	+	अ	+	ति	= वसति
वस्	+	अ	+	त	= वसत
वस्	+	अ	+	अन्ति	=वसन्ति

प्रथम पुरुष के बहुवचन मे दूसरे अ का पूर्व रूप हो जाता है।

सस्कृत मे कर्ता चाहे किसी भी लिंग का हो, अन्य भाषाओं के समान उसके कारण क्रिया में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता।

संस्कृत मे एकवचन और बहुवचन के अतिरिक्त द्विवचन

यथा अहं पठामि = जैसे मैं पढ़ता हूँ।
तथा एष स पठति = वैसे ही यह पढ़ता है।
त्वमपि पठसि = तू भी पढ़ता है।
वयमेव पठाम = हम सब इस प्रकार पढ़ते हैं।
ते सदा चलन्ति = वे हमेशा चलते हैं।
तौ न चलत = वे दोनों नहीं चलते हैं।
आवां तत्र गच्छाव = हम दोनों वहाँ जाते हैं।
यत्र स वसति = जहाँ वह रहता है।
स सर्वत्र गच्छति = वह सब जगह जाता है।
स न गच्छति = वह नहीं जाता है।
त्व गच्छसि किम् = तू जाता है क्या ?
अहमपि गच्छामि = मैं भी जाता हूँ।
स शनैः शनै चलति = वह धीरे धीरे चलता है।
युवां कथ हसथ = तुम दोनों कैसे हंसते हो ?
यथा स हसति = जैसे वह हंसता है।
आवामधुना नमाव = हम दोनों इस समय झुकते हैं
ते किं वदन्ति = वे सब क्या बोलते हैं ?
स न पतति = वह नहीं गिरता है।
स पुन पठति = वह फिर पढ़ता है।
स एवं पठति = वह इस प्रकार पढ़ता है।

पाठ ६

शब्द ज्ञान

शब्द—	अर्थ	शब्द—	अर्थ
बालक	= बालक	नर	= मनुष्य

गज = हाथी	दास = नौकर
नृप = राजा	खग = पक्षी
सिंह = शेर	काक = कौआ
वृक्ष = पेड	सर्प = साप

वाक्य

बालक पठति = बालक पढता है।
गज चलति = हाथी चलता है।
नर हसति = मनुष्य हसता है।
खग वदति = पक्षी बोलता है।
वृक्ष पतति = वृक्ष गिरता है।
दास नमति = नौकर झुकता है।

निम्न लिखित वाक्यों की संस्कृत बनाओः--

दोनों बालक पढते हैं। एक मनुष्य रहता है। तीन नौकर झुकते हैं। दो शेर चलते हैं। पक्षी बोलते हैं। हाथी गिरता है। वृक्ष झुकता है। वे दोनों चलते हैं। हम सब हँसते हैं। तुम दोनों गिरते हो। वे सब रहते हैं। मैं गिरता हूँ। तू चलता है। वह पढता है।

पाठ ७

सन्धि

दो अक्षरों के मेल से उनमे नियमपूर्वक जो परिवर्तन होता है उसे सन्धि कहते है।

सन्धि तीन प्रकार की होती है (१) स्वर सन्धि (२) हल् संधि (३) विसर्ग सन्धि।

(१) दो स्वरों के पास आने से जो सन्धि होती है उसे स्वर सन्धि कहते हैं। जैसे —भाव+अर्थ =भावार्थ, कृष्ण+अवतार= कृष्णावतार।

(२) जिन दो वर्णों में सन्धि होती है उनमें यदि प्रथम अक्षर व्यञ्जन हो और दूसरा अक्षर स्वर हो या व्यञ्जन, वह व्यञ्जन हल् सन्धि कहलायेगी। जैसे —वाक्+इति=वागिति, तत्+अर्थम्= तदर्थम्।

(३) विसर्ग के साथ स्वर या व्यञ्जन की सन्धि को विसर्ग सन्धि कहते हैं। जैसे—मुनि +अपि=मुनिरपि, निः+धनस्य= निर्धनस्य।

स्वरसन्धि

यदि दो सवर्ण (एक जाति के) स्वर (ह्रस्व या दीर्घ) साथ २ आवें तो दोनों के बदले सवर्ण दीर्घ स्वर होता है।

अ और आ की सन्धि

जैसे—कल्प+अन्त=कल्पान्त, धर्म+अर्थ=धर्मार्थ, कदा+ अपि=कदापि, विद्या+अभ्यास=विद्याभ्यास।

इ और ई की सन्धि

कवि + इन्द्र =कवीन्द्र
महि + इन्द्र = महीन्द्र
जानकी + ईश = जानकीश
पार्वती+ईशः = पार्वतीश

उ और ऊ की सन्धि

भानु + उदयः = भानूदयः

लघु + ऊर्मि = लघूर्मि
वधू + उत्सव = वधूत्सव

यदि अ या आ के आगे इ या ई रहे तो दोनों मिलकर ए, उ व ऊ रहें तो दोनों मिलकर ओ और यदि ऋ हो तो अर् हो जाता है। इस परिवर्तन को गुण भी कहते हैं। जैसे —

देव + इन्द्र = देवेन्द्र
सुर + ईश = सुरेश
महा + इन्द्र = महेन्द्र
रमा + ईश = रमेश
चन्द्र + उदय = चन्द्रोदय
समुद्र + ऊर्मि = समुद्रोर्मि
महा + उत्सव = महोत्सव
सप्त + ऋषि = सप्तर्षि
महा + ऋषि = महर्षि

अ या आ के आगे ए या ऐ हों तो दोनों मिलकर ऐ और ओ व औ रहें तो औ हो जाता है। इस परिवर्तन को वृद्धि कहते हैं। जैसे —

एक + एव = एकैव
सदा + एव = सदैव
मत + ऐक्य = मतैक्य
रोग + औषधम् = रोगौषधम्।
जल + ओघ = जलौघ
महा + ओज = महौज

यदि ह्रस्व या दीर्घ इकार के परे कोई विजातीय स्वर आए तो इ, ई के बदले य् हो जाता है।

यदि उ, ऊ के परे कोई विजातीय स्वर आए तो उ, ऊ के स्थान

पर व् और यदि च् के परे आए तो ऋ के स्थान पर र् परि होता है। जैसे —

यदि + अपि = यद्यपि
इति + आदि = इत्यादि
प्रति + उपकार = प्रत्युपकार
प्रति + एक = प्रत्येक
सखी + उचित = सख्युचित
देवी + ऐश्वर्य = देव्यैश्वर्य
मनु + अन्तर = मन्वन्तर
सु + आगतम् = स्वागतम्
अनु + एषण = अन्वेषण
पितृ + अनुमति = पित्रनुमति
मातृ + आनन्द = मात्रानन्द

ए के आगे यदि कोई स्वर हो तो दोनों के स्थान पर अय्, ऐ के आगे यदि कोई स्वर हो तो उन दोनों के स्थान पर आय् और यदि ओ के आगे कोई विजातीय स्वर हो तो उन दोनों के स्थान पर अव् और औ के आगे विजातीय स्वर हो तो आव् होता है। जैसे —

हरे + ए = हरये
ने + अन = नयन
नै + अक = नायक
गै + अक = गायक
भो + अनम् = भवनम्
गो + ईश = गवीश
पौ + अक = पावक
नौ + अक = नावक

१६ ए और ओ से परे यदि अ हो तो उसका लोप हो जाता है और उसके स्थान पर लुप्त अकार का चिन्ह (ऽ) हो जाता है। स विकार को पूर्वरूप भी कहते हैं। जैसे —

ते + अपि = तेऽपि
ते + अत्र = तेऽत्र
यो + असि = योऽसि
साधो + अत्र = साधोऽत्र

सन्धिच्छेद करो

रामावतार	पदार्थ	दूरादागत
तच्छास्त्रम्	तन्मित्रम्	विधुरपि
निर्धनाय	दैत्यारि	शशाङ्क
शिवालय	दयानन्द	प्रत्येकम्
मुनीन्द्र	कवीच्छा	लक्ष्मीश
निधूदय	प्रभूक्ति	सिन्धूर्मि
धनेन्द्र	गणेश	रमेश
सूर्योदय	गङ्गोदकम्	महोपदेश
हिमर्तु	देवर्षि	अद्यैव
तवैश्वर्यम्	तथतत्	महौषधि
तवौदार्यम्	सुखार्त	नद्यम्बु

म् के आगे अन्तस्थ या ऊष्म वर्ण हो तो म् अनुस्वार बदल जाता है जैसे —

किम् + वा = किंवा
सम् + हार = संहार
सम् + योग = संयोग
सम् + वाद = संवाद

ऋ र् या ष् के आगे नकार हो औ इनके बीच चाहे कोई क कवर्ग, पवर्ग, अनुस्वार, य, र्, ह् आवे तो न् को ण् हो जाता है

भर + अन = भरण
भू + पन = भूषण
प्र + मान = प्रमाण

यदि किसी शब्द के आदि स के पूर्व अ आ के अतिरि अन्य कोई स्वर आवे तो स के स्थान में ष हो जाता है। जैसे

वि + सम = विषम
सु + सुप्ति = सुषुप्ति

पाठ ८

विसर्ग सन्धि

यदि विसर्ग के आगे च या छ हो तो विसर्ग को श् हो जा है। जैसे —नि + चल = निश्चल
नि + छल = निश्छल

यदि विसर्गों से परे ट या ठ हो तो विसर्ग को ष् हो जाता है। जैसे

धनु + टकार = धनुष्टकार

और यदि विसर्ग से परे त या थ हो तो विसर्ग को स हो जाता है। जैसे —

मन + ताप = मनस्ताप

सन्धिच्छेद करो

तच्चक्षुर्लोकेन, पाञ्चजन्यम्। उद्धत।
पुनश्च। भवदागमनम्। तन्नीरम्।
यागिम। जगन्नाथ। पण्मुख।
बृहल्लाभ। गन्तव्यम्। धर्मादभ्रष्ट
तदुपरयानम्। छे तुम्। पुनरपि
सम्यगुक्तम्। लघुच्छत्रम्।
भ्रातरागच्छ। भवद्गणम्।
भवन्मनम्। धिग्लुब्धम्।
शत्रुञ्जय। महाण्डामर।
रामश्चिनोति

विसर्ग के आगे श् ष् या स् हो तो विसर्ग को भी श् ष् स् होगा या विसर्ग यथा पूर्व ही रहेंगे। जैसे —

क + शेते + कश्शेते, क.शेते।
पुत्र + सेवते = पुत्रस्सेवते, पुत्र सेवते।
दु + शासन = दुश्शासन, दु शासन।
नि + सन्देह = निस्सन्देह, नि सन्देह।

विसर्ग के आगे यदि क ख या प फ आवे तो विसर्ग की कोई सन्धि नहीं होती। जैसे —

पय + पानम् = पय पानम्

यदि विसर्ग के पूर्व इ या उ हो तो क ख या प फ परे

होने पर विसर्ग के स्थान पर प् होता है। जैसे —

नि + कपट = निष्कपट
दु + कर्म = दुष्कर्म
नि + फल = निष्फल
दु + प्रकृति = दुष्प्रकृति

यदि विसर्ग से पूर्व अ हो और परे घोष व्यञ्जन हो अकार और विसर्ग (अ) के बदले ओ हो जाता है। जैसे

अध + गति = अधोगति
क + गत = कोगत
मन + योग = मनोयोग
तेज + राशि = तेजोराशि
वय + वृद्ध = वयोवृद्ध
बाल + ददाति = बालो ददाति

यदि विसर्ग से पूर्व अकार (अ आ) के अतिरिक्त ह्रस्व या दीर्घ हो और आगे घोष वर्ण हो तो विसर्ग के स्थान र हो जाता है। जैसे —

निः + आशा = निराशा
दु + उपयोग + दुरुपयोग
निः + गुण = निर्गुणः
बहिः + मुख = बहिर्मुख

यदि विसर्ग के आगे र हो तो विसर्ग का लोप हो कर स्वर को दीर्घ हो जाता है।

निः + रोग = नीरोग
मुनि + राज = मुनीराज
निः + रस = नीरस
पुनः + रचना = पुनारचना।

अन्त्य र् के स्थान पर भी विसर्ग होता है। यदि र् से परे अघोष वर्ण आवे तो विसर्ग पूर्ववत् ही रहते हैं। घोष वर्ण परे होने पर र् यथापूर्व रहता है, जैसे —

प्रातर् + काल = प्रात काल
अन्तर + करण = अन्त करण
अन्तर् + पुर = अन्त पुर
पुनर् + उक्ति = पुनरुक्ति
पुनर् + जन्म = पुनर्जन्म

पाठ ६

सन्धिच्छेद करो

अश्वारोहणम्, कपीन्द्र ।
लघूत्सव । सत्येन्द्र । सूर्योदय ।
तदैव । वनौषधम् ।
सत्यपि । मञ्जरि । मात्रे ।
हरये । विष्णवे । तावागतौ ।
सोऽपि । कोऽपि । शत्रवोऽपि
यञ्चकार । तन्मात्रम् । एतदर्थम् ।
चिदानन्द । तच्चित्रम् ।
मद्रूपम । सद्व । रामेण ।
कञ्चित् । निष्फलम् । मनोविनोदाय । एतन्नेव ।

सन्धि करो

अत्र + आगत्य । ज्ञान + अमृतेन ।
एष + एव । भूमि + अलङ्क्रियते ।
जित + इन्द्रिय । रुधिर + आप्लुतम् ।
तत + अनुचराणि । वायो + अस्त्रेण ।
तप + वनम् । त्वमपि + असामि ।
षट् + दिनानि । स + एष । गत + असि ।
भारद्वाज + स्नान । सत् + चकार
तत् + उत्तरम । कीन्श + राम ।
इति + अपृच्छत् । उदरात् + जातम् ।
रामलक्ष्मणया + वनगमनम् ।
शत्रून + च । भ्रातु + दर्शनाय ।
क् + चित । चन्द्रात् + अपेयात् ।

पाठ १०

शब्द प्रकरण

संस्कृत में शब्दों के तीन लिंग होते हैं। (१) पुल्लिंग (२) स्त्रीलिंग (३) नपुंसक लिंग। अन्य भाषाओं की भांति संस्कृत में शब्द के व्यवहार के आधार पर लिंगों का प्रयोग नहीं होता किन्तु यह प्रयोग शब्दों की अपनी रचना पर ही प्राचीन काल से चला आ रहा है, जैसे —

हिन्दी शब्द	लिंग	संस्कृत शब्द	लिंग
आग	स्त्रीलिंग	अग्नि	पुल्लिंग
देवता	पुल्लिंग	देवता	स्त्रीलिंग

प्राय पुरुष वाचक शब्द पुल्लिंग और स्त्री वाचक स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे —बालक, व्याघ्र, देव, हरि आदि पुल्लिंग हैं और स्त्री, नारी, देवी आदि स्त्रीलिंग।

जिन वस्तुओं में पुरुष तथा स्त्रियों का भेद नहीं है उनमे कई पुल्लिंग, कई स्त्रीलिंग और कई नपु सकलिंग होते हैं जैसे — वृक्ष, समुद्र आदि पुल्लिंग, नदी, मती आदि स्त्रीलिंग तथा फल, वन आदि नपु सक लिंग।

सस्कृत शब्दों के लिंग निर्धारण करने का कोई विशेष नियम नहीं है।

इस बात का ध्यान रहे कि प्राय विशेषण और सर्वनाम शब्द स्त्रिलिंग होते हैं। क्योंकि जो लिंग विशेष्य का होता है वही उसके विशेषण का और जो लिंग सज्ञा का होता है वही उसके सर्वनाम का। स पुरुष, सा नारी, तद् वनम्। रम्य ग्राम, रम्यं गृहम्, रम्या नगरी आदि।

शब्द दो प्रकार के होते हैं। नाम और आख्यात।

(१) नाम के साथ प्रत्यय जोडने से जो शब्द बनता है उसे नामज कहते हैं। जैसे —बालक नाम है और बालक नामज।

(२) आख्यात (धातु) के साथ प्रत्यय लगने पर जो रूप बनेगा वह आख्यातज क्रिया होती है। जैसे —चल धातु, और चलित आख्यातज है।

सन्धि करो

अत्र + आगत्य । ज्ञान + अमृतेन ।
एष + एव । भूमि + अलङ्क्रियते ।
चित + इन्द्रिय । रुधिर + ओघम् ।
तत् + अनुचराणि । वायो + अग्नेय ।
तप + धनम् । त्वमपि + अस्मासु ।
पट + दिनानि । स + एष । गत + असि ।
भारद्वाज + तान । सत् + चकार
तत् + उत्तरम । कीदृश + राम ।
इति + अभ्रुवन्त् । उदरात् + जातम् ।
रामलक्ष्मणयो + धनगमनम् ।
शत्रुघ्न + च । भ्रातु + दर्शनाय ।
कत् + चित । चन्द्रात् + अपेयात् ।

पाठ १०

शब्द प्रकरण

संस्कृत में शब्दों के तीन लिंग होते हैं। (१) पुल्लिंग (२) स्त्रीलिंग (३) नपुंसक लिंग। अन्य भाषाओं की भांति संस्कृत में शब्द के व्यवहार के आधार पर लिंगों का प्रयोग नहीं होता किन्तु यह प्रयोग शब्दों की अपनी रचना पर ही प्राचीन काल से चला आ रहा है, जैसे —

हिन्दी शब्द	लिंग	संस्कृत शब्द	लिंग
आग	स्त्रीलिंग	अग्नि	पुल्लिंग
देवता	पुल्लिंग	देवता	स्त्रीलिंग

प्राय पुरुष वाचक शब्द पुल्लिंग और स्त्री याचक स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे —बालक, व्याघ्र, देव, हरि आदि पुल्लिंग हैं और स्त्री, नारी, देवी आदि स्त्रीलिंग।

जिन वस्तुओं में पुरुष तथा स्त्रियों का भेद नहीं है उनमे कई पुल्लिंग, कई स्त्रीलिंग और कई नपु सकलिंग होते हैं जैसे — वृक्ष, समुद्र आदि पुल्लिंग, नदी, मती आदि स्त्रीलिंग तथा फल, वन आदि नपु सक लिंग।

सस्कृत शब्दों के लिंग निर्धारण करने का कोई विशेष नियम नहीं है।

इस बात का ध्यान रहे कि प्राय विशेषण और सर्वनाम शब्द स्त्रिलिंग होते हैं। क्योंकि जो लिंग विशेष्य का होता है वही उसके विशेषण का और जो लिंग सज्ञा का होता है वही उसके सर्वनाम का। स पुरुष, सा नारी, तद् वनम्। रम्य ग्राम, रम्यं गृहम्, रम्या नगरी आदि।

शब्द दो प्रकार के होते हैं। नाम और आख्यात।

(१) नाम के साथ प्रत्यय जोडने से जो शब्द बनता है उसे नामज कहते हैं। जैसे —बालक नाम है और बालक नामज।

(२) आख्यात (धातु) के साथ प्रत्यय लगने पर जो रूप बनेगा वह आख्यातज क्रिया होती है। जैसे —चल धातु, और चलित आख्यातज है।

सन्धि करो

अत्र + आगत्य । ज्ञान + अमृतेन ।
एष + एव । भूमि + अलङ्क्रियते ।
जित + इन्द्रिय । रुधिर + आप्लुतम् ।
तत् + अनुचराणि । वायो + अग्नेय ।
तप + धनम् । त्वमपि + अस्मासि ।
षट् + दिनानि । म + एष । गत + असि ।
भारद्वाज + तान । सत् + चकार
तत् + उत्तरम । कीदृश + राम ।
इति + अब्रवीत् । उदरात् + जातम् ।
रामलक्ष्मणयो + धनगमनम् ।
शत्रुघ्न + च । भ्रातु + दर्शनाय ।
चित् + चित । चन्द्रात् + अपेयात् ।

पाठ १०

शब्द प्रकरण

संस्कृत में शब्दों के तीन लिंग होते हैं। (१) पुल्लिंग (२) स्त्रीलिंग (३) नपुंसक लिंग। अन्य भाषाओं की भाँति संस्कृत में शब्द के व्यवहार के आधार पर लिंगों का प्रयोग नहीं होता किन्तु यह प्रयोग शब्दों की अपनी रचना पर ही प्राचीन काल से चला आ रहा है, जैसे:—

हिन्दी शब्द	लिंग	संस्कृत शब्द	लिंग
आग	स्त्रीलिंग	अग्नि	पुल्लिंग
देवता	पुल्लिंग	देवता	स्त्रीलिंग

प्राय पुरुष वाचक शब्द पुल्लिंग और स्त्री वाचक स्त्रीलिंग होते हैं। जैसे —बालक, व्याघ्र, देव, हरि आदि पुल्लिंग हैं और स्त्री, नारी, देवी आदि स्त्रीलिंग।

जिन वस्तुओं में पुरुष तथा स्त्रियों का भेद नहीं है उनमे कई पुल्लिंग, कई स्त्रीलिंग और कई नपु सकलिंग होते हैं जैसे — वृक्ष, समुद्र आदि पुल्लिंग, नदी, मती आदि स्त्रीलिंग तथा फल, वन आदि नपु सक लिंग।

सस्कृत शब्दों के लिंग निर्धारण करने का कोई विशेष नियम नहीं है।

इस बात का ध्यान रहे कि प्राय विशेषण और सर्वनाम शब्द स्त्रिलिंग होते हैं। क्योंकि जो लिंग विशेष्य का होता है वही उसके विशेषण का और जो लिंग सज्ञा का होता है वही उसके सर्वनाम का। स पुरुष, सा नारी, तद् वनम्। रम्य ग्राम, रम्यं गृहम्, रम्या नगरी आदि।

शब्द दो प्रकार के होते हैं। नाम और आख्यात।

(१) नाम के साथ प्रत्यय जोडने से जो शब्द बनता है उसे नामज कहते हैं। जैसे —बालक नाम है और बालक नामज।

(२) आख्यात (धातु) के साथ प्रत्यय लगने पर जो रूप बनेगा वह आख्यातज क्रिया होती है। जैसे —चल धातु, और चलित आख्यातज है।

वचन विचार—शब्दों के अन्त में जो चिन्ह लगाये जाते हैं उन्हें प्रत्यय कहते हैं। संस्कृत मे तीन वचन होते हैं—एक वचन, द्विवचन तथा बहुवचन। एक के लिए एकवचन का प्रयोग होता है, दो लिए द्विवचन का और इससे अधिक जितने भी हों उनके लिए बहुवचन का प्रयोग होता है।

संस्कृत में सात विभक्तियाँ होती हैं, उनके नाम और प्रत्यय नीचे लिखे जाते हैं —

विभक्ति	एक वचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	अः	औ	आ
द्वितीया	अम्	औ	आन्
तृतीया	एन	आभ्याम्	ै
चतुर्थी	आय	आभ्याम्	भ्य
पंचमी	आत्	्याम्	भ्य
षष्ठी	अस्य	यो	आना
सप्तमी	ए	यो	एषु

ये विभक्तियों के साधारण रूप हैं। भिन्न २ प्रकार के शब्दों के आगे लगने पर इनमें परिवर्तन होकर इनके विभिन्न प्रकार के रूप बन जाते हैं।

शब्दों के भेद—शब्द दो प्रकार के होते हैं (१) अजन्त अर्थात् जिनके अन्त में स्वर अक्षर हो और (२) हलन्त अर्थात् जिनके अन्त में व्यंजन वर्ण हों।

अकारान्त पुल्लिंग बालक शब्द

बालः	बालकः	= लड़का।
	बालकौ	= दो लड़के।
	बालकाः	= सब लड़के।

कर्म
- बालकम् = लडके को।
- बालकौ = दो लडकों को।
- बालकान् = सब लड़कों को।

करण
- बालकेन = लडके ने, लडके से, लडके के द्वारा।
- बालकाभ्याम् = दो लड़कों ने, दो लड़कों से, दो लडकों के द्वारा।
- बालकै = सब लड़कों ने, सब लड़कों से, सब लडकों के द्वारा।

सम्प्रदान
- बालकाय = लड़के के लिए।
- बालकाभ्याम् = दोनों लड़कों के लिए।
- बालकेभ्य = सब लडकों के लिए।

अपादान
- बालकात्, द् = लडके से।
- बालकभ्याम् = दो लडकों से।
- बालकेभ्य = सब लडकों से।

सम्बन्ध
- बालकस्य = लड़के का, लडके के, लड़के की।
- बालकयौ = दोनों लडकों का, दोनों लडकों के, दोनों लडकों की।
- बालकानाम् = सब लडकों का, सब लडकों के, सब लडकों की।

अधिकरण
- बालके = लडके मे, लड़के पर।
- बालकयो = दो लडकों में, दो लडकों पर।
- बालकेषु = सब लडकों मे, सब लड़कों पर

सम्बोधन
- हे बालक ! = ऐ लड़के !
- हे बालकौ ! = ऐ दो लड़को !
- हे बालका ! = ऐ सब लड़को !

पाठको को चाहिए कि वे शब्दों के उच्चारण और विभक्तियों के अर्थ को भली प्रकार याद करलें।

निम्नलिखित शब्दों का उच्चारण भी उपरोक्त बालक शब्द की ही भांति होगा।

शब्द		अर्थ	शब्द		अर्थ
राम	=	राम	अश्व	=	घोड़ा
ग्राम	=	गाव	बक	=	बगुला
मेघ	=	बादल	शुक	=	तोता
कोप	=	रिसाना	नख	=	नाखून
वानर	=	बन्दर	छात्र	=	विद्यार्थी
जनक	=	पिता	भार	=	बोझ
काल	=	समय	पुत्र	=	लड़का
पवन	=	वायु	नृप	=	राजा
ईश्वर	=	परमात्मा	मूर्ख	=	बुद्धिहीन
मृग	=	हरिण	सूर्य	=	सूरज

क्रिया ज्ञान

लिखति = लिखता है।	याचति = चाहता है।
गणयति = गिनता है।	क्षिपति = फेंकता है।
धावति = दौड़ता है।	जिघ्रति = सूंघता है।
गच्छति = जाता है।	पश्यति = देखता है।
वर्षति = बरसता है।	भ्रमति = घूमता है।

थयति = कहता है।	क्रीडति = खेलता है।
ागच्छति = आता है।	नयति = ले जाता है।
खति = लिखता है।	आनयति = लाता है।
ायति = गाता है।	क्रुध्यति = क्रोधित होता है।

निम्नलिखित वाक्यों की संस्कृत बनाओ

राजा नौकर से कहता है। बालक गाव को जाता है। विद्यार्थी गिनता है। बालक पक्षी को पकडता है। वह मनुष्य क्रोध करता है। तू क्यों दौड़ता है? मैं भी जाता हूँ। हाथी धीरे २ चलता है। राजा सब जगह जाता है। मैं वहा नहीं जाता हूं। क्या वह नहीं जाता है? बालक गांव से आता है। शेर चबाता है। मैं नहीं हसता हूँ।

निम्नलिखित संस्कृत वाक्यों की हिन्दी बनाओ

ते बालकान पश्यन्ति। स मेघ पश्यति। जनक पुत्राय आनयति। शुक गायति। वक खादति। तौ मूर्खौ धावत:। वय सर्वे ग्राम गच्छाम। सिंहा वानरान् पश्यन्ति।

—❀—

पाठ ११

कारक प्रकरण

किसी वाक्य में क्रिया से सम्बन्ध रखने वाले पद को कारक कहते हैं। कारक का अर्थ है करने वाला या 'क्रियान्वयि कारकं' क्रिया के पीछे चलने वाला कारक कहलाता है। क्रिया का अर्थ तब तक पूर्णतया नहीं समझा जाता जब तक उसका कारक से स्पष्ट सम्बन्ध अवगत न हो। जैसे ददाति—'देता है' मात्र इस देने से भाव तब तक अस्पष्ट ही रहता है जब तक कि—

को ददाति? कौन देता है? देवदत्त ददाति। देवदत्त देता है

किं ददाति? क्या देता है? धन ददाति। धन देता है।

केन ददाति? किसके द्वारा देता है? हस्तेन ददाति। हाथ द्वारा देता है।

कस्मै ददाति? किसको देता है? याचकाय ददाति। याचक को देता है।

कस्मात् ददाति? कहां से देता है? कोषात् ददाति। खजाने से देता है।

कस्मिन् ददाति? कहां पर देता है? आसने ददाति। सिंहासन पर देता है।

अभिप्राय—यह हुआ कि केवल मात्र 'ददाति' देता है अपूर्ण वाक्य क्रिया है जब तक [illegible] कारकों का सम्बन्ध—

"देवदत्त [illegible] धनं ददाति"

स्पष्टतया [illegible]

नामों के अन्त मे आने वाले शब्दों का परस्पर सम्बन्ध दिखलाने वाले चिन्हों को विभक्तिया कहते हैं। जब वह वाक्य मे प्रयुक्त क्रिया से सम्बन्ध दिखलाते हैं तो कारक विभक्ति कहलाते हैं।

संस्कृत मे वाक्य रचना के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि नामान्त विभक्तियों का और कारकों के युक्तप्रयोग का ठीक २ ज्ञान हो। दूसरी भाषाओं मे कारक का स्थान भी निर्धारित ही होता है, यथा वाक्य में सर्व प्रथम कर्त्ता। परन्तु सस्कृत में कोई विशेष नियम नहीं है। धनं याचकाय ददाति देवदत्त वा देवदत्त याचकाय धन ददाति ये दोनों ही प्रयुक्त होते हैं।

सस्कृत भाषा मे कारक छः माने जाते हैं।

१ कर्त्ता २ कर्म ३. करण ४ सम्प्रदान ५ अपादान ६ अधिकरण

सम्बन्ध और सम्बोधन को कारक नहीं कहा जाता। क्योंकि इनका क्रिया से सम्बन्ध न रह कर वाक्य स्थित अन्य पदों से सम्बन्ध रहता है।

सस्कृत में सब नाम अथवा सर्वनाम शब्दों के अन्त में चिन्ह लग कर जो विकृत रूप बनता है उसको विभक्ति रूप कहते हैं। इन विभक्ति रूपों का भली प्रकार ज्ञान न होने से न तो कारक का प्रयोग हो सकता है और न ही परिणामत वाक्य रचना हो सकती है। अत उनके एक, द्वि और बहुवचन के मूल रूप निम्न तालिका मे हैं।

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	कारक
प्रथमा	स्	औ	अस्	कर्त्ता
द्वितीया	अम्	औ	अस्	कर्म
तृतीया	आ	भ्याम	भिस्	करण

पाठ ११

कारक प्रकरण

किसी वाक्य मे क्रिया से सम्बन्ध रखने वाले पद को कारक कहते हैं। कारक का अर्थ है करने वाला वा 'क्रियान्वयि कारक' क्रिया के पीछे चलने वाला कारक कहलाता है। क्रिया का अर्थ तक तक पूर्णतया नहीं समझा जाता जब तक उसका कारक से स्पष्ट सम्बन्ध अवगत न हो। जैसे ददाति—'देता है' मात्र कह देने से भाव तब तक अस्पष्ट ही रहता है जब तक कि—

को ददाति? कौन देता है? देवदत्त ददाति। देवदत्त देता है।

किं ददाति? क्या देता है? धन ददाति। धन देता है।

केन ददाति? किसके द्वारा देता है? हस्तेन ददाति। हाथ द्वारा देता है।

कस्मै ददाति? किसको देता है? याचकाय ददाति। याचक को देता है।

कस्मात् ददाति? कहा से देता है? कोषात् ददाति। खजाने से देता है।

कस्मिन् ददाति? कहा पर देता है? आपणे ददाति। दुकान पर देता है।

अभिप्राय—यह हुआ कि केवल मात्र 'ददाति' देता है अपूर्ण वाक्य क्रिया है जब तक कि उसके साथ कारकों का सबध—

"देवदत्त धनं, हस्तेन, कोषात्, याचकाय आपणे धन ददाति" स्पष्टतया नहीं दर्शा दिया जाता।

नामों के अन्त मे आने वाले शब्दों का परस्पर सम्बन्ध दिखलाने वाले चिन्हों को विभक्तिया कहते हैं। जब वह वाक्य मे प्रयुक्त क्रिया से सम्बन्ध दिखलाते हैं तो कारक विभक्ति कहलाते हैं।

सस्कृत में वाक्य रचना के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि नामान्त विभक्तियों का और कारकों के युक्त प्रयोग का ठीक २ ज्ञान हो। दूसरी भाषाओं मे कारक का स्थान भी निर्धारित ही होता है, यथा वाक्य में सर्व प्रथम कर्त्ता। परन्तु सस्कृत में कोई विशेष नियम नहीं है। धनं याचकाय ददाति देवदत्त या देवदत्त याचकाय धन ददाति ये दोनों ही प्रयुक्त होते हैं।

संस्कृत भाषा मे कारक छः माने जाते हैं।

१ कर्त्ता २ कर्म ३ करण ४ सम्प्रदान ५ अपादान ६ अधिकरण

सम्बन्ध और सम्बोधन को कारक नहीं कहा जाता। क्योंकि इनका क्रिया से सम्बन्ध न रह कर वाक्य स्थित अन्य पदों से सम्बन्ध रहता है।

सस्कृत में सब नाम अथवा सर्वनाम शब्दों के अन्त में चिन्ह लग कर जो विकृत रूप बनता है उसको विभक्ति रूप कहते हैं। इन विभक्ति रूपों का भली प्रकार ज्ञान न होने से न तो कारक का प्रयोग हो सकता है और न ही परिणामत वाक्य रचना हो सकती है। अत उनके एक, द्वि और बहुवचन के मूल रूप निम्न तालिका मे हैं।

विभक्ति	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	कारक
प्रथमा	स्	औ	अस्	कर्त्ता
द्वितीया	अम्	औ	अस्	कर्म
तृतीया	आ	भ्याम	भिस्	करण

चतुर्थी	ए	भ्याम्	भ्यस्	सम्प्रदान
पञ्चमी	अस्	भ्याम्	भ्यस्	अपादान
षष्ठी	अस्	ओस्	आम्	सम्बन्ध
सप्तमी	इ	ओस्	सु	अधिकरण
[सम्बोधन	स्	औ	अस्	

विदित रहे कि षष्ठी (सम्बन्ध) और सम्बोधन कारक नहीं पर विभक्ति रूप तो हैं इसलिए ज्ञानार्थ सब नामों और सर्वनामों के विभक्ति रूप में यह सम्मिलित रहते हैं।

पाठ १२

कर्त्ता

क्रिया के करने वाले को कर्त्ता कहते हैं। अथवा जिसमें क्रिया का व्यापार रहे वह नाम वा सर्वनाम कर्त्ता कारक कहलाता है। इसको बनाने के लिए प्रथमा विभक्ति का प्रयोग होता है। भाषा में उसके नाम के साथ 'ने' चिन्ह प्रयुक्त होता है। कहीं कुछ भी चिन्ह प्रयुक्त नहीं होता। जैसे —

देवः गच्छति=देव जाता है। 'जाना' क्रिया को करने वाला कौन? देवः। क्रिया 'गच्छति' का कर्त्ता कारक हुआ। इस प्रकार मृगः धावति=मृग दौड़ाता है।

अश्व स्वादति। घोड़ा खाता है।
बालिका क्रीड़ति। बालिका खेलती है।

नरौ वसत । दो मनुष्य रहते हैं।
छात्रा पठन्ति । विद्यार्थी पढते हैं।

इन सब वाक्यों में 'दौडना, खाना, खेलना, रहना, पढना क्रियाओं-को करने वाले नाम मृग, घोडा, बालिका, मनुष्य और विद्यार्थी क्रमश कर्त्ता कारक हैं। दौडना आदि क्रिया के व्यापार असम्पूर्ण हैं जब तक मृग आदि कर्त्ता कारक नहीं हों।

सस्कृत वाक्य रचना में कर्त्ता कारक के लिए वचनानुसार प्रथमा विभक्ति प्रयुक्त होती है। कर्त्ता के ही वचनानुसार क्रिया भी प्रयुक्त हो जाती है।

कुछ उपयोगी शब्द प्रथमा रूप सहित

	एक वचन	द्विवचन	बहुवचन
नृप—राजा	नृप	नृपौ	नृपा
गज—हाथी	गज	गजौ	गजा
खग—पक्षी	खग	खगौ	खगा
मृग —हरिण	मृग	मृगौ	मृगा
मधुकर—भौंरा	मधुकर	मधुकरौ	मधुकरा
चटक—चिड़ा	चटक	चटकौ	चटका
शार्दूल—शेर	शार्दूल	शार्दूलौ	शार्दूला
सर्प—साप	सर्प	सर्पौ	सर्पा
सुर—देवता	सुर	सुरौ	सुरा
काक—कौवा	काक	काकौ	काका

राजा बोलते हैं = भूपा वदन्ति
सर्प भागता है = सर्प धावति
शेर खाता है = शार्दूल खादति
दो देवता पढते हैं = सुरौ पठत.

पाठ १३

कर्म

जिसमें कर्त्ता द्वारा की गई क्रिया का फल होता है या जो कर्त्ता द्वारा की गई क्रिया का विषय होता है, वह कर्म कारक कहलाता है। यथा—

नृप मृगं पश्यति। राजा मृग को देखता है।

राम पुस्तकं पठति। राम पुस्तक पढता है।

चटक कीट खादति। चिडा कीडा खाता है।

इनमे देखने, पढने वा खाने का फल क्रमश मृग, पुस्तक और कीट मे है। अत मृग, पुस्तक और कीट क्रमश कर्म कारक हैं।

कर्म कारक के लिये द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है।

द्वितीया विभक्ति रूप सहित शब्द—

भूपम्	भूपौ	भूपान्
सुरम्	सुरौ	सुरान्
गजम्	गजौ	गजान्
खगम्	खगौ	खगान्
मधुकरम्	मधुकरौ	मधुकरान्
सर्पम्	सर्पौ	सर्पान्
काकम्	काकौ	काकान्

प मृगान् पश्यति	= राजा हिरणों को देखता है।
धुकरा पुष्परसं भक्षयन्ति	= भौंरे पुष्प रस (मधु) खाते हैं।
जौ जलम् पिवत	= दो हाथी जल पीते हैं।
ग तृणम् स्वादति	= हिरण घास खाता है।
र्प विवरं सरति	= साप बिल की ओर सरकता है।
ाका भोजनम् हरन्ति	= कौवे भोजन चुराते हैं।
वगा कीटाणि खादन्ति	= पक्षी कीडे खाते हैं।
गार्दूल मृगान् दारयति	= शेर हिरणों को चीरता है।
छात्रा पुस्तकानि पठन्ति	= विद्यार्थी पुस्तकें पढते हैं।
नरा पशून ताडयन्ति	= मनुष्य पशुओं को मारते हैं।
सेवक ओदन पचति	= नौकर चावल पकाता है।
चर्मकार पादुकान् सीव्यति	= चमार जूते सीता है।
कुम्भकार कुम्भान् रचयति	= कुम्हार घडे बनाता है।
अश्वपालक अश्वम् नयति	= अश्वपाल घोडे ले जाता है।
वैद्य रुग्णम् पश्यति	= वैद्य रोगी को देखता है।
राजपुरुषा चौरम् ताडयन्ति	= सिपाही चोर को मारते हैं।
रथवाहक रथ आनयति	= कोचवान तागा चलाता है।
शिक्षक छात्रं शिक्षयति	= अध्यापक विद्यार्थी को पढाता है।

पाठ १४

करण कारक

क्रिया की सिद्धि में जो पद कर्त्ता की सहायता करता अथवा जिसके द्वारा कर्त्ता की कोई क्रिया पूर्ण होती है, वह कर कारक कहलाता है। यथा—

नृपः **दण्डेन** दण्डयति = राजा डण्डे से दण्ड देता है

अश्व **दन्तैः** तृणानि चर्वति = घोडा दांतों से तिनकों चबाता है।

बाल **हस्तेन** लेखनीं धारयति=बालक हाथ से कलम को पकड़ता है

चौर **पादाभ्याम्** धावति = चोर दोनों पावों से भागता है

इसमें दण्ड देने, चबाने, पकडने और भागने की क्रिया क्रमशः दण्ड, दन्त, हस्त और पाद कर्त्ता नृप, अश्व, बाल और चोर की सहायता करते हैं। अत करण कारक हैं।

करण कारक में तृतीया विभक्तियों का प्रयोग होता है।

सम्प्रदान कारक

कर्त्ता जिसके लिए कोई क्रिया करता है वह सम्प्रदान कार कहलाता है। यथा—

सेवक **नृपाय** रथं नयति = सेवक राजा के लिए रथ लाता है

छात्र **अध्यापकाय** पत्र लिखति = विद्यार्थी गुरु के लिए प लिखता है।

जनक सुताय कन्दुक क्रीणति = पिता पुत्र के लिए गेंद खरीदता है।

केशव धर्मदत्ताय पुस्तक पठति = केशव धर्मदत्त के लिए पुस्तक पढ़ता है।

सेवक, विद्यार्थी, पिता और केशव की लाना, लिखना, खरीदना एव पढना क्रिया राजा के लिए, अध्यापक के लिए, पुत्र के लिए एव धर्मदत्त के लिए क्रमश होती है। अत राजा, अध्यापक, पुत्र और धर्मदत्त क्रमश सम्प्रदान कारक हैं।

सम्प्रदान कारक मे चतुर्थी विभक्तियों के रूप प्रयुक्त हैं।

— ० —

पाठ १५

अपादान कारक

जब कोई किसी से पृथक् होता है या वियुक्त होता है तो जिस व्यक्ति या वस्तु विशेष से पृथकता होती है उसको अपादान कारक कहते हैं। यथा—

वृक्षात् आम्रा पतन्ति = वृक्ष से आम गिरते हैं।

कुक्कर तटात् नाव प्रति तरति = कुत्ता तट से नाव की ओर तैरता है।

मयूर प्रासादात् उत्पतति = मोर महल से उडता है।

छात्रा उद्यानात् गृहं गच्छन्ति = विद्यार्थी बाग से घर जाते

वृक्ष से आम, तट से कुत्ता, महल से मोर और बा विद्यार्थी पृथक् होते हैं। अत वृक्ष, तट, प्रासाद और उद्यान अपादान कारक हैं।

अपादान कारक के लिए पञ्चमी विभक्ति के रूप प्र होते हैं।

अधिकरण कारक

कर्त्ता की क्रिया का जो आधार हो अर्थात् जिसमें वा पर कर्त्ता क्रिया करे वह अधिकरण कारक होता है। यथा-

पुष्पाणि उद्याने भवन्ति। फूल बाग में होते हैं।

करे रुप्यक अस्ति। हाथ में रुपया है।

नृप प्रासादे तिष्ठति। राजा महल में ठहरता है।

खग वृक्षे वसति। पक्षी वृक्ष पर रहता है।

होना, ठहरना, और रहना क्रियाओं का आधार मे है वा जहा पर क्रिया का व्यापार होता है वे क्रमश ह हाथ, महल और वृक्ष हैं। अत उद्यान, कर, प्रासाद और अधिकरण कारक हैं।

अधिकरण कारक में पदों के सप्तमी के रूपों का प्र होता है।

पाठ १६

संस्कृत में अंकगणना (गिनती)

अंक	संस्कृत में उच्चारण	हिन्दी में उच्चारण	अंक
१	एक	एक	1
२	द्वौ	दो	2
३	त्रय	तीन	3
४	चत्वार	चार	4
५	पञ्च	पाँच	5
६	षट्	छै	6
७	सप्त	सात	7
८	अष्ट-अष्टौ	आठ	8
९	नव	नौ	9
१०	दश	दस	10
११	एकादश	ग्यारह	11
१२	द्वादश	बारह	12
१३	त्रयोदश	तेरह	13
१४	चतुर्दश	चौदह	14
१५	पंचदश	पन्द्रह	15
१६	षोडस	सोलह	16
१७	सप्तदश	सतरह	17

१८	अष्टादश	अठारह	18
१९	नवदश-एकोनविंशतिः	उन्नीस	19
२०	विंशति	बीस	20
२१	एक विंशति	इक्कीस	21
२२	द्वाविंशति	बाईस	22
२३	त्रयोविंशति	तेईस	23
२४	चतुर्विंशतिः	चौबीस	24
२५	पचविंशति	पच्चीस	25
२६	षड्विंशति	छब्बीस	26
२७	सप्तविंशति	सत्ताईस	27
२८	अष्टाविंशतिः	अट्ठाईस	28
२९	नवविंशति एकोनत्रिंशत्	उनत्तीस	29
३०	त्रिंशत्	तीस	30
३१	एकत्रिंशत्	इकत्तीस	31
३२	द्वात्रिंशत्	बत्तीस	32
३३	त्रयस्त्रिंशत्	तेतीस	33
३४	चतुस्त्रिंशत्	चौंतीस	34
३५	पचत्रिंशत्	पैंतीस	35
३६	षट्त्रिंशत्	छत्तीस	36
३७	सप्तत्रिंशत्	सैंतीस	37
३८	अष्टत्रिंशत्	अठत्तीस	38
३९	एकोनचत्वारिंशत्	उन्तालीस	39
४०	चत्वारिंशत्	चालीस	40
४१	एकचत्वारिंशत्	इकतालीस	41

४२	द्विचत्वारिंशत् द्वाचत्वारिंशत्	बयालीस	42
४३	त्रिचत्वारिंशत् त्रयश्चत्वारिंशत्	तेवालीस	43
४४	चतुश्चत्वारिंशत्	चवालीस	44
४५	पचचत्वारिंशत्	पैंतालीस	45
४६	षट्चत्वारिंशत्	छियालीस	46
४७	सप्तचत्वारिंशत्	सैंतालीस	47
४८	अष्टचत्वारिंशत् अष्टाचत्वारिंशत्	अडतालीस	48
४९	एकोनपचाशत्	उन्चास	49
५०	पञ्चाशत्	पचास	50
५१	एकपचाशत्	इक्यावन	51
५२	द्विपचाशत् द्वापंचाशत्	बावन	52
५३	त्रिपचाशत् त्रय पंचाशत्	तिरेपन	53
५४	चतु'पचाशत्	चौवन	54
५५	पचपचाशत्	पचपन	55
५६	षट्पचाशत्	छप्पन	56
५७	सप्तपचाशत्	सत्तावन	57
५८	अष्टपचाशत् अष्टापचाशत्	अट्ठावन	58
५९	एकोनषष्टि'	उनसठ	59
६०	षष्टि	साठ	60

१००००००	नियुतम्	दस लाख
१०००००००	कोटी	करोड़

संस्कृत में छोटी संख्या बड़ी संख्या से पहले आती है। संख्या को शब्दों मे लिखते समय सौ (शत) से कम संख्या पूर्व आती है। उनके पश्चात् शत (सैंकडे) इसी क्रम से हजार, लाख, करोड आदि। यदि संख्या सौ से अधिक हो दहाई के पश्चात् 'अधिक' या 'उत्तर' शब्द लगा देते हैं। जैसे १०८ = १०० + ८ = अष्टोत्तर शतम्, २२५= २०० + २५ पचविंशत्युत्तर द्विशतम्। ५७५ = ५०० + ७५ = पचशतम्। इत्यादि।

ऊपर लिखे अनुसार ही यदि संख्या सैकड़ों से तो प्रत्येक शत, सहस्र या लक्ष आदि के साथ शब्द लगता जायगा।

क्रम सूचक संख्या पुल्लिंग।

संस्कृत	हिन्दी
प्रथम	पहला
द्वितीय	दूसरा
तृतीय	तीसरा
चतुर्थ	चौथा
पंचम	पाचवा
षष्ठ	छठा
सप्तम	सातवा
अष्टम	आठवा
नवम	नवा
दशम	दसवा

क्रम वाचक सख्या (स्त्रीलिंग)

प्रथमा	पहली
द्वितीया	दूसरी
तृतीया	तीसरी
चतुर्थी	चौथी
पचमी	पाचवीं
षष्ठी	छठी
सप्तमी	सातवीं
अष्टमी	आठवीं
नवमी	नवीं
दशमी	दसवीं

—❀०❀—

पाठ १७

उपसर्ग

धातुओं के पूर्व उपसर्ग जोडे जाते हैं। इन उपसर्गों के योग से एक ही धातु के अनेक अर्थ हो जाते हैं। नीचे उदाहरणार्थ भू धातु के साथ सारे के सारे उपसर्ग लगाकर, उनके लगाने से भू धातु का जो अर्थ होता है वह लिखा जाता है। पाठक इस पर पूरा ध्यान दें और उपसर्गों के योग से निकलने वाले अर्थों को स्मरण रखें। यद्यपि उपसर्गों का स्वतन्त्र प्रयोग नहीं होता तथापि वे जिस २ अर्थ के द्योतक हैं, पहले उपसर्ग और

उनका अर्थ लिखकर आगे भू धातु के योग से उनके अर्थ व जाएंगे।

ये उपसर्ग संख्या में २२ हैं

सं०	उपसर्ग		अर्थ
१	प्र	=	प्रकर्ष, अधिकता
२	परा	=	उत्कर्ष, अपकर्ष, पीछे उलटा
३	अप	=	अपकर्ष, विकार, निर्देश, बुरा, हीन, विरु
४	सम्	=	ऐक्य, साथ, उत्तमता, पूर्ण, सं
५	अनु	=	पश्चात्, तुल्य, क्रम
६	अव	=	निन्दा, अभाव, हीन
७	निस्	=	निषेध, निश्चय
८	निर्	=	निषेध, निश्चय
९	दुस्	=	बुरा, कठिन, दुष्ट
१०	दुर	=	
११	वि	=	विशेष, भिन्न, अभाव
१२	आङ्	=	तक, समेत
१३	अधि	=	ऊपर, ऐश्वर्य
१४	अपि	=	सम्भावना, शंका, निन्दा
१५	अति	=	अधिक, उत्पार
१६	सु	=	अच्छा, सहज, अधिक
१७	उत्	=	ऊपर, ऊँचा, श्रेष्ठ
१८	अभि	=	ओर, पास, सामने
१९	प्रति	=	विरुद्ध, सामने, एक
मनस्विन् (दिलेर) पु लिंग मे प्रथमा-मनस्वी मनस्विनौ मनस्विन

शेष रूप धनिन्वत् होंगे।

स्त्रीलिंग मे मनस्विनी होकर नदी वत्।

नपुसक लिंग में प्र० द्वि० स० मे मनस्वि मनस्विनी मनस्वीनि।

शेष धनिन् वत्

धनिन् के अनुरूप शब्द

भाविन=होने वाला। अर्थिन=याचक। पापिन्=पापी। पक्षिन्=पक्षी। दण्डिन्=सन्यासी। करिन्=हाथी। ग्रामिन्=ग्रामीण रोगिन्=रोगी। विद्यार्थिन्=विद्यार्थी। गुणिन्=गुणवान्। शूलिन्=महादेव। वाग्मिन्=वक्ता। वाजिन्=घोडा। शशिन्=चन्द्रमा। मन्त्रिन्=वजीर। हस्तिन्=हाथी। वैरिन्=शत्रु। स्वामिन्=मालिक।

मनस्विन् के अनुरूप शब्द

तपस्विन्=योगी। तेजस्विन्=तेज वाला।

राजन् (राजा) पुंलिंग

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथमा	राजा	राजानौ	राजान
द्वितीया	राजानम्	राजानौ	राज्ञ
तृतीया	राज्ञा	राजभ्याम्	राजभि
चतुर्थी	राज्ञे	राजभ्याम्	राजभ्य
पचमी	राज्ञ	राजभ्याम्	राजभ्य
षष्ठी	राज्ञ	राज्ञो	राज्ञाम्
सप्तमी	राज्ञि	राज्ञो	राजसु
सम्बोधन	राजन	राजानौ	राजान

युवन् (जवान पुरुष)

प्रथमा	युवा	युवानौ	युवान:
द्वितीया	युवानम्	युवानौ	यून:
तृतीया	यूना	युवभ्याम्	युवभि:
चतुर्थी	यूने	युवभ्याम्	युवभ्य:
पचमी	यून:	युवभ्याम्	युवभ्य:
षष्ठी	यून:	यूनो	यूनाम्
सप्तमी	यूनि	यूनो	युवसु
सम्बोधन	युवन्	युवानौ	युवान:

स्त्रीलिंग में युवति = मति वत्। यूनी = नदी वत्

विदस् (विद्वान् पुरुष)

प्रथमा	विद्वान्	विद्वांसौ	विद्वांस:
द्वितीया	विद्वांसम्	विदुषौ	विदुष:
तृतीया	विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भि:
चतुर्थी	विदुषे	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भ्य:
पचमी	विदुष:	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भ्य:
षष्ठी	विदुष:	विदुषो	विदुषाम्
सप्तमी	विदुषि	विदुषो	विद्वत्सु
सम्बोधन	विद्वन्	विद्वांसौ	विद्वांस:

—❀ ० ❀—

पाठ २१

धातु प्रकरण

सस्कृत भाषा में समस्त शब्दों का निर्माण कुछ मौलिक ाब्दों से होता है। ये मूल रूप धातु कहलाते हैं। इन्हीं मूलरूपों ं आगे भिन्न २ प्रत्यय लगाकर प्रयोगार्थ भिन्न २ रूप बन जाते ं। यथा—

भू (धातु) + अन (प्रत्यय) = भवन (होना, घर) सज्ञा ाब्द बना।

भू (धातु) + ति (प्रत्यय) = भवति (होता है), क्रिया शब्द ना।

मूल रूप धातुओं से परे दो प्रकार के प्रत्यय शब्द निर्माणार्थ प्रयुक्त किये जाते हैं। सु से प्रारम्भ करके सुप् तक के सुप् प्रत्यय कहलाते है।

१. सुप् विभक्तिया—ये नामों के रूप बनाने के काम आती है। रामादि पदों के रूप बताते हुए इनका नाम प्रकरण में विस्तृत वर्णन आ चुका है।

२. तिङ् विभक्तिया—ये क्रिया पद बनाने के लिये प्रयुक्त होने वाले प्रत्यय है। इनका विस्तृत ज्ञान स्थानानुसार आगे कराया जावेगा।

धातुओं को अपनी व्यवहारिक समानता के विचार से भिन्न २

विभागों मे बाटा गया है। ये धातु विभाग गण कहलाते हैं और गिनती मे दस हैं। इन गणों के नाम सर्व प्रथम आने वाले धातु के नाम से बनते है और निम्न हैं—

१	भ्वादि गण	(भू-आदि)
२	अदादि गण	(अद्-आदि)
३	जुहोत्यादि गण	(जुहोति आदि)
४	दिवादि गण	(दिव् आदि)
५	स्वादि गण	(सु-आदि)
६	तुदादि गण	(तुद्-आदि)
७	रुधादि गण	(रुध आदि)
८	तनादि गण	(तन्-आदि)
९	क्र्यादि गण	(क्री-आदि)
१०.	चुरादि गण	(चुर्-आदि)

सस्कृत भाषा मे क्रिया के काम को दर्शाने के लिए धातु के प्रत्यय जुडकर क्रिया के कालानुसार धातुओं के भिन्न २ बनते हैं। इन कालदर्शी रूपों को व्याकरण प्रक्रिया मे लकार (Tense and Mood) कहते हैं।

सस्कृत भाषा मे लकार दस हैं—लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लेट्, लोट्, लङ्, लिङ्, लुङ्, लृङ्। परन्तु सामयिक भाषा में इन सब का प्रयोग नहीं होता। कुल एक लकार तो केवल वेदादि ग्रन्थों मे ही देखे जाते हैं। प्रस्तुत छोटी सी पुस्तक मे केवल बहुत उपयोगी लकारों का वर्णन होगा।

संज्ञा के वचनानुसार क्रिया पदों के भी संतुलनार्थ तीन ही वचन होते हैं। एकवचन, द्विवचन बहुवचन। ये एक, दो या बहुत, कर्ता के अनुसार वचनों के लिए प्रयुक्त होते हैं।

संस्कृत में भी—व्यक्ति प्रयोग के अनुसार तीन पुरुष ही होते हैं। प्रथम, मध्यम तथा उत्तम पुरुष।

प्रथम पुरुष—जो व्यक्ति, वक्ता और जिससे वक्ता बोल रहा है—से भिन्न कोई अन्य पुरुष होता है वह प्रथम पुरुष कहलाता है। इसे अन्य पुरुष भी कहते हैं और यही आगल भाषा में (Third person) कहलाता है।

मध्यम पुरुष—उस व्यक्ति के लिये, जिससे बात हो रही हो अर्थात् सामने हो, उसके लिए प्रयुक्त शब्द मध्यम पुरुष (Second person) कहलाते हैं। यथा युष्मत् के रूप—त्व, युवाम् आदि।

उत्तम पुरुष—वक्ता स्वयं अपने लिए जो शब्द प्रयुक्त करता है वे शब्द उत्तम पुरुष में कहलाते हैं। यथा अस्मत् के रूप—अहम्, आवाम् आदि।

संस्कृत भाषा में पुरुष, वचन और लकारानुसार भिन्न २ तिङ् प्रत्यय लगाकर क्रिया पद बना करते हैं। धातु गणनानुसार दो प्रकार के तिङ् प्रत्यय क्रिया पदों को बनाया करते हैं।

परस्मैपदी प्रत्यय—और आत्मनेपदी प्रत्यय

लकारानुसार—प्रयोग बोध और प्रत्यय

लट् लकार

लट् लकार का प्रयोग वर्तमान काल की क्रिया को बताने के लिए होता है।

परस्मैदी—तिङ् प्रत्यय

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	ति	त	अन्ति

मध्यम पुरुष	सि	थ	थ
उत्तम पुरुष	मि	व	म·

आत्मनेपदी तिङ् प्रत्यय

प्रथम पुपष	ते	इते	अन्ते
मध्यम पुरुष	से	इथे	ध्वे
उत्तम पुरुप	इ	वहे	महे

भू-धातु के साथ परस्मैपदी क्रिया पद रूप

प्रथम पुरुष	भवति	भवतः	भवन्ति
	(वह होता है)	(वे दो होते है)	(वे सब होते है)
मध्यम पुरुष	भवसि	भवथः	भवथ
	(तू होता है)	(तुम दो होते हो)	(तुम सब होते हो)
उत्तम पुरुष	भवामि	भवावः	भवामः
	(मैं होता हूँ)	(हम दो होते है)	(हम सब होते है)

सेव-धातु के साथ आत्मनेपदी क्रिया पद रूप

प्रथम पुरुष	सेवते	सेवेते	सेवन्ते
	(वह सेवा करता है)	(वे दो सेवा करते हैं)	(वे सब सेवा करते हैं)
मध्यम पुरुष	सेवसे	सेवेथे	सेवध्वे
	(तू सेवा करता है)	(तुम दो सेवा करते हो)	(तुम सब सेवा करते हो)
उत्तम पुरुष	सेवे	सेवावहे	सेवामहे
	(मै सेवा करता हूँ)	(हम दो सेवा करते है)	(हम सब सेवा करते हैं)

लङ् लकार

गुजरी हुई घटना का (भूतकालिक क्रिया को) वर्णन करने के लिए लङ् लकार का प्रयोग होता है।

लङ् लकार के परस्मैपदी प्रत्यय

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पुरुष	त	ताम्	अन्
मध्यम "	स् ( )	तम्	त
उत्तम "	अम्	व	म

आत्मनेपदी प्रत्यय

प्रथम पुरुष	त	इताम्	अन्त
मध्यम "	थास्	इथाम्	ध्वम्
उत्तम "	इ	वहि	महि

भू—धातु के लङ् में रूप (परस्मैपदी)

प्रथम पुरुष	अभवत्	अभवताम्	अभवन्
	[वह हुआ]	[वे दो हुए]	[वे सब हुए]
मध्यम पुरुष	अभवः	अभवतम्	अभवत्
	[तू हुआ]	[तुम दो हुए]	[तुम सब हुए]
उत्तम पुरुष	अभवम्	अभवाव	अभवाम्
	[मैं हुआ]	[हम दो हुए]	[हम सब हुए]

सेव्—(सिव) धातु के लङ् मे रूप (आत्मनेपद)

प्रथम पुरुष	असेवत	असेवेताम्	असेवन्त
	[वह सेवा करता था]	[वे दो सेवा करते थे]	[वे सब सेवा करते थे]

मध्यम पुरुष	असवेथा -	असेवेथाम्	असेवध्वम्
(तू सेवा करता था)		(तुम दो सेवा करते थे)	(तुम सब सेवा करते थे)
उत्तम पुरुष	असेवे	असेवावहि	असेवामहि
(मैं सेवा करता था)		(हम दो सेवा करते थे)	(हम सब सेवा करते थे)

लोट् लकार

आज्ञादि दर्शाने के लिए लोट् लकार के क्रिया पद रूप प्रयुक्त किए जाते हैं।

परस्मैपदी प्रत्यय

प्रथम पुरुष	तु	ताम्	अन्तु
मध्यम पुरुष	हि	तम्	त
उत्तम पुरुष	आनि	आव	आम

आत्मनेपदी प्रत्यय

प्रथम पुरुष	ताम्	इताम	अन्ताम्
मध्यम पुरुष	स्व	इथाम्	ध्वम्
उत्तम पुरुष	ऐ	आवहै	आमहै

भू—धातु के लोट् लकार में रूप परस्मैपद

प्रथम पुरुष	भवतु	भवताम्	भवन्तु
	(वह होवे)	(वे दो होवें	(वे सब होवें)
मध्यम पुरुष	भव	भवतम्	भवत्
	(तुम होवो)	(तुम दो होवो)	(तुम सब होवो)
उत्तम पुरुष	भवान	भवावः	भवामः
	(मैं होऊं)	(हम दो होवें)	(हम सब होवें)

सेव्—धातु के लोट् लकार के रूप

प्रथम पुरुष	सेवताम्	सेवेताम्	सेवन्ताम्
	(वह सेवा करे)	(वे दो सेवा करें)	(वे सब सेवा करें)
मध्यम पु०	सेवस्व	सेवेथाम्	सेवध्वम्
	(तू सेवा कर)	(तुम दो सेवा करो)	(तुम सब सेवा करो)
उत्तम पु०	सेवै	सेवावहै	सेवामहै
	(मैं सेवा करू)	(हम दो सेवा करें)	(हम सब सेवा करें)

लृट् लकार

भविष्य मे होने वाली क्रिया को बनाने के लिए लृट् लकार के क्रियापद रूपों का प्रयोग होता है।

लृट् लकार के परस्मैपदी प्रत्यय

प्रथम पुरुष	स्यति	स्यत	स्यन्ति
मध्यम पुरुष	स्यसि	स्यथ	स्यथ
उत्तम पुरुष	स्यामि	स्याव	स्याम

लृट् के आत्मनेपदी प्रत्यय

प्रथम पुरुष	स्यते	स्येते	स्यन्ते
मध्यम पुरुष	स्यसे	स्येथे	स्यध्वे
उत्तम पुरुष	स्ये	स्यावहे	स्यामहे

भू—धातु के लृट् मे रूप

प्रथम पुरुष	भविष्यति	भविष्यतः	भविष्यन्ति
	(वह होगा)	(वे दो होंगे)	(वे सब होंगे)

मध्यम पु०	भविष्यसि	भविष्यथः	भविष्यथ
	(तुम होगे)	(तुम दो होगे)	(तुम सब होगे)
उत्तम पु०	भविष्यामि	भविष्यावः	भविष्यामः
	(मैं हूँगा)	(हम दो होंगे)	(हम सब होंगे)

सेव्—धातु के लृट् में रूप

प्रथम पु०	सेविष्यते	सेविष्येते	सेविष्यन्ते
	(वह सेवा करेगा)	(वे दो सेवा करेंगे)	(वे सब सेवा करेंगे)
मध्यम पु०	सेविष्यसे	सेविष्येथे	सेविष्यध्वे
	(तुम सेवा करोगे)	(तुम दो सेवा करोगे)	(तुम सब सेवा करोगे)
उत्तम पु०	सेविष्ये	सेविष्यावहे	सेविष्यामहे
	(मैं सेवा करूंगा)	(हम दो सेवा करेंगे)	(हम सब सेवा करेंगे)

—❀ ० ❀—

पाठ २२

गणानुसार विकरण

प्रत्येक धातुगण के लिए अपना एक विशेष चिन्ह होता है। इसको विकरण कहते हैं। यह विकरण धातु और तिङ् विभक्ति के बीच मे आकर क्रियापद रूपों मे गणनानुसार भेद कर देते हैं।

गणानुसार विकरण और एक २ गण रूप संक्षेप मे नीचे दिए जाते हैं।

१. भ्वादिगण मे शप् विकरण आता है। शप् का अ हो जाता है। इस प्रकार भू + अ + ति = भो + अ + ति = भवति। इसी प्रकार अन्य रूप।

२ अदादिगण मे कोई विकरण नहीं लगता। अद् + ति। अत् + ति। अत्ति। केवल संक्षिप्त ज्ञानार्थ लट् लकार के रूप दे दिए जाते हैं।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्रथम पु०	अत्ति	अत्त	अदन्ति
म० पु०	अत्सि	अत्थ	अत्थ
उ० पु०	अद्मि	अद्व	अद्म

३. जुहोत्यादि गण मे कोई विकरण नहीं लगता। विभक्ति लगाने से पूर्व धातु के पूर्व व्यञ्जन को और उसके साथ के स्वर

को द्वित्व हो जाता है। द्वित्व के पूर्व भाग में जिसे अभ्यास कहते हैं वर्ग दूसरे वर्ण को पहला और चौथे को तीसरा हो जाता है। अभ्यास का दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाता है। अभ्यास के ह को ज हो जाता है। इस गण में अन्ति और अन्त के स्थान पर अति और अतु हो जाता है। अन् की जगह अस्। ह्रस्व वा दीर्घ इ, उ, ऋ, को गुण हो जाता है। हु (हवन करना) हु + ति। हु + हु + ति। जु + हु + ति। जु + हो + ति। जुहोति।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	जुहोति	जुहुत	जुहति
म० पु०	जुहोषि	जुहुथ	जुहुथ
उ० पु०	जुहोमि	जुहुव	जुहुम

४ दिवादि गण में विकरण य होता है। इस गण के धातुओं में गुण नहीं होता। शेष भ्वादि गणवत् है।
दिव् [चमकना या जुआ खेलना] दिव्+य+ति। दीव्+य+ति। दीव्यति।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	दीव्यति	दीव्यत	दीव्यन्ति
म० पु०	दीव्यसि	दीव्यथ	दीव्यथ
उ० पु०	दीव्यामि	दीव्याव	दीव्याम

५. स्वादिगण का विकरण नु। विभक्ति के व् या म् से पूर्व उ के उ का विकल्प से लोप हो कर न् रह जाता है, यदि धातु के अन्त में स्वर हो, अजादि अविकारक विभक्ति से पूर्व नु को नुव् हो जाता है, यदि धातु के अन्त में हल हो। अजन्त धातुओं से परे हि का लोप हो जाता है।

सु (स्नान करना, रस निचोड़ना, शराब बनाना)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	सुनोति	सुनुत	सुन्वन्ति
म० पु०	सुनोषि	सुनुथ	सुनुथ
उ० पु०	सुनोमि	सुनुव	सुनुम

५. तुदादि गण का विकरण अ है। भ्वादि गण की तरह ही है। केवल तुदादि गण में विकरण से पूर्व गुण नहीं होता।

तुद् (तंग करना)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	तुदति	तुदत	तुदन्ति
म० पु०	तुदसि	तुदथ	तुदथ
उ० पु०	तुदामि	तुदाव	तुदाम

७ रुधादिगण का विकरण न है। विशेष भेद यह है कि दूसरे गण विकरणों की तरह न धातु के अन्त में नहीं जोड़ा जाता। वह धातु के अन्तिम व्यञ्जन से पूर्व जोड़ा जाता है। रुध् + ति = रुन ध् + ति। रुणद्धि।

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	रुणद्धि	रुन्द्ध	रुन्धन्ति
म० पु०	रुणत्सि	रुन्द्ध	रुन्द्ध
उ० पु०	रुणध्मि	रुन्ध्व	रुन्ध्म

८. तनादिगण का विकरण उ है। तनादि गण के धातुओं के रूप स्वादिगण के धातुओं की तरह हैं। उ विकरण से परे हि का सदा लोप हो जाता है।

तनू (फैलाना, तनना)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	तनोति	तनुत	तन्वन्ति
म० पु०	तनोषि	तनुथ	तनुथ
उ० पु०	तनोमि	तनुव-तन्व	तनुम-तन्म

९. क्रयादिगण का विकरण ना है। हलादि अविकारक विभक्तियों से पूर्व ना को नी हो जाता है और स्वरादि रक विभक्तियों से पूर्व ना को न् हो जाता है।

क्री + ना + त = क्री + नी + त = क्रीणीत।

क्री + ना + अन्ति। = क्री + न् + अन्ति। क्रीणन्ति।

हलन्त धातुओं से परे हि और विकरण दोनों को आत् जाता है। गृह + ना + हि = गृह + आन = गृहाण।

क्री (खरीदना)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	क्रीणाति	क्रीणीत	क्रीणन्ति
म० पु०	क्रीणासि	क्रीणीथ	क्रीणीथ
उ० पु०	क्रीणामि	क्रीणीव	क्रीणीम

१०. चुरादिगण का विकरण अय है। रूप भ्वादिगण के समान बनते हैं।

चुर् (चुराना)

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प्र० पु०	चोरयति	चोरयत	चोरयन्ति

म० पु०	चोरयसि	चोरयथ	चोरयथ
उ० पु०	चोरयामि	चोरयाव	चोरयामः

—❀ ०❀—

पाठ २३

कृदन्त प्रकरण

सुप् एव तिङ् प्रत्ययों के अतिरिक्त कुछ और भी प्रत्यय हैं। नामों के साथ तद्धित प्रत्यय लगा कर तद्धितान्त शब्द बनते हैं—यथा—

सज्ञा से सज्ञा—पण्डा (बुद्धि) से पण्डित (विद्वान्)

सज्ञा से विशेषण—धन से धनवत्। विशेषण से संज्ञा मृदु से मार्दव। विशेषण से विशेषण—धूसर से धूसरित। सर्वनाम से विशेषण—अस्मद् से अस्मदीय। ये तद्धितान्त शब्द हैं।

धातु से संज्ञा—नी से नस्यम्। धातु से अव्यय—गम् से गन्तुम्। धातु से क्रिया—जि से जित्। ये कृदन्त हैं।

अव्ययों को छोड कर शेष कृदन्त शब्दों की रूपावली नामों की तरह होती है।

मुख्य कृत-प्रत्यय—शतृ-अत्, शानच (आन, मान) क्त (त)

क्तवतु (तवत्), क्त्वा (त्वा), तुमुन् (तुम्) तव्य, यत् (य)।

क्त—किसी भी धातु से जुड़ कर क्त के क् का लोप शेष त रह जाता है। भू+क्त = भूत। श्रुत। जिन प्रत्ययों क् का लोप होता है उनके पूर्व धातु में गुण नहीं होता। धातु मे इ लग कर त लगता है।

पत् + इ + त = पठित। पतित। भाषित। मुदित।

क्त्वा—क्त्वान्त-रूप बनाने के लिए क्त के नियम ही लागू है। धातु के त अन्त रूप को बना कर क्त के स्थान पर क्त्वा लगाने से रूप बन जाता है।

भू से भूत भूत्वा। जात्वा। त्य क्त्वा। कुपित्वा।

त्य, य—जिन धातुओं के पूर्व कोई उपसर्ग और अन्त में ह्रस्व स्वर हो वहाँ त्वा के स्थान पर त्य प्रत्यय लगता है। यदि अन्त ह्रस्व से भिन्न कोई वर्ण दीर्घ स्वर या व्यञ्जन हो तो य प्रयोग आता है। विजित्य। अधीत्य। अनुभूय। विनीय।

जब किसी कर्त्ता मे एक से अधिक क्रियाएँ हों तो अन्ति क्रिया को छोड़ कर अन्य क्रियाओं को क्त्वान्त रूप से बनाते हैं यथा—मोहन भोजनम् कृत्वा, गृहात्, चलित्वा, भ्रातारं मिलि मार्गे च कतिपयानि वस्तूनि क्रीत्वा, कार्यालयं प्राप्त।

तुमुन्नन्त—प्रत्यय तुमुर्। तुम् से पूर्व धातु के अन्तिम को चाहे (ह्रस्व हो या दीर्घ) गुण हो जाता है। यथा—चि तुम्=चेतम्। धातु की उपधा के ह्रस्व स्वर को (दीर्घ को नहीं गुण हो जाता है। यथा—मुच् + तुम = मोक्तुम्। सेट् धातु क अन्त मे इ आता है। पत् + इ + तुम =पतितुम्। भाषितु दृश् सृज् और स्पृश् के उपधा—ऋ को र हो जाता है। दृश

= दृश् + तुम् = द्रष्टुम्। चुरादि गण के धातुओं के अन्त अय् लग जाता है।

चुर् + अय् + इ + तुम् = चोरयितुम्।

प्रयोग—एक क्रिया के लिए दूसरी क्रिया की जाय तो दूसरी क्रिया को प्रधान क्रिया रूप में रख कर पहली को तुमुन्नन्त रखा जाता है। सकर्मक धातु की बनी तुमुन्नान्त क्रिया के पूर्व द्वितीयान्त कर्म अवश्य आता है। अकर्मक धातु की बनी से पूर्व नहीं।

शतृ, शानच्—वर्तमान कालिक क्रिया के प्रत्यय हैं। शतृ के ऋ और तृ का लोप और शानच् के श् और च् का लोप होकर अन् और आन् रह जाते हैं। इनसे पूर्व धातु के अन्त में उस धातु का विकरण जोड़ा जाता है। परस्मैपद धातुओं के लिए अन् और आत्मनेपद धातुओं के लिए आन्। उभयपदी धातुओं के लिए दोनों। यथा—भू + अत = भवत्। नश्यत। कुर्वत। चोरयत्।

भ्वादि, दिवादि, तुदादि, चुरादि गणों में आन् के स्थान पर म जुड़ कर मान बन जाता है। मुद् + अ + अन = मोद् + अ + म + आन = मोदमान। बाकी गणों में आन रह कर—ब्रुवाण, ददान, सुन्वान, भुञ्जान, आदि।

क्तवत्—क्तवत् के क् का लोप होकर तवत् रह जाता है। इसमें बनते हुए वही विकार हैं जो क्त प्रत्यय से पूर्व होते हैं। यथा—भूतवत्, गतवत्, दृष्टवत्।

तव्य, अनीय, य,—किसी काम को करने की योग्यता या शक्ति बताने के लिए धातुओं से तव्य, अनीय वा य लगा कर रूप बनाते हैं। ये विधिकृदन्त कहलाते हैं।

तव्य और अनीय से पूर्व धातु के अन्तिम स्वर (ह्रस्व या दीर्घ) और उपधा के ह्रस्व स्वर को गुण हो जाता है। कृ+तव्य = कर्+ तव्य = कर्तव्य। तव्य से पूर्व सेट् धातुओं के अन्त में इ जोड़ा जाता है अनीय से पूर्व नहीं। पत + तव्य = पत + इ + तव्य = पतितव्य। चुरादिगण में और निजन्त धातुओं के साथ तव्य से पूर्व अय् जोड़ा जाता है। यथा—चोरयितव्य आदि युज + अनीय = योजनीय।

पाठ २४

कथोपकथन

विषय-पुस्तकं

किं इदम् ? (यह क्या है ?) इदं पुस्तकं अस्ति। (यह पुस्तक है।) किं नाम इदं पुस्तकं ? (यह किस नाम की पुस्तक है ?) संस्कृत शिक्षा इति नाम पुस्तकं। ('संस्कृत शिक्षा' नामक यह पुस्तक है।)

कस्य पुस्तकमिदम् ? (यह किसकी पुस्तक है ?)

इदं मोहनस्य पुस्तकम्। (यह मोहन की पुस्तक है।)

मोहन इदं पुस्तकं कुत्र क्रीतवान् ? (मोहन ने यह पुस्तक कहां खरीदी है ?)

मोहनेन इदं पुस्तकं देहातीपुस्तक भण्डारात् क्रीतम्।

(मोहन ने यह पुस्तक देहाती पुस्तक भण्डार से खरीदी।)

इद पुस्तक बाह्यरूपेण अति शोभते, किं प्रशंसनीय इदं पुस्तकम्? (बाहर से तो यह पुस्तक अति सुन्दर दीखती है क्या यह पुस्तक प्रशसनीय है?) इद पुस्तक स्वविषये एकमेवास्ति, इद तु सत्यमेव प्रशसनीयम्। (यह पुस्तक अपने विषय की एक है, यह सच ही प्रशसनीय है) किं इदं मह्यम् दर्शयसि त्व? (क्या यह मुझे दिखलाओगे?) दर्शयामि अहं, इद अस्ति पुस्तक। ' दिखलाता हूँ, यह पुस्तक है) धन्य वदामि, सुन्दरं प्रतीयते इदम्। (धन्यवाद, यह सुन्दर लगती है अहं अपि एकं क्रीणामि (मैं भी एक खरीदूगा।)

स्रोतस्विनी लेखनी

भो! सुदर्शन कुमार! अत्रागच्छ। पश्य, मया तुभ्य का आनीता। (सुदर्शन कुमार, यहा आओ। देखो, तुम्हारे लिए मेरे द्वारा क्या लाया गया?) अहा, लेखनी अस्ति। मह्य कदा दास्यसि, दादा? कृपया क्षणाय दर्शय। अति शोभना प्रतीयते। (आह! लेखनी है। दादा मुझे कब देंगे? कृपा कर क्षण भर के लिए दिखावें। अति सुन्दर दीखती है।) एषा तुभ्यं एव अस्ति। एष तव जन्मदिवसाय उपहार। (यह तुम्हारे लिए ही है। यह तुम्हारे जन्मदिन के लिए उपहार है।) दादा! भवता प्रिय कृतम्। मह्यम् एतस्या गुणानि ज्ञापय। (दादा आपने बडा अच्छा किया। मुझे इसके गुण बतलायें।) सुदर्शन! एषा लेखनी स्वशरीरे मसिं धारयति दीर्घकाल च लिखितु समर्था भवति। एतस्या मूल्यमपि साधारणाया लेखन्या शतगुणमस्ति। लेखन-शकु स्वर्णसमिश्रणेन निर्मित भवति चिरोपयोगी च वर्तते। एषा

च स्रोतस्विनी अपि कथयते। एषा सुखकरा सर्व प्रकारेण। (सुदर्शन!) यह लेखनी अपने शरीर में स्याही धारण करती है और बहुत देर तक लिख सकती है। इसका मूल्य भी साधारण लेखनी से सौ गुना होता है। लेखन शंकु (निब) स्वर्णमिश्रिनी धातु से बना होता है और देर तक उपयोगी रहता है। यह स्रोतस्विनी लेखनी (फाउण्टेन पैन) भी कहलाती है। यह सब प्रकार से आराम देने वाली है।)

अति कृपा कृता भवता। एतस्या किं मूल्यम्? (बहुत कृपा की आपने। इसका क्या मूल्य है?)

दश रूप्यकाणि एतस्या मूल्यम्। (इसका मूल्य दश रुपये है)

को एतस्या निर्माता? (इसका बनाने वाला कौन है?)

आङ्गल देशे ब्लैक बर्ड कम्पनी इति एतस्या निर्माता। (इङ्गलैंड स्थित ब्लक बर्ड कम्पनी इसकी निर्माता है।)

किं स्वदेशीयैः एवं विधानि वस्तूनि न निर्मितानि? (क्या इस प्रकार की चीजें अपने लोगों ने नहीं बनाई हैं?)

अल्पमात्रया निर्मितानि बहुमूल्यानि च तानि। वयं न क्रेतुम् समर्थाः तानि वस्तूनि। (थोड़ी मात्रा में बनती हैं और बहुत मूल्यवान हैं। उन चीजों को हम खरीदने में असमर्थ हैं।)

अहं तु जन्मदिवसाय प्रतीक्षे, दादा। अति आकर्षणीया एषा लेखनी। (दादा मैं जन्म दिन के लिए प्रतीक्षा करता हूँ। यह कलम बहुत आकर्षक है।)

पाठ २५

वृषभ-मशकयोः कथा

एकस्मिन् काले कश्चित् वृषभ वने भ्राम्यति स्म। तत्र एक मशक वृषभस्य शृङ्गम् आरुह्य अचिन्तयत्, अय वृषभ मम भारेण पीडित चलितु न शक्नोति।

एक वार कोई बैल वन मे घूम रहा था। वहा एक मच्छर बैल के सींग पर चढ कर सोचने लगा—यह बैल मेरे भार से दुखी होकर चल भी नहीं सकता।

प्रसन्न मशक विहस्य त अपृच्छत्—रे वृषभ! मम भार सोढु समर्थ असि? किं कष्ट न अनुभवसि?

खुश होकर मच्छर हसकर उसको पूछने लगा—अरे बैल! क्या मेरे भार उठाने मे समर्थ हो? क्या तकलीफ तो नहीं हो रही?

इति श्रत्वा वृषभ विहस्य अवदत्—नाह तव भारं गणयामि। यथा तुभ्य रोचते उत्प्लवन कूर्दन वा कुरु, चेत इच्छसि, स्व पितर अपि आनय।

यह सुनकर बैल हस कर बोला—मैं तेरे भार की गिनती नहीं करता, जैसे मन चाहे उछलो, नाचो, कूदो और यदि मन चाहे तो अपने बाप को भी बुला लो।

मशक इति श्रुत्वा लज्जया पलायित।
सत्य उक्त—क्षुद्र स्वल्प अपि आत्मान बहु मन्यते।

मच्छर यह सुन कर शर्मिन्दा होकर भाग गया।

सच ही कहा है—नीच पुरुष क्षुद्र होते हुए भी अपने को बड़ा मानते हैं।

—❀ ० ❀—

पाठ २६

आविष्कारस्य जननी आवश्यकता

कदाचित् एक काक पिपासु अभवत्। स जाय आकाश मार्गेण उड्डीयत। तदा तेन प्रासादस्य पृष्ठे एक घट दृष्ट। स वायस प्रीत जल पातु प्रासादस्यपृष्ट अवातरत। यायत् स तस्मात् घटात् जलं पातु यतते तावत् तस्य चन्चु जलं न स्पृशति। यत घटे अल्पं जल आसीत्।

किसी समय एक कव्वे को प्यास लगी। वह जल के लिए आकाश मार्ग से उडने लगा। तब उसने एक महल की छत पर एक घड़ा देखा। वह कौवा प्रसन्न होकर उस महल की छत पर उतर आया। जैसे वह उस घडे से जल पीने का यत्न करता, उसकी चोंच जल तक न पहुँचती। क्योंकि घडे में जल थोड़ा था।

काकेन जल पातु यत्ने कृते अपि जलं न प्राप्तं पर तेन उत्साह न त्यक्त। स अस्मरत् यत्ने कृते यदि न सिध्यति कोऽत्र दोष। पुन अपि तेन वायसेन अन्येन प्रकारेण यत्न कृत। स क्षुद्रान् पाषाणखण्डान् इतस्तत अन्वेषयत। तत पाषाण

खण्डान् सञ्चयित्वा तस्मिन् घटे तेन प्रक्षिप्ता। एव कृते जल उपरि समागतम्। काक सफलप्रयत्न स्वैर जलमपिबत।

पक्षिषु अपि उपायनविषय ईश्वरेण प्रदत्ता धैर्यं न हेयम्, यत्नो हि फलप्रद'।

कौवे द्वारा जल पीने के लिए यत्न करने पर भी उसे जल न मिला। परन्तु उसने हिम्मत न हारी। उसने याद किया कि कोशिश करने पर भी यदि सफलता नहीं मिलती तो यहा क्या बुराई? फिर भी उस कौवे द्वारा दूसरी तरह से कोशिशें की गईं। उसने छोटे २ पत्थर के टुकडों को इधर उधर ढूंडा। तब के पत्थर के टुकड़ों को इकट्ठा करके उस घडे मे फेंक दिया। इस प्रकार करने से जल ऊपर आ गया। कौवे ने सफलता प्राप्त करके इच्छानुसार पानी पिया।

पक्षियों मे भी उपाय शक्ति भगवान ने दी है।

धीरज न छोड़ कर की हुई कोशिश सफलता देने वाली होती है।

पाठ २७

बधिरस्य कथा

क अपि बधिर स्वमित्र ज्वरार्तं श्रुत्वा तं द्रष्टु इच्छन् गृहात् प्रस्थित । पथि गच्छन्एवअचिन्तयत्—

कोई बहिरा अपने मित्र को ज्वर से पीडित हुआ सुनकर उसको देखने की इच्छा कर घर से चला। मार्ग में चलते हुए इस प्रकार सोचने लगा—

मित्र सकाश गत्वा 'अपि सह्य ज्वरवेग'—इति पृच्छेयम्
'किञ्चिदिव सह्य' इति स प्रतिवदेत ।
तत 'किमौपध सेवसे' इति पृच्छेयम् ।

'इदमौपध सेवे' इति स प्रतिभाषेत ।
अनन्तरं 'कस्ते चिकित्सक' इति मया प्रष्टव्यम् ।
'असौ मम चिकित्सक' इति स प्रतिब्रूयात् ।
अथ तत्तदनुरूपं समाप्य मित्रमापृच्छ्य गृह आगमिष्यामि ।

मित्र के पास जा कर 'क्या बुखार अब सहा तो जाता है। (कम तो है), यह पूछूगा।

वह उत्तर देगा 'हा कुछ सहा ही है, (कम ही है।')
तब 'क्या औषध लेते हो' यह पूछूँगा।
'यह औषध खाता हूँ' यह उत्तर में कहेगा।

इसके बाद 'आपकी चिकित्सा इलाज करने वाले कौन हैं?' यह मुझे पूछना चाहिए।

'अमुक वैद्य मेरा चिकित्सक है' यह वह प्रत्युत्तर देगा।

इसके बाद इस क्रमानुसार ही बात-चीत करके मित्र को पूछ कर घर आ जाऊँगा।

एव चिन्तयन् मित्र प्राप्य सादर अपृच्छत्।

'मित्र! अपि सह ज्वरवेग ?'

'तथैव वर्तते' इति स प्रत्यवदत्।

बधिर—'भगवत प्रसादेन तथैव वर्तताम्। कीदृशमौषधं सेवसे ?'

ज्वरार्त—'ममौषध मृत्तिकैव' इत्युवाच।

बधिर—'तदेव भद्रतरम्। कस्ते चिकित्सक ?'

ज्वरार्त—(सकोपम्) 'मम वैद्यो यमराज।'

बधिर—'स एव समर्थ। तं मा परित्यज।'

इस प्रकार सोचते हुए मित्र के घर पहुँच कर आदर के साथ पूछने लगा।

'हे मित्र! क्या ज्वर की तेज़ी सहनशील तो हो गई है ?'

'वैसे ही है' ऐसे वह बोला।

बहरा—'भगवान की कृपा से वैसा ही रहे। कैसी औषध आप सेवन कर रहे हैं ?'

ज्वर रोगी—'मेरी औषध मिट्टी ही है।'

बहरा—'वह ही बहुत उत्तम है। आपके चिकित्सक कौन हैं ?'

ज्वर रोगी—(गुस्से से) 'मेरा वैद्य यमराज है।'

बहरा—'वह ही इसको ठीक करने की शक्ति रखता है। उसको न छोड़ना।'

एवं प्रतिकूलानि वचनानि श्रुत्वा स रोगी दु:सहेन कोपेन समाविष्ट परिजन आदिशत्—'भो! किं अय एव क्षते क्षारं

प्रक्षिपति। निष्कास्यता अयं अर्धचन्द्रदानेन।'

अथ स मूढ परिजनेन गलहस्तकया बहिर्निस्सारित।

इस प्रकार उलट-पुलट बातें सुन कर असहनशील होकर, गुस्से में भरे हुए, उस रोगी ने अपने नौकर (रिश्तेदार) को आज्ञा दी—'अरे इसी प्रकार क्या यह घाव पर नमक छिडकता रहेगा। इसको गले से पकड़ कर बाहर निकाल दे।'

इसके बाद वह मूर्ख नौकर ने गले से पकड कर बाहर निकाल दिया।

परोक्त साध्वनाकर्ण्य न युक्त प्रतिभाषितुम्।
बहिर्निष्कासित कोऽपि बधिर प्रतिकूलयाक्॥

"किसी के कहे हुए भले वचनों को न सुन कर उनका प्रत्युत्तर देना उचित नहीं होता। नहीं तो किसी उलटे बोलने वाले बहरे की तरह बाहिर निकाल दिया जावेगा।"

—❀ ० ❀—

पाठ २८

वृद्धेर्महत्त्वम् (वृद्ध ही सर्व श्रेष्ठ है)

आसीत् विदिशाया नगर्या बहिः महान् वटतरु । तत्र नकुल-उलूकमार्जारमूषका निवसन्ति । सर्वेषामेव तेषां कुलाया विभिन्ना । नकुलमूषकौ मूलदेशवर्तिनि बिले, बिडालो मध्यवर्तिनी कोटरे, उलूकः शिरःस्थितलतासन्ताने न्यवसत् । एषु च मूषकः त्रयाणामेव वध्यः, मार्जारः तु त्रयाणामेव हन्ता । मूषकः नकुलबिडालाभ्यां भयात् आहारार्थं, रात्रौ भ्रमति स्म । उलूकस्तु स्वभावत एव रात्रौभ्रमतिस्म मार्जारस्तु पुनः दिवा रात्रौ च निर्भयं विचरति स्म । वृक्षस्य तस्यान्तिके यदेकं यवक्षेत्रमासीत् बिडालः सर्वदैव तस्मिन् मूषिकान् अन्वेषितुमगच्छत् । अन्ये अपि यवान् ग्रासितुं गच्छन्ति स्म ।

(विदिशा नगरी के बाहर एक बहुत बडा वड का पेड था । वहा न्योला, उल्लू, बिलाव और चूहा रहते थे । उन सबके ही अपने २ निवास स्थान (कुलाय-घोंसले) भिन्न २ थे नेवला और चूहा जड के आस-पास वाले बिलों मे, बिलाव बीच के भाग मे होने वाले कोटर (खोह मे) और उल्लू चोटी पर होने वाले बेलों के फैलाव मे रहता था । और इन सब में चूहा तीनों के द्वारा ही मारा जाने योग्य था । बिलाव तीनों को ही मारने वाला था । चूहा नेवले और बिलाव के डर से भोजन के लिए रात को घूमता था और उल्लू स्वभाव से ही रात को घूमा करता था । फिर बिलाव दिन रात में बिना डर के घूमा करता था । उस पेड के साथ जो एक जौ का खेत था बिलाव सदा ही उसमे चूहों

की तलाश करने को जाता था। दूसरे भी जौ को खाने के लिये वहा जाया करते थे।)

कदाचित् केनचिद् व्याधेन तत्रागत्य विडालस्य पादपंक्तिं दृष्ट्वा पाशप्रसारितम्। मार्जारं भ्रमन तेन बद्ध। मूषक आहाराय तत्रागत्य जालपतित विडाल दृष्ट्वा साह्लाद नृत्यति स्म। अस्मिन्नेवान्तरे उलूकनकुलौ अपि मूषकम अनुसरन्तौ तत्रागतौ। तौ विडाल पाशबद्ध दृष्ट्वा मूषकं धतुं बद्धपरिकरौ अभूताम्।

(कभी किसी शिकारी ने वहा आकर बिलाव के पैरों के चिह्नों को देखकर वहा जाल लगा दिया। वह बिलाव रात मे आकर वहा जाल मे फस गया। चूहा भोजन के लिए वहा आकर जाल में फंसे बिलाव को देखकर प्रसन्नता के साथ नाचने लगा। इसी समय नेवला और उल्लू भी चूहे का पीछा करते वहा आ गए। वह दोनों बिलाव को जाल में फसा देखकर चूहे को पकड़ने के लिए तैयार हो गये।)

मूषको दूरात् तदवलोक्य सोद्वेगम् अचिन्तयत् किम इदानीं कर्तुं युज्यते, यदि इदानीं सामान्यशत्रु विडालम आश्रयेय तदासौ बद्ध अपि माम् एकेनैव प्रहारेण हन्यात्। अथ अस्मात् विडालात् पलाय्य दूरम् अपसरामि तत एतयो कोऽपि मा नाशयेत। तदधुना क गच्छामि किं वा करोमि? यत् भवतु, विपन्नम एनं मार्जारम् आश्रये। कदाचित् मा पाशच्छेदेन समर्थं दृष्ट्वा आत्मरक्षां रक्षिष्यति।

(चूहा दूर से यह देखकर घबराहट के साथ सोचने लगा— अब क्या करना चाहिये? अगर अब सबके शत्रु बिलाव के आश्रय में जाता हू तो यह जाल मे फंसा भी मुझको एक ही चोट

से मार देगा। इसके बाद अगर इस बिलाव से भाग कर दूर सरकता हूँ, तो इन दोनों मे से कोई भी एक मुझे नष्ट कर देगा। तो अब कहा जाऊँ अथवा क्या करू ? जो भी हो विपत मे फसे इस बिलाव की ही शरण लेता हूँ। शायद मेरी, जाल काटने की शक्ति को देख कर, अपनी रक्षा के लिये मुझे बचाएगा।)

एव निशाम्य मूषक शनै मार्जारसकाशम् एत्य अब्रवीत—भद्र ! त्वा पाशबद्ध दृष्ट्वा दु खितोऽस्मि। यदि अनुमन्योथा, त्वा पाशान् छित्त्वा रक्षामि। सहवासस्नेहात् सुमतीना शत्रुषु अपि स्नेह जायते। किन्तु यावत् तव मनो न ज्ञायते तावत् त्वयि नैव विश्वास।

(यह सोचकर चूहा धीरे २ बिलाव के पास जाकर बोला—हे भले भाई ! तुम्हें जाल मे बन्धा देखकर मैं दुखी हुआ हूँ। अगर तुम चाहो तो तुम्हारे जाल के फन्दों को काट कर रक्षा करू। साथ रह कर बडे प्यार के कारण बुद्धिमान लोगों का दुश्मनों से भी प्यार हो जाता है। परन्तु जब तक तुम्हारे मन की दशा का पता न लगे तब तक तुम्हारा विश्वास नहीं।)

एतत् आकर्ण्य बिडाल अवदत्—भद्र ! विश्वसतु भवान्। प्राणदानेन अद्य त्व मम मित्र जात।

(यह सुनकर बिलाव बोला—भले आदमी ! आप विश्वास करें। प्राण दान देने से आज तुम मेरे मित्र बन गए।)

एतत् श्रुत्वा मूषक तं मार्जार क्रोड निनाय। नकुलोलूकौ एतंद् दृष्ट्वा निराशौ पालयितौ।

यह सुनकर चूहा उस बिलाव की गोद में (छाती के पास)

चला गया। नेवला और उल्लू इसको देखकर निराश होकर भाग गए।)

विटाल पाशबन्धनेन पीड़ित मूषकम् अब्रवीत्—मित्र! गता रात्रि। तत् शीघ्रं मे पाशान् छिन्धि। मूषक शनै शनै पाशान छेत्तुम् आरब्ध रात्रि। सव्याध आगमनं प्रतीक्षते स्म। यावत् व्याध समीप नागच्छति, तावत् मिथ्या दशन शब्द करोति स्म। प्रातश्च यावत् व्याध समायात तावत् स अपि पाशान् चिच्छेद। मार्जार व्याधभयात् पलायते स्म, मूषक अपि पलायमान स्वं बिलं प्रविष्ट।

अथ मार्जारे पुनराहूतवति मूषक नोत्तर ददौ। तदेवं कार्यानुरोधेन शत्रुणापि मित्रता कर्तुं युज्यते।

(इसके बाद बिलाव जाल के फन्दों से दुखी हुआ चूहे से बोला—हे मित्र, रात जा ही रही है। (प्राय बीत ही गयी है) तो शीघ्र ही मेरे फन्दों को काटो। चूहा धीरे २ फन्दों को काटने में लगा हुआ शिकारी के आने की इन्तजार करने लगा। जब तक शिकारी पास नहीं आया तब तक चूहा दातों से झूठा काटने के शब्द करता रहा। प्रातःकाल जैसे ही शिकारी आया वैसे ही उसने फन्द काट दिए। बिलाव शिकारी के डर से भाग गया। चूहा भी भागा हुआ अपने बिल में घुस गया।

इसके बाद बिल्ले के फिर बुलाने पर भी चूहे ने कोई उत्तर नहीं दिया।

इस प्रकार काम के कारण दुश्मनों से भी मित्रता कर लेना युक्त होता है।

पाठ २९

कृतबोध उपाख्यानम् (कृतबोध की कथा)

आसीत् पुरा कोऽपि कृतबोधो नाम महातपा वनवासी मुनि। कदाचित् तरुच्छायोपविष्टस्य तस्योपरि एकोबक पुरीषम् उत्ससर्ज। स च क्रुद्ध ता प्रति ददर्श। दृष्टमात्रैव स बक भस्मसात अभवत्। ततश्च स मुनि आत्मनो महान्त तप प्रभावम् अवलोक्य अहङ्कारम् अपद्यत।

(प्राचीन काल मे कृतबोध नाम का एक कोई महातपस्वी वनवासी मुनि था। कभी पेड की छाया मे बैठे हुए उसके ऊपर एक बगले ने मल (बीट) कर दिया। उसने गुस्से मे आकर उसकी ओर देखा। देखने मात्र से ही वह बगला भस्मीभूत हो गया। और तब वह मुनि अपने महान तप के प्रभाव को देखकर अभिमान करने लगा।)

एकदा असौ एव मुनि कदापि नगरे कस्यचिद् ब्राह्मणस्य गृहम् एत्य तस्य गृहिण्या भैक्ष्यम् अयाचत। सा च पतिव्रता तदा पतिशुश्रूषारता आवर्तत। द्वारि आगतम् अतिथिम अवलोक्य सा सती प्रतीक्षस्व क्षण यावत् भर्तु परिचर्य्या समाप्यते—इति न प्रार्थित वती। कृतबोध च आत्मानम् अवज्ञात वीक्ष्य सरोष ता प्रति ऐक्षत।

"एक बार वह ही मुनि किसी नगरी मे किसी ब्राह्मण के घर

पहुँच कर उस घर की मालकिन से भिक्षा मागने लगा। और वह पतिव्रता स्त्री तब पति सेवा मे व्यस्त थी। द्वार पर आए अतिथि को देख कर वह सती—"क्षण भर प्रतीक्षा करें तब तक मैं पति की सेवा समाप्त नहीं कर लेती"—ऐसी प्रार्थना उस मुनि से करने लगी और कृतघ्नोय इसमे अपना अपमान जान कर गुस्से के साथ इस स्त्री की ओर देखने लगा।

ततश्च त कोपदृष्टया वीक्षमाणं निरीक्ष्य सा विहस्य अभाषत—मुने! न अहं बक इति।

("और तब उसको कोप की नजर से देखते हुए देखकर वह स्त्री हसकर बोलने लगी—हे मुनि, मैं बगुला नहीं हूँ।")

तत् आकर्ण्य मुनि—एतत् कथमिव ज्ञातम् अनया—इति चिन्तयन् तत्रैव विस्मित एवं तस्थौ।

(मुनि इसको सुनकर—इस स्त्री द्वारा यह कैसे जाना गया—यह सोचते हुए वहा ही हैरान होकर बैठ गया।)

सा साध्वी आदौ अग्निकार्यं ततश्च भर्तुं शुश्रूषा कृत्वा भैक्ष्यम् आदाय मुने अन्तिकमागमच्छत्।

बद्धाञ्जलिश्च स ताम् अवदत्—कथ मयत्या अनन्यगोचरो बकवृत्तान्तो ज्ञात—इति।

इस पतिव्रता ने पहले अग्नि जलाई और फिर पति की सेवा करके भिक्षा लेकर मुनि के पास गई। और वह हाथ जोड कर उस स्त्री को बोला—आपसे न देखा हुआ बगुले वाला हाल आप को किस प्रकार ज्ञात हुआ।

इत्युक्तवन्त त सोवाच—मुने! न मर्तृ सेवाया अपर कञ्चन धर्मं करोमि अहम्, तेन तत्प्रभावेन मे एतादृशक विज्ञानम्। तब

इस प्रकार कहते हुए वह उसको बोली—हे मुनि! मैं पति सेवा के अतिरिक्त और कोई भी धर्म कार्य नहीं करती, इससे उसकी

कृपा से ही मैंने इस प्रकार का ज्ञान प्राप्त किया। क्योंकि—

पतिर्हि देवो नारीणा पतिर्बन्धु पतिर्गुरु ।
पतिरेव गति स्त्रीणा धराया दैवत पति ॥१॥
नास्ति स्त्रीणा पृथक् यज्ञो न व्रत नाप्युपोषणम् ।
पतिं शुश्रूषते येन तेन स्वर्गे महीयते ॥२॥
जीवति जीवति नाथे मृते मृता या मुदायुत मुदिते ।
सहज स्नेह रसा सा कुलवनिता केन तुल्या स्यात् ॥३॥

('स्त्रियों के देवता पति हैं, बन्धु पति हैं, गुरु पति हैं। स्त्रियों की इस पृथ्वी पर पति ही गति है, उनका देवता पति ही है ॥१॥

स्त्रियों के लिए पति सेवा के अतिरिक्त कोई यज्ञ नहीं है, कोई व्रत नहीं है, न कोई उपवास, इसी पति-सेवा से स्वर्गप्राप्ति होती है ॥२॥

स्वभाव से ही स्नेहशीला कुल स्त्री उस पति के जीने से ही जीती है और उस पति के मरने से मरती है, उस पति की खुशी से ही वह खुश होती है। ऐसी कुल-स्त्री से किसकी तुलना की जावे ॥३॥)

किञ्च अतोऽपि भूय ज्ञातुमिच्छसि चेत् तर्हि वाराणसी निवासिन धर्मव्याधाख्य कञ्चन मासविक्रयिणं गत्वा एतत् पृच्छ ततश्च ते श्रयो सपत्स्यते, त्वं च निरहङ्कारो भविष्यसि—इति।

(और क्या, यदि इससे भी अधिक जानने की इच्छा रखते हो तो बनारस निवासी धर्मव्याध नाम के किसी कसाई के पास जा कर यह पूछो, और तब तुम्हारी भलाई होगी। और तुम निरभिमानी हो जाओगे।)

एवं सर्वविदा पतिव्रतया निर्दिष्ट गृहीत—अतिथिसत्कार ता

प्रणम्य स मुनि ततो निर्गम्य वाराणसीं प्रस्थित ।

(इस प्रकार सब कुछ जानने वाली पतिव्रता द्वारा आज्ञा दिया हुआ अतिथि सत्कार ग्रहण करके उस स्त्री को प्रणाम कर, वह मुनि वहां से निकल कर बनारस की ओर चल पड़ा ।)

अन्येद्यु स मुनि वाराणसीम् गत्य तत्र तं धर्मव्याधं निज पणिस्थ मासविक्रयं विदधानम् अपश्यत् । धर्मव्याधश्च दूरात एव त मुनिम् अभाषत—ब्रह्मन् ! किं पतिव्रतया तया त्वं प्रेषित ?

(दूसरे दिन [अगले दिन] उस मुनि ने बनारस पहुंच कर वहां उस धर्मव्याध को दुकान में बैठे मास बेचते हुए देखा। धर्मव्याध देखते ही उस मुनि से बोला—हे ब्रह्मन् ! क्या तुम यहां पर पतिव्रता देवी से भेजे गए हो ?)

तदाकर्ण्य सञ्जातविस्मय कृतबोध तम् अवदत—भद्र ! मास विक्रयिण ते कथमीदृश विज्ञानम् ?

(इसको सुनकर हैरान हुआ कृतबोध उससे बोला—अरे महाशय ! मास बेचने वाले तुझको किस प्रकार ऐसा विशेष ज्ञान प्राप्त हुआ ?)

इत्युक्तवन्तं त मुनिं धर्मव्याधो निगदितवान्—ब्रह्मन् ! अहं मातापित्रोर्भक्त, तौ हि मम पारायणौ, तयो स्नपितयो स्नापितयो भोजितयो भुक्त्वे, शायितयोश्च शये । तेन मे एतादृशं विज्ञानम् । तथाहि—

किं तया क्रियते धेन्वा या न सूते न दुग्धदा ।
कोऽर्थ पुत्रेण जातेन पित्रो सेवापरो न य ।१।
य पुत्रो गुणसम्पन्न मातापित्रोर्हिते रत ।
सर्वम् अर्हति कल्याणं फलीयानपि मत्तन ।२।
कोटरान्त स्थितो यद्वि तरुम् पर्व दहेत् क्वचित् ।

कुपुत्रस्तु कुले जात स्वकुल नाशयति अहो ॥३॥

(इस प्रकार कहते हुए मुनि से धर्मव्याध कहने लगा— हे ब्रह्मन्! मैं मात पिता का भक्त हूँ, वे दोनों ही मुझे प्यार लगाने वाले हैं। दोनों को नहला कर मैं नहाता हूँ, दोनों को खिलाकर मैं खाता हूँ, दोनों को सुलाकर मैं सोता हूँ। उनसे ही मैंने इस प्रकार का विशेष ज्ञान पाया है।
जैसे कहा है —

उस गाय से क्या करना है जो कि न बच्चे देती है और न दूध। उस उत्पन्न हुए पुत्र से क्या लाभ जो माता पिता की सेवा नहीं करता ॥१॥

जो गुणवान पुत्र माता-पिता की भलाई में लगा रहता है वह उत्तम पुरुष, छोटा होते हुए भी सब कल्याण को प्राप्त होता है ॥२॥

लोह के अन्दर जल रही आग एक पेड को निश्चय ही जला देती है। पर-तु कुल मे उत्पन्न एक बुरा पुत्र अपने सारे कुल को नष्ट कर देता है ॥३॥

अन्यच्च, मृगादीना मासानि स्वधर्मे इतिवृत्त्यर्थं नतु अर्थ-लालस्येन विक्रीणे। हे मुने! अहङ्कारो हि ज्ञानविघ्नरूप, तेन हि स मया तया च पतिव्रतया न कदापि कृत। अत आवयो ईदृश निर्बाध ज्ञानम्। तस्मात् त्वमपि गर्व परित्यज्य, धर्मं परिचर, येन आशु पर श्रेयोऽवाप्स्यसि।

(और दूसरे, जीवों आदि का मास अपना धर्म जान रोजी के लिए बेचता, हूँ, न कि धन की लालसा से बेचता हूँ। हे मुनि! अभिमान ही ज्ञान प्राप्ति के मार्ग मे विघ्न रूप होकर आता है। इसीलिए वह अभिमान मेरे और इस पतिव्रता

द्वारा कभी भी न किया गया। इसलिए हमारा इस प्रकार का धाधारहित ज्ञान है। इसी से तुम को भी अभिमान छोड़कर धर्म पर चलना चाहिए, जिससे शीघ्र ही अत्यन्त भलाई को प्राप्त कर लोगे।)

इत्येवमनुशिष्ट तेन व्याधेन स मुनि सद् गृह गत्वा स्व च सर्वां क्रियाम् अवलोक्य परितुष्ट मनम् अगात्, अवाप्त च तत् उपदेशात् अभीप्सितम्। तौ अपि पतिव्रतायर्म गर्व सद्धर्मचर्यया सिद्धि गतौ।

पतिव्रताना पितृपराणाञ्च एव प्रभाव।

(इस प्रकार उस व्याध से शिक्षा दिया हुआ वह मुनि स्वय घर जाकर उसकी सब क्रियाओं को देखकर सन्तुष्ट होता हुआ वन को चला गया और उसके उपदेश से अपने इच्छित फल को प्राप्त हुआ। उस पतिव्रता और धर्मव्याध ने भी धर्माचरण कर सिद्धि प्राप्त की।

पतिव्रताओं और माता पिता के भक्तों का ऐसा प्रभाव होता है।)

पाठ ३०

विषम ज्वर (मलेरिया)

भो जीवन कुमार ! कुत्र गच्छसि त्वम् ?
(जीवन कुमार जी, कहा जाते हो तुम ?)

नमस्कारोमि मित्र धनीराम। अस्मिन् वर्ष अहं विषमज्वर विरोधी सघस्य स्थानीयाध्यक्ष नियुक्तोऽस्मि। कार्यालयम् प्रति गच्छामि सम्प्रति। (नमस्कार मित्र धनीराम। इस वर्ष में विषम-ज्वर विरोधी सघ का स्थानीय अध्यक्ष नियुक्त हुआ हूँ। इस समय कार्यालय को जा रहा हूँ।)

विषमज्वरप्राय अस्माकम् भारतदेश। भवत कार्यम् अत्युपकारकम् अस्ति। (हमारा भारत देश विषमज्वरप्राय है। आपका काम बहुत उपकारी है।)

एष तु गहनो विषय। विशेषतया यदा जना प्रायेण अस्य विरोधार्थम् न प्रयतन्ते। ते सामूहिकरूपेण एतम् दूरीकरणार्थम न समीमासा भवन्ति। (यह बहुत गम्भीर विषय है। विशेषकर जब जनता के लोग अक्सर इसके विरोध के लिए प्रयत्न नहीं करते। वे समूह रूप से इसको दूर करने के लिए समान विचार वाले नहीं हैं।)

सत्यम् किम् ? तर्हि किं कर्तव्यमस्माभि ? (क्या सच बात है ? तो फिर हम लोगों को क्या करना चाहिए ?)

किं त्वम् ज्ञातुमुत्सुकोऽसि ? आगच्छ मयासार्धम् मे कार्यालये। अहं त्वाम् विस्तरेण उपायान् ज्ञापयामि (क्या तुम

उत्सुक हो ? मेरे साथ मेरे कार्यालय में चलो। मै तुम्हें विष से उपाय बतलाऊंगा।)

अहो भाग्य मे। अहं स्वप्नामे एतै उपायै जनानां करिष्यामि। (मेरे अहो भाग्य। मैं इन उपायों से अपने गांव जनता की भलाई करूंगा।)

वरमेतत् ! अस्य ज्वरस्य निदान विषमज्वराणु। ज्वरात् मानवात् मानवम् विशिष्टेन मशकदंशेन नीत भवन्ति। मादा नयिका एनाफली जातीय मशक। सा दंशनसमये लालया ज्वराणुम् प्रवेशयति। रक्ते प्रविष्टा कालेन वृद्धा च ज्वरान् नियत समये ज्वरकारका। विषमज्वरा कालज्वराणु भेदेन त्रय— तृतीयक, चतुर्थक, तृतीयकविपर्यय।

उपभेदानि च बहूनि। प्रायेण तृतीयक तृतीयकविपर्यय या तृतीये दिवसे आक्रमति। चातुर्थकश्च चतुर्थदिवसे आक्रमति। पर देश काल-बल भेदेन ज्वराणूनाम् आक्रमण भेदेन च अन्य भेदमपि दृश्यते।

अत यदि वय मशकदंशै आत्मान सुप्रकारेण रक्षाम कमपि विषमज्वरम् न लभिष्यामहे। अवत् तस्य मनसा मरण ग्राह्यम्। सन्ति उपायानि एतेन मध्येन वय ज्ञातव्यानि।

(यह अच्छी बात है। इस ज्वर का कारण विषम ज्वर एक क्षुद्राणु (Germ) है। यह ज्वराणु मनुष्य से मनुष्य एक विशेष प्रकार के मच्छर के काटने से ले जाए जाते हैं। इन ज्वराणुओं को ले जाने वाली एनीफल जाति की मादा मच्छर है। यह काटने के समय लार के साथ इस ज्वराणु को भी रक्त में प्रविष्ट कर देती है। अन्दर रक्त में प्रविष्ट हुए समय पाकर बढ़ हुए ज्वराणु नियत समय पर ज्वर करते हैं

सिद्ध होते हैं। विषमज्वर काल और ज्वराणु भेद से तीन हैं— तृतीयक, तृतीयकविपर्यय और चतुर्थक। और उपभेद बहुत से हैं। तृतीयक और तृतीयकविपर्यय अक्सर तीसरे दिन शरीर पर आता है। चतुर्थक चौथे दिन आक्रमण करता है परन्तु देश, काल और बल के भेद से और ज्वराणुओं के आक्रमण के भेदों से इनके लक्षणों मे भेद भी देखे जाते हैं। इसलिए यदि हम मच्छरों के काटने से अपने आपको भली प्रकार बचा लेते हैं तो किसी भी विषम ज्वर को हम न पावेंगे। यह सिद्धान्त मन में भली प्रकार धारण कर लेना चाहिए। सब उपाय इस तथ्य के अनुसार भी समझ में आते हैं।)

एतानि च विषम ज्वर विरोधी उपायानि। (विषमज्वर विरोधी उपाय निम्न कथित हैं।)

प्रथमं—अस्मद्भि वासस्थान सर्वत गृहसम्मार्जनम्य, अशुभ-जलस्य मस्मराश्यादेश्च सञ्चय न कर्त्तव्यम्। वासस्थान परित गर्त्तनाल्यादय पूरितव्या। जलगर्त्तानि भौम्मतैलेन सिंच्यानि।

(घर के सब तरफ कूड़ाकर्कट, गन्दा जल, मिट्टी ढेर आदि इकट्ठे न होने देने चाहिए। निवासालय के चारों ओर होने वाले गढ़े नालिया भर देनी चाहिएं। पानी के गढों को मिट्टी के तेल से सींच देना चाहिये।)

द्वितीयम्—गृहभागेषु पदार्थ बाहुल्यम् न श्रेष्ठम्। गृहभागानि सुप्रकारेण सम्मार्जितव्यानि। अन्धकोणेषु पिलटादानि मपक-मारकद्रव्याणि प्रयोज्यानि। नित्यमेव सौगन्धद्रव्यै होमम् कर्त्तव्यम्।

(घर के कमरों मे बहुत सामान रखना उत्तम नहीं। घर के कमरे भली प्रकार स झाडने चाहिए। अन्धेरे कोनों आदि में पिलट आदि मच्छरमार द्रव्य बरतने चाहिएं। प्रतिदिन सुग-

न्धित द्रव्यों से हवन करना चाहिए।)

तृतीयम्—यदि सम्भवम् तर्हि गृहद्वारेषु गवाक्षेषु च लोह जालमयद्वारान् नियोजय। (यदि सम्भव हो तो घर के दरवाजों खिड़कियों में जाली वाली चौखटें लगवा लो।)

चतुर्थम्—शयन समये निरावरणम् मा शेष्व। (सोते समय बिना कपड़े पहने मत सोओ।)

पञ्चमम्—शयन समये निरावृत शरीर भागेषु मशक—मोचक द्रव्यान् आलिप्य शेष्व। (सोते समय नंगे शरीर के भागों पर मच्छरों को डराने भगाने वाले द्रव्यों को लगा कर सोओ।)

षष्ठम्—स्वशय्या मशकजाल नियोज्य संरक्ष। (अपनी शय्या को मशहरी (मशक जाल) लगा कर रक्षा करो)

सप्तम्—नित्यं सुदर्शन चूर्ण, कुनीन, तुलसीदल, एजाईनादीन् विषमज्वरारि द्रव्यान् उपयोजय। (नित्य ही सुदर्शन चूर्ण, कुनीन, तुलसी दल, एजाईन आदि विषमज्वर दूर करने वाले द्रव्यों को उपयोग में लाओ।)

एतान् उपायान् कुर्वाणः मनुष्य विषम ज्वरेण संरक्षितः सुखमाप्नोति। (इन उपायों को करता हुआ मनुष्य विषम ज्वर से रक्षा किया हुआ सुख पाता है।)

जीवनकुमार! धन्यवादं करोमि। भवता बहूपकारं कृतम्। अहमेतत् ज्ञानपुञ्जम् जनलाभाय स्वग्रामे अवश्यमेव मोचयामि। किं भवत कार्यालय अयं। नमस्करोमि।

(जीवनकुमार धन्यवाद करता है। आपने मुझे बहुत सारी बातें बताईं। मैं इस ज्ञान पुञ्ज को अपने गाँव में जनता के लाभ के लिए अवश्य लगाऊँगा। क्या यह तुम्हारा कार्यालय है? नमस्कार।)

नतस्ते। यदा नगरमागच्छति भवान् तदा स्वमित्रम् द्रष्टु-मवश्यमेव आगमिष्यति। (नमस्ते, जब नगर मे आप आएं तो अपने मित्र को अवश्य मिलने आइयेगा।)

—❀ ० ❀—

सहभोज सभा

नमस्कारोमि भगवन्! स्वागतम भवत।

(नमस्कार श्रीमन्। आपका आना शुभ हो।)

नमामि सर्वेभ्य। (सब को नमस्कार।)

श्रीमान्! एभि श्रीमद्भि परिचयम् कारयामि।

(श्रीमन्, इन महानुभावों से आपका परिचय करवाता हूँ।)

धन्यवादम् करोमि। (आपका धन्यवाद करता हू।)

अय देवदास गान्धी हिन्दुस्तान टाइम्स इति पत्रस्य सम्पादन प्रबन्धक। महात्मन गान्धय पुत्ररत्न।

(ये देवदास गान्धी हैं हिन्दुस्तान टाइम्ज के मैनेजिंग सम्पादक। महात्मा गाधी के पुत्ररत्न।)

अय देशबन्धु गुप्त तेजेति पत्रस्य सम्पादक स्वामी च।

(ये देशबन्धु गुप्त हैं, तेज पत्र के सम्पादक और मालिक।)

अय अमरचन्द जैन राजहस मुद्रणालयस्य स्वामी।

(ये अमरचन्द जैन राजहंस प्रेस के मालिक हैं।)

अय मार्तण्ड उपाध्याय सस्ता साहित्य मण्डलस्य मन्त्री।

(ये सस्ता साहित्यमण्डल के मन्त्री मार्तण्ड जी उपाध्याय हैं।)

सपूर्णानन्द अय उत्तर प्रदेशस्य मुख्यमन्त्री।

(ये उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री सपूर्णानन्द हैं।)

अय पाश्चात्यो जयदेव विद्यालकार हिन्दी साहित्य-सम्मेलनस्य एतस्य वर्षस्य प्रधान। (ये पश्चिम निवासी

जयदेव जी विद्यालंकार हैं। हिन्दी साहित्य सम्मेलन के इस वर्ष के प्रधान।)

राहुल सांकृत्यायन अयं भारतस्य मुख्य साहित्यिकः।

(ये भारत के प्रमुख साहित्यिक राहुल सांकृत्यायन जी हैं।)

अयं वाङ्ग श्यामाप्रसाद मुकर्जी देशसेवी केन्द्रीय संसदस्य सभासद। (ये बंग वासी श्यामाप्रसादमुकर्जी, देश सेवी—और केन्द्रीय संसद के समासद हैं)।

पुरुषोत्तम दास टण्डनोऽयं उत्तरभारतस्य जनताप्रिय देश सेवकः। (ये उत्तर भारत के जनताप्रिय देशसेवक श्री पुरुषोत्तम दास टण्डन जी हैं।)

अयं तु समाजवादी जयप्रकाश नारायणः। (ये समाजवादी जयप्रकाश नारायण हैं।)

अयं शिक्षा मन्त्री अब्दुलकलाम आजादः। (ये शिक्षामन्त्री अब्दुलकलाम आज़ाद हैं।)

गुर्जर देश वासी कन्हैयालाल माणिकलाल मुन्शी, अयं विख्यातः देश सेवी साहित्य सेवी चः। (गुजरात वासी प्रसिद्ध देश सेवी और साहित्य सेवी कन्हैयालाल माणिकलाल मुन्शी ये हैं।)

इमौ रामकृष्ण डालमिया धनदश्यामदास बिड़ला च भारतस्य जन सेवी-दानशीलौ व्यवसायिनौ धनिनौ। (ये भारत के जन सेवी, दानशील व्यवसायी धनिक रामकृष्ण डालमिया और धनश्याम दास बिड़ला हैं।)

अयं माधवराव सदाशिव गोलवलकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघस्य सरसंघ चालकः। (ये राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघ चालक माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर हैं।)

इमे महानुभावा भवता सार्धं मिलित्वा कृतार्थिन भवन्ति। (ये महानुभाव आप के साथ मुलाकात करके कृतार्थ होते हैं।)

अहोभाग्य मे यद् भवत्कृपयैतेषामपि समागमो जात, अति प्रीतोऽस्मि। (मेरे अहोभाग्य जो आपकी कृपा से इन सबके साथ मिलाप हुआ। मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है।)

भो भृत्य ! करप्रक्षालनीयमर्घ्यमाचमनीय जल देहि। (नैरा, हाथ धोने आचमन आदि करने योग्य जल दो।)

इदमानीत गृह्यताम्। (यह लाया जी, लीजिए)

भो पाचका ! सर्वाणि भोज्यद्रव्याणि क्रमेण परिवेषितानि किं? (हे पाचको ! क्या सब भोजनद्रव्य सिलसिलेवार परोस दिये गए ?)

परिवेषितानि भगवन्। (श्रीमन् सब परोस दिए गए हैं।)

उत्तिष्ठत भगवन्त भोजनम् प्रस्तुतमस्ति। (उठिए, महाराज। भोजन प्रस्तुत है।)

भुञ्जिध्वम्। (भोजन कीजिए।)

भोजनत्य सर्वे पदार्था श्रेष्ठा जाता न वा ? (क्या भोजन पदार्थ उत्तम बने हैं, कि नहीं ?)

अत्युत्तमा सम्पन्ना किं कथनीयम्। (बहुत बढ़िया बने हैं। वाह ! वाह ! क्या ही कहने।)

भवता तद् ग्राह्य यस्येच्छाऽस्ति। (आपको जिस चीज की इच्छा हो लीजिए।)

प्रभूत भुक्त तृप्ता स्म। (बहुत खाया, हम तृप्त हो गए हैं।)

ताम्बूलाद्यानीयन्ताम्। (पान इलायची आदि लाओ।)

इमानि ताम्बूलादीनि सन्ति। गृह्यन्तु। (ये पान-इलायची

आदि हैं। ग्रहण कीजिए।)

प्रीता स्म भोजनेन भाषणेन महता समागमेन च। (भोजन और महापुरुषों के मेल-मिलाप से हम बहुत प्रसन्न हुए।)

भवद्भि अनुगृहीतोऽस्मि। (मुझ पर आप लोगों ने अनुग्रह किया)।

नमस्ते सर्वेभ्य। (सब को नमस्कार करता हूँ)

—❀ ० ❀—

पाठ ३१

समास

दो या दो से अधिक पद मिलकर विभक्तियों का लोप होकर जो समानार्थी नया पद बनता है वह समस्त-पद या समास कहलाता है।

समस्त-पद को पृथक् कर पदों को उचित विभक्तियां लगा कर वास्तविक रूप में करना विग्रह कहलाता है।

यथा—देवस्य पुत्र = देवपुत्र

रामश्च कृष्णश्च = रामकृष्णौ।

आतपे शुष्क = आतपशुष्क।

अश्वात् पतित = अश्वपतित।

गोभ्य हितम् = गोहितम्।

घन इव श्याम = घनश्याम।

मुख चन्द्र इव = मुखचन्द्र।

समास छः भेद हैं—द्वन्द्व, तत्पुरुष, कर्मधारय, द्विगु, बहुव्रीहि, अव्ययीभाव।

इन समासों के आगे और भी उपभेद हैं। इनका संक्षेप में वर्णन निम्नलिखित पंक्तियों में दिया जावेगा:—

१. द्वन्द्व—

जब दो वा अधिक प्रथमान्त शब्द च (और) से जुडे हों तो इन की विभक्तियों का लोप कर बने समस्त पद को द्वन्द्व समास कहते हैं—ये तीन प्रकार के हैं —

[क] इतरेतर द्वन्द्व। [ख] समाहार द्वन्द्व। [ग] एक शेष द्वन्द्व।

[क] इतरेतर द्वन्द्व—जब पृथक् २ पद अपना स्वतन्त्र महत्व रखते हुए बनें तो वचनों के समूह के अनुसार, समास के अन्त मे वचनान्त विभक्ति आती है।

यथा—राम च कृष्ण च = रामकृष्णौ। काकौ च हस च = काकहसा। हेमन्त च शिशिर च वसन्त च = हेमन्त शिशिरवसन्ता।

[ख] समाहार-द्वन्द्व—जब द्वन्द्व मे इतरेतर की तरह पृथक् पद की प्रधानता न रहकर सामूहिक अर्थ का बोध हो तो उसे समाहार-द्वन्द्व समास कहते हैं। अन्त मे नपु सकलिंग एक वचन ही रहता है।

यथा—क्षुद्र जन्तुओं के लिए-दशमशकम् (दशा च मशका च) परस्पर वैरी जन्तु-मार्जारमूषिकम् (मार्जार च मूषिक च)

[ग] एक शेष—जिस द्वन्द्व में दूसरे पदों का (समानार्थी वा समानरूप होने पर) लोप होकर केवल एक ही शेष रह जावे तो वह एक शेष द्वन्द्व समास रहता है।

यथा—घट च घट च=घटौ। माता च पिता च=पितरौ। पुत्र च दुहिता च=पुत्रौ।

२. तत्पुरुष समास—

तत्पुरुष समास मे प्रथम पद की प्रथमा से भिन्न विभक्ति रहती है। दूसरे पद की प्रथम विभक्ति रहती है। अन्तिम पद प्रधान रहता है। प्रथम पदान्त विभक्ति के अनुसार इसके छ भेद हैं—यथा—

आदि हैं। ग्रहण कीजिए।)

प्रीता स्म श्रेष्ठेन भोजनेन महता समागमेन च। (श्रेष्ठ भोजन और महापुरुषों के मेल-मिलाप से हम बहुत प्रसन्न हुए।)

भवद्भि अनुगृहीतोऽस्मि। (मुझ पर आप लोगों ने अनुग्रह किया)।

नमस्ते सर्वेभ्य। (सब को नमस्कार करता हूँ)

—❀०❀—

पाठ ३१

समास

दो या दो से अधिक पद मिलकर विभक्तियों का लोप होकर जो समानार्थी नया पद बनता है वह समस्त-पद या समास कहलाता है।

समस्त-पद को पृथक् कर पदों को उचित विभक्तियां लगा कर वास्तविक रूप में करना विग्रह कहलाता है।

यथा—देवस्य पुत्र = देवपुत्र
रामश्च कृष्णश्च = रामकृष्णौ।
आतपे शुष्क = आतपशुष्क।
अश्वात् पतित = अश्वपतित।
गोभ्य हितम् = गोहितम्।
घन इव श्याम = घनश्याम।
मुख चन्द्र इव = मुखचन्द्र।

समास के छ भेद हैं—द्वन्द्व, तत्पुरुष, कर्मधारय, द्विगु, बहुव्रीहि, अव्ययीभाव।

इन समासों के आगे और भी उपभेद हैं। इनका संक्षेप में वर्णन निम्नलिखित पंक्तियों में दिया जावेगा।—

१. द्वन्द्व—

जब दो वा अधिक प्रथमान्त शब्द च (और) से जुडे हों तो इन की विभक्तियों का लोप कर बने समस्त पद को द्वन्द्व समास कहते हैं—ये तीन प्रकार के हैं —

[क] इतरेतर द्वन्द्व। [ख] समाहार द्वन्द्व। [ग] एक शेष द्वन्द्व।

[क] इतरेतर द्वन्द्व—जब पृथक् २ पद अपना स्वतन्त्र महत्व रखते हुए बनें तो वचनों के समूह के अनुसार, समास के अन्त में वचनान्त विभक्ति आती है।

यथा—राम च कृष्ण च = रामकृष्णौ। काकौ च हंस च = काकहंसा। हेमन्त च शिशिर च वसन्त च = हेमन्त शिशिरवसन्ता।

[ख] समाहार-द्वन्द्व—जब द्वन्द्व मे इतरेतर की तरह पृथक् पद की प्रधानता न रहकर सामूहिक अर्थ का बोध हो तो उसे समाहार-द्वन्द्व समास कहते हैं। अन्त मे नपु सकलिंग एक वचन ही रहता है।

यथा—क्षुद्र जन्तुओं के लिए-दंशमशकम् (दंशा च मशका च) परस्पर वैरी जन्तु-मार्जारमूषिकम् (मार्जार च मूषिक च)

[ग] एक शेष—जिस द्वन्द्व मे दूसरे पदों का (समानार्थी वा समानरूप होने पर) लोप होकर केवल एक ही शेष रह जावे तो वह एक शेष द्वन्द्व समास रहता है।

यथा—घट च घट च=घटौ। माता च पिता च=पितरौ। पुत्र च दुहिता च=पुत्रौ।

२. तत्पुरुष समास—

तत्पुरुष समास मे प्रथम पद को प्रथमा से भिन्न विभक्ति रहती है। दूसरे पद को प्रथम विभक्ति रहती है। अन्तिम पद प्रधान रहता है। प्रथम पदान्त विभक्ति के अनुसार इसके छ भेद हैं—यथा-

क द्वितीया तत्पुरुष—स्वर्गप्राप्त (स्वर्गं प्राप्त), नगरगत (नगर गत)

ख तृतीया तत्पुरुष—हरित्रात (हरिणा त्रात), मातृसमा (मात्रा समा)

ग चतुर्थी तत्पुरुष—यूपायदारु (यूपदारू), भूतबलि (भूतेभ्य बलि)

घ पचमी तत्पुरुष—सर्पत्राव (सर्पात् त्रात), धर्मापेत (धर्मात् अपेत)

च षष्ठी तत्पुरुष—गगाजलम् (गगाया जलम्), राजपुरुष (राज्ञ पुरुष)

छ सप्तमी तत्पुरुष—वनजात (वने जात), आतपशुष्क (आतपे शुष्क)

इनके अतिरिक्त नञ तत्पुरुष यथा—अकाव्य (न काव्य), अनुक्ति (न उक्ति)। उपपद् तत्पुरुष यथा—कुम्भकार (कुम्भ करोति), भूचर (भुवि चरति)

अलुक् तत्पुरुष—जिसमे विभक्ति का लोप न हो यथा—जनु पान्ध (जनुपा अन्ध), परस्मैपद, आत्मेनपद। दूरादागत (दूरात आगत), खेचर (खे चरति)

३ कर्मधारय समास—

विशेषण और विशेष्य शब्दों के समास को कर्मधारय कहते हैं। इसके प्रमुख भेद ये हैं —(क) उपमान पूर्वपद कर्मधारय, (ख) उपमानोत्तरपद कर्मधारय।

(क) उपमान पूर्वपद कर्मधारय—जब पूर्वपद 'उपमान' होता है तो मध्य में 'इव' का प्रयोग कर बोध कराया जाता है। यथा—घन इव श्याम = घनश्याम।

(ख) उपमानोत्तरपद कर्मधारय—जब उत्तर पद 'उपमान' होता है तो अन्त में 'इव' का प्रयोग कर बोध प्राप्त किया जाता

है। यथा—पुरुष' सिंह इव = पुरुषसिंह। मुखं चन्द्र इव = मुखचन्द्र। करपल्लव।

४. बहुव्रीहि समास—

बहुव्रीहि समास विशेष्य के बोध कराने वाले विशेषण की तरह, दो या दो से अधिक पदों के समास से बनता है। इसके विग्रह समय प्रथमा से भिन्न विभक्ति यत् को लगाकर विशेष्य का बोध कराता जाता है। बहुव्रीहि में अन्य पद (विशेष्य) प्रधान होता है। इसके प्रधान भेद हैं—द्विपद, बहुपद, सख्योत्तर पद, सख्योभय पद, सहपूर्व पद।

द्विपद—आरूढवानर = आरूढ वानर यं स आरूढवानर वृक्ष। प्रपतितपर्ण=प्रपतितानि पर्णानि यस्य स प्रपतितपर्ण वृक्ष।

बहुपद—पराक्रमोपार्जितसम्पद्=पराक्रमेण उपार्जिता सपद् येन स पुरुष।

सख्योत्तर पद—दशाना समीपे (उप) ये सन्ति ते उपदशा।

सख्योभय पद—द्वि आवृत्ता दश द्विदशा।

सहपूर्वपद—पुत्रेण सहवर्तमान —सपुत्र।

५ द्विगु समास—

जिस समास मे समाहार भाव का बोध हो और उसका पूर्व पद सख्यावाचक हो उसे द्विगु समास कहते है। पद के अन्त में नपु सकलिंग एक वचन आता है।

चतुर्युगम्=चतुर्णाम् युगाना समाहार।

त्रिभुवनम्=त्रयाणा भुवनाना समाहार।

अष्टाध्यायी—अष्टानाम् अध्यायाना समाहार।

६. अव्ययी भाव—

जब पहला पद अव्यय और दूसरा पद नाम होता है तो

अव्ययी भाव समास होता है। इसका प्रयोग अव्यय की तरह नपुंसक लिंग प्रथमा एक वचन में होता है। विग्रह के समय अव्यय के स्थान पर उसके अर्थ का ही प्रयोग होता है।

उपकृष्णम्—कृष्णस्य समीपम्।

रथस्य पश्चात्—अनुरथ।

अक्षणो समीपे—समक्ष।

—❀—

पाठ ३२

लकारों के प्रयोग

लट् लकार (वर्तमान काल)

(क) लट् का प्रयोग सामान्य वर्तमान में होता है।

अशोक पाठशालाम् गच्छति। (अशोक पाठशाला को जाता है।)

अश्वा अश्वालयं धावन्ति (घोड़े अस्तबल को भागते हैं।)

(ख) शाश्वतिक (सच्ची) बातों के कहने में प्रयोग होता है।

सूर्य पूर्वे उदयते (सूरज पूर्व में निकलता है)।

अग्ने प्रकाश अन्धकार हरति। (आग का प्रकाश अन्धेरा दूर करता है)।

(ग) ऐतिहासिक घटनाओं और आख्यायिकाओं के वर्णन में प्रयुक्त होता है।

प्रताप मानसिंह वदति तव मम च साम्मुख्य युद्धस्थले भविष्यति।

(प्रताप मानसिंह को कहने लगा तेरा और मेरा सामना रण क्षेत्र में होगा)।

काक जलाय सर्वत पश्यति। (कव्वा जल के लिये सब ओर देखता है)।

(घ) क्रिया के सातत्य को बनाने मे लट् प्रयुक्त होता है।

कलाकार चित्र रचयति (कलाकार चित्र बना रहा है)।

एते मतदातार स्वमत दानाय गच्छन्ति। (ये मतदाता अपना वोट देने जा रहे हैं)।

(ङ) कभी-कभी आसन्न भविष्यत् अर्थ मे इसका प्रयोग होता है। त्वम् गच्छ अहमपि शीघ्रमेव आगच्छामि। (तू जा मैं भी शीघ्र ही आऊँगा)।

लङ् लकार

(क) लङ् का प्रयोग सामान्य भूत और अनद्यतन भूत (जो आज का नहीं) के अर्थ मे आता है।

चन्द्रगुप्त मौर्य पाटलीपुत्रे नृप अभवत्। (चन्द्रगुप्त मौर्य पाटलीपुत्र मे राजा हुआ)।

मम मित्र ह्य कार्यालय अगच्छत्। (मेरा मित्र कल दफ्तर गया)।

(ख) सातत्य दर्शाने के लिए।

मोहन सर्वं दिवस व्याकरणम् अपठत् (मोहन सारा दिन व्याकरण पढता है।

इसी अर्थ को प्रकट करने के लिए लट् के रूप के साथ स्म का प्रयोग कर भी कार्य सिद्धि की जाती है।

युवक मतदानाय गच्छन्ति स्म। (युवक वोट देने के लिए जा रहे थे)।

लृट् का प्रयोग

सामान्य भविष्यत् के लिए लृट लकार का प्रयोग होता है।

छात्रा: प्रधानमन्त्रे व्याख्यानम् श्रोतु कक्षे आगमिष्यन्ति।
(विद्यार्थी प्रधानमन्त्री का व्याख्यान सुनने को हाल में आयेंगे)।

लोट् लकार

लोट् लकार का प्रयोग आज्ञा, अनुमति, प्रार्थना उपदेश आदि अर्थों में होता है।

आज्ञा—'एतं चौरम् चौरकर्माय कारागृहे क्षिपत' इति नृपः अकथयत्। ('इस चोर को चोरी करने के कारण कैद कर दो' यह राजा ने कहा)।

अनुमति—अहं एतस्मिन् विषये वदानि किम्। (क्या मैं इस विषय पर बोलूँ)?

प्रार्थना—अद्य यूयं मम गृहे एव भोजनं भक्षयत्। (आज आप मेरे घर ही भोजन करें)।

उपदेश—अनृतं मा वदत, सत्याय यतत्। (झूठ मत बोलो सच के लिए यत्न करो)।

———

पाठ ३३

संस्कृत में अनुवाद करो।

(१) चोर रात में चोरी करते हैं। (२) सूरज गर्म और चन्द्र शीतल होता है। (३) राम दशरथ का बेटा था। ४) बेचारे हिरण को मत मार। (५) मृग शेर से डर कर दूर भागता है। (६) प्रकाश अन्धकार को दूर भगाता है। (७) अशोक जन प्रिय नृप था। (८) माता-पिता की सेवा करो। (९) गुरु की आज्ञा मानो (१०) छात्र गुरु के डर से पढते हैं। (११) बालक चुपचाप कमरे में बैठे रहे। (१२) भले पुरुषों को दुष्टों से डर लगता है। (१३) ऋषि के उपदेश सुन कर हमारा चित्त शान्त हो गया। (१४) क्या तुम भोजन कर रहे हो? (१५) कुत्ते भोजन को देख कर भागे। (१६) इन भोले जीवों को कष्ट न दो। (१७) मूर्ख लोभी अपच से मर जावेगा। (१८ सोमवार को हमारी कक्षा मे अध्यापक न आया। (१९) इतवार को अवकाश रहेगा। (२०) न खा, मैं अभी खाऊँगा। (२१) शकुनि और युधिष्ठिर पासों से जुआ खेलते थे। (२२) कृष्ण और अर्जुन में मित्रता थी। (२३) ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र ये चार वर्ण हैं। (२४) रोग, शोक और दुःख अपने पापों से होते हैं। (२५) ससार सयोग और वियोग को ही कहते हैं। (२६) परस्पर वैमनस्य शत्रुता पैदा करेगा। (२७) धन के लिए पुरुष घर के सुख छोड कर कहा-कहा फिरता है। (२८) मैं प्रतिदिन स्नान करके कार्यालय को जाता हूँ। (२९) जो सुनने योग्य था सुन लिया अब यहा रह कर क्या करूगा। (३०) मनुष्य यहा रोने के लिए आया है वा हसने के लिए? (३१) इन फलों को लेकर गुरु जी के सामने रख। (३२) विद्या

के बिना मनुष्य पशु समान होता है। (३३) जो सोता है वह खोता है। (३४) याद रक्खो दूध पीकर पानी कभी मत पिओ। (३५) मैं तुम्हारी बात नहीं सुनूंगा। (३६) सूरज, चन्द्र और तारे सब ईश्वरीय नियमों के अधीन हैं। (३७) राम जाओ और धान लेकर शीघ्र आ जाओ। (३८) मित्र के बिना इस कष्ट से कौन छुड़ाएगा? (३९) राम जी के राज्य में लोगों को किसी प्रकार का कष्ट और भय नहीं था। (४०) भली प्रकार स्नान करो। (४१) जवाहर अभी भी बहुत लोक-प्रिय है।

पाठ ३४

विद्या महिमा

(१) सर्व द्रव्येषु विद्यैव द्रव्यम् आहु अनुत्तमम्।
अहार्यत्वात् अनर्घ्यत्वात् अक्षयत्वात् च सर्वदा॥

सब पदार्थों में विद्या ही अत्युत्तम पदार्थ कहा जाता है। क्योंकि न तो यह चुराई जा सकती है न छीनी जा सकती है, न कभी नष्ट हो सकती है।

(२) विद्यया शस्यते लोके पूज्यते चोत्तमैः सदा।
विद्याहीनो नरः प्राज्ञसभाया नैव शोभते॥

विद्या से दुनिया में मनुष्य प्रशंसा प्राप्त करता है और इनेगे श्रेष्ठ मनुष्यों से पूजा जाता है। विद्याहीन मनुष्य बुद्धिमान पुरुषों की सभा में शोभा नहीं देता।

(३ नक्षत्र भूषणं चन्द्रो नारीणाम् भूषणं पतिः।
पृथिवी भूषणं राजा विद्या सर्वस्य भूषणम्॥

चन्द्रमा तारों मे भूषण समान उत्तम होता है, स्त्रियों का गहना स्वामी ही होता है। दुनिया का गहना राजा होता है और विद्या सब का गहना होता है।

(४) गतेऽपि वयसि ग्राह्या विद्या सर्वात्मना बुधै ।
यद्यपि स्यान्न फलदा, सुलभा सादन्यजन्मनि ॥

सब बुद्धिमान लोगों से विद्या बुढापे मे भी प्राप्त करने योग्य है। यद्यपि यह बुढापे मे फलदायक नहीं होती परन्तु इस प्रकार कर्म प्रमाणानुसार दूसरे जन्म मे आसानी से प्राप्त होने योग्य हो जाती है।

(५) कामधेनु गुणा विद्या ह्यकाले फलदायिनी।
प्रवासे मातृसदृशी विद्या गुप्त धन स्मृतम् ॥

विद्या कामधेनु के समान सब इच्छाएँ पूरी करने वाली होती है और समय-कुसमय फल देने वाली होती है। घर से बाहर विदेश मे भी विद्या माता के समान भलाई करने वाली है। विद्या एक गुप्त धन कहा जाता है।

(६) तपोविद्या च विप्रस्य निःश्रेयसकर परम् ।
तपसा किल्बिष हन्ति विद्ययाऽमृतम् अश्नुते ॥

ब्राह्मण का तप विद्या है और बहुत ही कल्याणकारी है। मनुष्य तप से पाप को नष्ट करता है। विद्या से अमृत को प्राप्त करता है।

(७) पुस्तकस्था तु या विद्या परहस्तगत धनम् ।
कार्यकाले समुत्पन्ने न सा विद्या न तत् धनम् ॥

पुस्तक मे लिखी विद्या और दूसरे के हाथ रखा हुआ (पास पडा हुआ) धन, दोनों (बुरा) समय आने पर न विद्या रहती है न धन (काम नहीं आ सकते, धोखा दे सकते हैं)।

(८) न चौरहार्यं न च राजहार्यं
न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धतएव नित्य
विद्या धन सर्वधन प्रधानम्॥

विद्या धन न तो चोर द्वारा चुराया ही जा सकता है और न राजा अथवा सरकार द्वारा छीना ही जा सकता है। न भाइयों में बाटा ही जा सकता है और न ही तो उठाने में भार समान लगता है। यह विद्या धन तो खर्च करने पर सदा बढता ही है। विद्या धन सब धनों में से उत्तम प्रकार का होता है।

(९) विद्या मित्रम् अमित्राणा निर्धनाना धन तथा।
पितरौ च असहायाना सर्वेषा सुख दायिनी॥

विद्या सर्वश्रेष्ठ मित्र होती है, गरीबों का धन विद्या होती है, माता पिता और आश्रयहीनों का सहारा भी विद्या होती है, विद्या सुख देने वाली होती है।

पाठ २५

पत्र लेखन

लेख द्वारा अपने मन के विचार अनुपस्थित व्यक्ति पर प्रकट करने के लिये जो उपाय प्रयुक्त किया जाता है उसे ही पत्र कहते हैं। पत्र-लेखन शैली में समयानुसार कुछ न कुछ भेद होता रहा है। परन्तु पत्र के मुख्य अग वही रहे हैं।

पत्र के मुख्य अग तीन हैं।

१ प्रारम्भ २ शरीर ३ अन्त।

इन अगों में प्रतिलिखित व्यक्ति और विषयानुसार कुछ भेद हो जाते हैं। अवस्थानुसार, पदवी अनुसार और आदर के स्थानानुसार आह्वान करने वाले शब्दों में भी भेद होता है। आजकल पत्र-लेखन में कम से कम और केवल उपयुक्त थोड़े से शब्दों में मनोभाव प्रदर्शित कर पत्र समाप्त कर दिया जाता है।

प्रस्तुत पुस्तक मे केवल, विषय प्रवेश मात्र के कारण, मुख्य भेदों के नमूने दे दिये जा रहे हैं।

पिता के नाम पत्र

अपना पता और तिथि
पत्र के इस ओर ऊपर

६६ अशोकनगर,
दिल्ली।
८-६-२००६

श्री परमादरणीयेषु पितृ चरणेषु,

सादरम् वन्दे।

भगवद्कृपया अद्य प्रथमेन यानेन स्थानम् प्राप्य चिकित्सकं कविराजं आशुतोष अपश्यन्। तं सविस्तरेण मया मातु वृत्तान्त. कथित। अहं तु तेन सर्वं प्रकारेण आश्वासित। स कथयति यत- मातु अवस्था न किञ्चिदपि शोचनीया। तेनैव ओषधेन सा- समयान्तरेण स्वस्था भविष्यति इति मम विश्वास।

अद्य सायंकाले अहं अन्यान् गण्यमान्यान चिकित्सकान् अवश्यमेव गमिष्यामि। तेषाम् सम्मतिम् तु ग्रहीष्यामि। पूज्यौ (तौ) तै आश्वासित' ओषध सम्भारं (ओषधादि सामान) क्रेतुम् स्थास्यामि होराम्। एव सर्वानिवस्तूनि प्राप्य रात्रियानेन एव आगमिष्यामि।

मम पत्रम् चिन्तानिवारकम् भवेत्।

आगन्तुम् उत्सुक,

भवदीय कृपापात्र
सोमदत्त

इसी प्रकार सब अवस्था मे बड़े आदरणीयों को पत्र लिखा जाता है। जब पत्र किसी अवस्था मे छोटे प्रिय पात्र को लिखा जाता है तो नीचे लिखा नमूना देखना चाहिए।

५२३ यमुना नगर,
आश्विन कृष्ण ७

प्रियवर दिनेश,

चिरञ्जीवतु।

तव एक पत्र मया प्राप्तम्। पत्र समाचारेण आह्लादितोऽस्मि यतस्त्वं स्व कक्षायाम प्रथम अस्ति। वत्स! सुयत्न निश्चयमेव फलवान् भवति। त्व मनसा शरीरेण च यत्नशील कार्ये फलम् मुडडन्द्य।

निकटेपु अवकाश दिनेपु स्वगृहे आगन्तव्यम्। तवमाता त्वा द्रष्टु इच्छति। सा च तुभ्यम् कानिचित् स्वाध्यायपुस्तकानि दास्यति। एतानि पुस्तकानि तुभ्यम् परमोपयोगिनी भविष्यन्ति। तव माता च किञ्चिदस्वस्था अस्ति। तस्या मनोकामना अवश्यमेव पूरितव्या।

तव कनिष्ठा भगिनी भ्राता च कानिचित् बालसाहित्य पुस्तकानि पठितु इच्छतः। ताभ्याम् सस्ता साहित्य मण्डलात नव प्रकाशितानि पुस्तकानि आनेतव्यानि।

स्वास्थ्य-उन्नत्यर्थं नवप्रसूता गौ नन्दिनी त्वा प्रतीक्षति।
अवकाशदिनानि प्रतीक्षमाणः,

भवदीय शुभचिन्तक,

यशपाल

समवयस्थ बन्धु वा मित्र, भाई आदि को पत्र लिखते समय निम्न नमूना देखना चाहिए।

३२, आर्यपुरा,
देहरादून।
कार्तिक शु० ४

विनोद,

कालान्तरेण तव पत्रम् प्रभातपत्रदाने मया प्राप्तम्। पत्रम् पठितुम् सर्वा बान्धव एव परमोत्सुका आसन। त्वया कलकत्ता नगरस्य उत्तमम् लेखिचित्रम् प्रेषितम्। दिल्ली नगरस्तु कलकत्ता नगरात् अनेक प्रकारेण भिन्न अस्ति। यद्यपि अय राज्यकेन्द्र परन्तु नगरभावेन एष न सुप्रवर्धित। यातायात साधनानि, निर्मितानि भवनानि, व्यवसाय वसनभावश्च दिल्लीनगरात् उच्चतर। दिल्ली तु ऐतिहासिक स्मारकेभ्य प्रसिद्धतर। एतेषाम् स्मारकाणाम् अध्ययनम् ऐतिहासिकज्ञानप्रदम्। अधुना उत्थापित मनुष्येभ्य नवोपनगरा निर्मिता। भविष्ये तु दिल्ली सुचरु रूपेण वर्धिष्यते। कलकत्ता नगरस्य वनस्पत्युद्यान, म्युजियम, जीव सग्रहालयश्च अत्युत्तमा। एते तु दर्शनीया। दिल्ली नगरस्य नवानि दर्शनीयानि स्थानानि ससदभवनम्, राष्ट्रपति भवनम्, केन्द्रीय-राज्य कार्यालय भवनम् च।

त्व दिल्ली नगरम् कदा आगमिष्यसि। आगमनसमय पूर्वम् एव लिखितव्य। आगमन काले कानि वस्तूनि नयिष्यमि? मह्यम् नवबगसाहित्यम् आनेतव्यम्। नीरजा च स्वानि क्रीडावस्तूनि स्मरति। आगमन काले लखनऊ नगरे भगिनिम् मिलित्वा एव आगन्तव्यम्। अहमपि पत्र दृष्ट्वा दिल्ली नगरम् प्रति चलिष्यामि।

तव दर्शनेच्छुक,

भवदीय सहचर
जगदीश

पाठशाला में अवकाशार्थ पत्र लिखना हो तो, अथवा साधारणतया कोई दफ्तरी पत्र लिखते समय निम्न प्रकार का नमूना लाभप्रद होगा।

१४ देवनगर
नवदिल्ली।
कार्तिक कृष्ण २

श्री मुख्याध्यापकस्य, श्रीचरणेषु,
नवगान्धी पाठशाला,
करौलबाग।

श्रीमन्,

श्री चरणेषु निवेदयामि यत् अहं अद्य उच्च ज्वरवेगेन पीडित अस्मि। अध्ययनकार्ये च असमर्थ अस्मि। अत अद्य द्वे दिवसाभ्याम अवकाशाय प्रार्थे।

भवान् तु मह्यम अवकाशम् स्वीकृत्य उपकरिष्यति।

(अथवा अहं तु भवत उपकारित कृतज्ञ भविष्यामि

भवदीय आज्ञाकारी शिष्य,
तेजपाल
नवम्याम् श्रेण्याम।

श्री मुख्याध्यापकाय,
वटलरहायर सेकण्डरी स्कूल,
नवदिल्ली।
माघ शुक्ल ४

श्रीमन्,

निवेदयामि यत् मम पुत्र, ज्ञानवीर य पंचाम्या कक्षाया पठति, ज्वरवेगेन पीड़ित अस्ति। कक्षाध्ययनकार्ये च असमर्थ अस्ति। अत तस्मै एकाय दिवसाय अवकाश स्वीकृत्य कृपाभावम् प्रदर्शतु।

भवदीय शुभचिन्तक
युद्धवीर,
बालकस्य पिता।

व्यवसाय सम्बन्धी पत्र लिखते समय निम्न नमूने का ध्यान रक्खें।

श्री प्रबन्धकर्ता महोदय,
सस्ता साहित्य मण्डल,
कनाट सर्कस,
नय दिल्ली।
कार्तिक कृष्ण १०

श्रीमन्,

भवत प्रकाशितम् गाधी साहित्यम् अध्ययनेच्छुक अहम्। कृपया तस्य विज्ञापनभावेन प्रकाशितम् विज्ञापकसाहित्यम् मम समीपे प्रेपय। कृपया निम्नलिखितानि पुस्तकानि अपि वी पी पोस्टेन प्रेपय।

वी० पी० पोस्टेन प्रेपय।

१ 'गाधी शिक्षा' इति एक प्रति।
२ 'गीता प्रवचन' इति एक प्रति।

पुस्तकानि प्रतीक्षमाण,

भवदीय शुभचिन्तक
देवराज
२२ गोपालपुर,
पत्रालय काशीनगर,
उत्तर प्रदेश।

पत्र लेखन में केवल प्रवेश मात्र कराया गया है। यह पर्याप्त विस्तृत विषय है और लिखने के ढग भी कई हैं। यह तो साधारण प्रचलित ढगों के नमूने मात्र है।

पाठ ३६

सूक्तयः

(१) आरोह तमसो ज्योति ।
अन्धकार से प्रकाश की ओर बढो।

(२) अध्रुवात् ध्रुव वरम् ।
नौ नकद न तेरह उधार ।

(३) नवा वाणी मुखे मुखे ।
जितने मुँह उतनी बातें ।

(४) विषस्य विषमौषधम् ।
विष को विष ही काटता है ।

(५) किमज्ञेय हि धीमताम् ।
बुद्धिमान् मनुष्यों से कुछ भी अनजाना नहीं रहता ।

(६) कण्टकेनैव कण्टकम् ।
काटे से ही काँटा निकलता है ।

(७) ज्ञानस्याभरणम् क्षमा ।
ज्ञानी पुरुष का भूषण क्षमा होती है ।

(८) नैकत्र सर्वे गुण सन्निपात ।
एक ही मे सब गुणों का मेल नहीं हुआ करता ।

(९) भिन्नरुचिर्हि लोक ।
ससार मे मनुष्य पृथक पृथक पसन्द वाले होते हैं ।

(१०) परोपकारार्थमिद शरीरम् ।
यह शरीर परोपकार के लिये ही होना चाहिए ।

(११) गतं न शोचामि कृतं न मन्ये ।
बीते का शोक नहीं करता, किये को मानता नहीं ।

(१२) सुखो विद्यार्थिन सुखम् ।
विद्यार्थी जीवन में सुख नहीं हुआ करता ।

(१३) क पर प्रियवादिनाम्।
मीठा बोलने वाले के लिये कोई पराया नहीं होता।
(१४) किं दूरं व्यवसायिनाम्।
व्यौपारी मनुष्यों के लिये कोई भी देश दूर नहीं होता।
(१५) विद्या गुरुणा गुरु।
विद्या गुरुओं की भी गुरु होती है।
(१६) कष्ट खलु पराश्रय।
परतन्त्रता में कष्ट ही हुआ करता है।
(१७) किं जीवितेन पुरुषस्य निरक्षरेण।
अक्षर ज्ञान रहित पुरुष का जीना निरर्थक होता है।
(१८) कोऽर्थी गतो गौरवम्।
माँगने वाले किस व्यक्ति को गौरव मिला?
(१९) महान्महत्येव करोति विग्रहम्।
बड़े बड़ों से ही माथा लगाते हैं।
(२०) कुपुत्रेण कुल नष्टम्।
कुपुत्र से कुल नष्ट हो जाता है।
(२१) निरस्तपादपे देशे एरण्डोऽपि द्रुमायते।
बिना वृक्ष के स्थानों में एरण्ड ही वृक्ष समझा जाने लगता है।
अन्धों में काना राजा।
(२२) चौराणामनृतं बलम्।
चोरों का बल झूठ होता है।
(२३) अल्प विद्या महागर्व।
थोथा चना बाजे घना।
(२४) अर्धो घटो घोषमुपैति नून।
थोथा चना बाजे घना।

(२५) अति सर्वत्र वर्जयेत्।
अकिता सब जगह वर्जनीय होती है।
(२६) अधिकस्य अधिकं फलम्।
अधिक यत्न का अधिक फल होता है।
जितना गुड डालोगे उतना मीठा होगा।
(२७) अजीर्णे भोजनम् विषम्।
अपच में किया भोजन विष समान होता है।
(२८) अपुत्रस्य गृहम् शून्यम्।
निस्सन्तान का घर सूना होता है।
(२९) आचार परमोधर्म।
अच्छा चालचलन रखना हमारा परम धर्म है।
(३०) विद्याविहीन पशुभि समान।
विद्याहीन पुरुष पशु समान होता है।
(३१) सन्तोष परम सुखम्।
सन्तोष में सबसे अधिक सुख होता है।
(३२) यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी।
जैसी जाकी भावना वैसा ही फल होय।
(३३) वृद्धा बदया तपस्विनी।
सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली।
(३४) स्वस्थे चित्ते बुद्धय सम्भवन्ति।
स्वस्थ हृदय पुरुष की बुद्धिया स्फुरित होती रहती हैं।
(३५) प्राय समापन्नविपत्तिकाले धियोऽपि पु सा मलिनामयन्ति
प्राय विपत्तिकाल आने पर मनुष्यो की बुद्धिया भ्रष्ट
जाती हैं।
(३६) विनाशकाले विपरीत बुद्धि।
विनाश समय में प्राय बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है।

(३७) यथा देशस्तथा वेष ।
जैसा देश वैसा भेस ।

(३८) गत न शोचनीयम् ।
बीती बात का शोक न करना चाहिये ।

(३९) वह्वारम्भे लघुक्रिया ।
खोदा पहाड निकली चुहिया ।

(४०) दण्ड शास्ति प्रजा सर्वा ।
डडा सबको ठीक करता है ।

(४१) बुभुक्षित न प्रतिभाति किञ्चित् ।
भूखे को कुछ भी नहीं सुहाता ।

(४२) दूरत पर्वता रम्या ।
दूर के ढोल सुहावने ।

(४३) विपद् विपदमुन्नध्नाति ।
बुरे दिन इकट्ठे आते हैं ।

(४४) हिताहित वीक्ष्य निष्काममाचरेत् ।
जितनी चादर देखो उतना पाव पसारो ।

(४५) सर्व कान्तमात्मीय पश्यति ।
सब को अपनी चीज भली दीखती है ।

(४६) उप्यते यद्धि यद् बीज तत्तदेव प्ररोहति ।
जो बीजोगे वही काटोगे ।

(४७) इतो भ्रष्टस्ततो नष्ट ।
धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का ।

(४८) स्वभावो दुरतिक्रम ।
स्वभाव नहीं बदलता ।

(४६) अनुक्तमप्यूहति पण्डितो जन ।
पढे लिखे को इशारा काफी ।
(५०) न सरोहति वाक् क्षतम ।
जबान का जरम नहीं भरता ।
(५१) नियति केन लङ्घयते ।
भाग्य मे लिखे को टालने के लिये कौन समथ है ।
(५२) महाजनो येन गत स पन्था ।
बडों की राह भली ।
(५३) एका क्रिया द्वयर्थकरी प्रसिद्धा ।
एक पंथ दो काज ।
(५४) अति दर्पाद् हता लङ्का ।
अहकार का सिर नीचा ।
(५५) न सुख दु खैर्विना लभ्यते ।
सेवा बिना मेवा कहा ।
(५६) जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी ।
माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़ कर हैं ।
(५७) यदस्मदीय न हि तत् परेषाम् ।
जो अपनी वस्तु है वह पराई नहीं हो सकती ।
(५८) शठे शाठ्यं समाचरेत् ।
जैसे को तैसा ।
(५९) विक्रीयन्ते न घण्टाभिगाव क्षीर विवर्जिता ।
दूध न देने वाली गौ के गले मे घण्ट लटकाने से न बिक जाती ।
(६०) गुणा गुणज्ञेषु गुणा भवन्ति ।
गुणियों में ही गुणों का आदर होता है ।
(६१) मौन सर्वार्थ साधनम् ।
चुप्पी से सब काम सिद्ध होते हैं ।

(६२) नैकमुखो हि लोक ।
जितने मुँह उतनी बातें ।
(६३) द्विषन्ति मन्दाश्चरितं महात्मनाम् ।
दुष्ट महात्माओं के चरित से चिढते हैं ।
(६४) कथापि खलु पापानामलमश्रेयसे यत ।
पापों की तो कथा भी बुरी ।
(६५ कृशे कस्यास्ति सौहृदम ।
निर्बल से किसकी मित्रता ।
(६६) अर्थो हि लोके पुरुषस्य बन्धु ।
धन ही मनुष्य का ससार में साथी है ।
(६७) सर्वनाशे समुत्पन्ने अर्धं त्यजति पण्डित ।
सारा जाता देखिए आधा दीजे बाँट ।
(६८) हित मनोहारि च दुर्लभ वच ।
हितकारी और मनोहर वचन सदा सुनने को नहीं मिलते ।
(६९) सेवाधर्मा परम गहन ।
सेवा का काम बडा कठिन होता है ।
(७०) पय पान भुजङ्गना केवल विषवर्धनम् ।
साप को दूध पिलाना सिर्फ जहर बढाना है ।
(७१) सर्वे पदा हस्तिपदे निमग्ना ।
हाथी के पाव में सब का पाव ।
(७२) सर्व स्वार्थं समीहते ।
सब अपना उल्लू सीधा करते हैं ।
(७३) सपत्तौ च विपत्तौ च महतामेकरूपता ।
सज्जन संपत्ति और विपत्ति मे समान भाव रहते हैं ।
(७४) सत्यमेव जयते नानृतम् ।
सत्य की ही जय होती है, झूठ की नहीं ।

(७५) समय एव करोति बलाबलम्।
काल सब कुछ करा देता है।
(७६) आदान हि विसर्गाय सता वारिमुचामिव।
सज्जन मेघ समान धन, जोड़े दान निमित्त।
(७७) लोभ पापस्य कारणम्।
लोभ ही पाप की जड़ है।
(७८) विकारहेतौ सति विक्रियन्ते येषा न चेतासि त एव धीरा।
विकार के कारणों के होने पर भी जिनके मन नहीं बिगड़ते वे ही धैर्यवान पुरुष हैं।
(७९) आलस्यो हि मनुष्याणा शरीरस्थो महारिपु।
मनुष्य के शरीर में रहने वाला सबसे बड़ा शत्रु आलस्य होता है।
(८०) छिद्रेष्वनर्था बहुली भवन्ति।
बुरे दिनों में आपत्तिया भी घिर कर आती हैं।
(८१) उदारचरिताना तु वसुधैव कुटुम्बकम्।
उदार चित्त मनुष्यों के लिए सारी पृथ्वी ही कुटुम्ब है।
(८२) पण्डितोऽपि वर शत्रुर्न मूर्खो हितकारक।
मूर्ख मित्र से तो समझदार शत्रु भला।
(८३) नीचैर्गच्छति उपरि च दशा चक्रनेमि क्रमेण।
सब दिन होत न एक समान।
(८४) सत्संगति कथय किं न करोति पुसाम्।
अच्छी सगति पुरुषों का क्या भला नहीं करती?
(८५) प्रक्षालनाद्धि पकस्य दूरादस्पर्शनं वरम्।
कीचड़ को धोने की अपेक्षा इसको न छूना ही ठीक है।
(८६) जलबिन्दु निपातेन क्रमशः पूर्यते घट।
बूँद बूँद जल से घड़ा भर जाता है।

(८७) लोचनाभ्या विहीनस्य दर्पण किं करिष्यति।
चक्षुहीन को शीशे से क्या लाभ।

(८८) हेम्न सलक्ष्यते ह्यग्नौ विशुद्धि श्यामिकापि वा।
आग मे खोटे खरे सोने की परख होती है।

(८९) न रत्नमन्विष्यति मृग्यते हि तत्।
रत्न स्वय नहीं ढूँढता, ढूँढा जाता है।

(९०) मनोरथानाम् गतिर्न विद्यते।
मन की उडान की गति जानी नहीं जाती।

(९१) महीयास प्रकृत्या हि मित-भाषिण।
महापुरुष स्वभाव से ही कम बोलते हैं।

(९२) उपदेशो हि मूर्खाणा प्रकोपाय न शान्तये।
सीख याको दीजिये जाको सीख सुहाय।

(९३) सहसा विदधीत न क्रियाम् अविवेक परमापदा पदम्।
बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताय।

(९४) सामानाधिकरण्ये हि तेनस्तिमिरयो कुत ?
प्रकाश और अन्धकार की क्या बराबरी ?

(९५) बुभुक्षित किं न करोति पापम्?
भूखा (मरता) क्या नहीं करता ?

(९६) चकास्ति योग्येन हि योग्य सगम।
योग्य का योग्य से ही मेल उत्तम है।

(९७) शरीरमाद्य खलु धर्म साधनम्।
शरीर ही धर्म का मुख्य साधन है।

(९८) सन्तोष एव पुरुषस्य पर निधानम्।
सन्तोष ही मनुष्य का उत्तम खजाना है।

(९९) को विदेश सविद्यानाम्।
विद्वान् के लिए कोई भी देश विदेश समान नहीं रहता।

(१००) सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम्।
पराधीनता में दुःख और स्वतन्त्रता में सुख रहता है।

पाठ ३७

सद्वृत्तम्

बन्धवः ! यूयं प्रातः काले सूर्योदयात् प्राक् जागृत उत्तिष्ठत च। पूर्वं शौचं स्नानादिकम् अनुतिष्ठत। आह्निकं कृत्यं यथाकालं यथावकाशं च कुरुत।

(बन्धुओ ! तुम प्रात काल सूर्योदय से पहले जागो और शय्या से उठ जाओ। पहले शौच स्नान आदि करो। फिर दैनिक कर्म [सन्ध्या आदि] यथा समय करो।)

अनुशासनम्—सत्याद् धर्मान्न च प्रमादितव्यम्। मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव, अतिथिदेवो भव। यानि सुचरितानि तानि उपास्यानि, नो इतराणि नक्तं दिवा वा एकदा अमार्गे न चरेत्। श्रद्धया देयम्। अश्रद्धयाऽदेयम्। नित्यं सन्तः वासः, सुमनसः, साधुवेशाः, मित्रमायाः, वश्यात्मानः, कृते हितात्मानः, मधुरार्थवादिनः, निर्मोकः, धीमन्तः, महोत्साहाः, दक्षाः भवत। सच्चरित्रवन्तः, क्षमावन्तः, धर्मशीलाः, विनयबुद्धिर्विज्ञानिजन-वयोवृद्ध-सिद्धाचार्याणाम् उपासितारश्च। केनापि सह अपकारेण न वर्तितव्यम्। त्वया केनचिदपि सार्धं कलहः न कार्यः। एकस्मिन् काले एकमेव कार्यं विधेयम्। कार्यद्वयमेकदा कदापि न साधु सम्पद्यते। न स्त्रियम् अवजानीत। ज्येष्ठाः श्रुतवृद्धाः पूर्वजानाञ्च नाम्ना तान् नामन्त्रयेत्, श्री, जी, शब्दावादायन्ते च वाच्यौ।

(अनुशासन ये हैं—सत्य और धर्म से कभी गफलत न करो। माता, पिता, आचार्य और अतिथि को देव सम समझो। जो-जो अच्छे कार्य हों वे-वे अपनाने चाहियें दूसरे नहीं। रात को वा दिन को अकेले मार्गरहित स्थान पर न जाओ। श्रद्धापूर्वक दो। अश्रद्धा से न दो। प्रतिदिन स्वच्छ वस्त्र पहन कर, साफ मन से, मलों के से वस्त्र पहिन, मित्र वाले बन, अपने को काबू में रख, समयानुसार अपनी भलाई समझ, मीठी और मतलब की बात करते हुए निडर बनो, बुद्धिमान बनो, हिम्मतवाले बनो, कार्यकुशल बनो। चरित्रवान बनो, क्षमावान बनो, धर्मशील बनो, विनयवान, बुद्धिवान और विद्यावान बनो। जानकारों, बडेबूढों, गुरु, आचार्यादिकों के पास बैठने वाले बनो। किसी से भी बुराई न करनी चाहिए। तुम्हें किसी से भी झगडा नहीं करना चाहिये। एक समय में एक ही काम करना चाहिये। दो काम एक ही समय में कभी भली प्रकार पूरे नहीं होते। स्त्रियों का अपमान न करो। अपने से बडों, अपने रिश्तेदारों, दादादि पूर्वजों को नाम के साथ न पुकारो। श्री और जी शब्दों को शुरू और अन्त में लगाकर पुकारो।)

व्यायामोऽपि मनुष्याणां प्रधानधर्म। स्वास्थ्य शरीरसौन्दर्यं, लावण्य, पाचन बल च व्यायामेनैव वर्धते।

(व्यायाम भी मनुष्यों का प्रधान धर्म है। यह व्यायाम स्वास्थ्य को, शरीर की सुन्दरता को, मुख की रौनक को, पाचन शक्ति को बढाता है।)

केवल पक्वानि मधुराणि फलानि भक्षितव्यानि। पूतं जल पेय। सज्जनै सगो विधेय दुर्जनात् हेय, पात्रे देयम्, मनसा देयम्, अकारण वृक्षारोहण न कर्त्तव्यम्। प्रमादी मा भव, अपकारिषु अपि उपकारि भव।

(केवल पके मीठे फल खाने चाहिए। छना हुआ जल पीना चाहिए। भले पुरुषों का साथ करना चाहिए। बुरा संग न करना चाहिए। देने योग्य को देना चाहिए। मन से दुःख न करना चाहिए। बिना कारण वृक्ष पर चढ़ना नहीं चाहिए। गफलत के काम न करो। बुरा करने वाले का भी भला करो।)

पाठ ३८

शिक्षा

(१) आयुष्मान् केन भवति अल्पायुर्वापि मानवः।
केन वा लभते कीर्तिं केन वा लभते श्रियम्॥
(२) आचाराल्लभते ह्यायुराचाराल्लभते श्रियम्।
आचारात्कीर्तिमाप्नोति पुरुष प्रेत्य चेह च॥

मनुष्य छोटी आयु वाला होता हुआ भी आयुवान किस प्रकार होता है? किस प्रकार यश प्राप्त करता है? किस प्रकार उत्तमता प्राप्त करता है?

मनुष्य आचार से ही आयुवान होता है और आचार से ही उत्तमता एवं यश को भूत में वा वर्तमान में प्राप्त करता है।

(३) ब्राह्मे मुहूर्ते बुध्येत धर्मार्थौ चानुचिन्तयेत्।
उत्थायाचम्य तिष्ठेत पूर्वां सन्ध्यां कृताञ्जलिः॥

ब्राह्म मुहूर्त में शय्या त्याग कर पश्चात धर्म-अर्थ की चिन्ता करे। उठ कर आचमन करके प्रातः हाथ जोड़ कर सन्ध्योपासना करे।

(४) नित्यमग्निं परिचरेद्भिक्षां दद्याच्च नित्यदा।
वाग्यतो दन्त काष्ठं च नित्यमेव समाहरेत्॥

प्रतिदिन हवन करे, प्रतिदिन भिक्षा दे। नित्य ही मुख शोधनार्थ दातुनादि नित्य धर्म करे।

५) मातापितरमुत्थाय, पूर्वमेवाभिवादयेत्।
आचार्यमथवाप्यन्य तथायुर्विन्दते महत्॥

उठकर माता-पिता को पहले प्रणाम करे। गुरु अथवा अन्य बड़ों को भी प्रणाम करे और बड़ी आयु पावे।

६) नोत्सृजेत पुरीष च क्षेत्रे ग्रामस्य चान्तिके।
उदङ्मुखश्च सतत शौच कुर्यात्समाहित॥

खेत में, और गाव के पास मल त्याग न करे। लगातार मुख को ऊँचा करके मल विसर्जन करे।

७) स्नात्व च नावमृज्येत गात्राणि सुविचक्षण।
उभे मूत्रपुरीषे तु नाप्सु कुर्यात् कदाचन॥

बुद्धिमान नहा कर अगों को न रगडे (स्नान करते समय रगडे)। मूत्र और मल दोनों को पानी में कभी न करे।

(८) अन्न बुभुक्षमाणस्तु त्रिर्मुखेन स्पृशेदप।
भुक्त्वा चान्न तथैव त्रिर्हि पुन परिमार्जयेत्॥

भोजन करते समय मुख से तीन बार जल स्पर्श कर (आचमन करके भोजन करे) भोजन करके मुख को पुन तीन बार शुद्ध करे।

(९) पन्था देयो ब्राह्मणाय गोभ्यो राजभ्य एव च।
वृद्धाय भार तप्ताय गर्भिण्यै दुर्बलाय च॥

ब्राह्मण, गौओं, राजपुरुषों, वृद्ध पुरुषों को, भार उठाए हुओं को, गर्भवती स्त्री को और दुर्बल मनुष्यों को रास्ता दे देना चाहिए।

(१०) उपानही च वस्त्र च धृतमन्यै न धारयेत।
ब्रह्मचारी च नित्य स्यात्पाद पादेन नाक्रमेत॥

यदि जूतों को और वस्त्रों को किसी दूसरे ने पहन रक्खा

सन्तस्तथा दुर्जन दुर्वचांसि
पीत्वा च सूक्तानि समुद्गिरन्ति ॥
१६ निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मी समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम् ।
अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा
न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ॥
२० न चौरहार्यं न च राजहार्यं
न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि ।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं
विद्याधनं सर्वधनात् प्रधानम् ॥
२१ प्रारभ्यते न खलु विघ्नभयेन नीचै
प्रारभ्य विघ्नविहता विरमन्ति मध्याः ।
विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः
प्रारब्धमुत्तमजना न परित्यजन्ति ॥
२२ कल्पद्रुमः कलितमेव ददाति मूढे
सा कामधुक् कामितमेव दोग्धि ।
चिन्तामणिश्चिन्तितमेव दत्ते
सेवा तु सद्म सकलं प्रसूते ॥
२३ तृणानि नोन्मूलयति प्रभञ्जन
मृदूनि नीचैः प्रणतानि सर्वतः ।
स्वभाव एवोन्नतचेतसामयं
महान महत्त्वेन करोति विक्लवम् ॥
२४ सन्तप्तायसि संस्थितस्य पयसो नामापि न ज्ञायते
मुक्ताकारतया तदेव नलिनीपत्रस्थितं राजते ।
स्वात्यां सागरशुक्तिसम्पुटगतं तन्मौक्तिकं जायते
प्रायेणाधमसंगतिः परिभवं पुंसः समारोहति ॥

२५ यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता ।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राऽफला क्रिया ॥
२६ उपकारोऽपि नीचाना अपकाराय जायते ।
पय पानं भुजगाना केवल विषवर्धनम् ॥
२७ सुलभा पुरुषा राजन् सतत प्रियवादिन ।
अप्रियस्य च पथ्यस्य वक्ता श्रोता च दुर्लभ ॥
२८ देहिनोऽस्मिन्यथा देहे कौमार यौवन जरा ।
तथा देहान्तर प्राप्तिर्धीरस्तत्र न मुह्यति ॥
२९ वासासि जीर्णानि यथा विहाय,
नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि ।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णा-
न्यन्यानि सयाति नवानि देही ॥
३० नैन छिन्दन्ति शस्त्राणि नैन दहति पावक ।
न चैन क्लेदयन्त्यापो नशोषयति मारुत ॥
३१ न जायते म्रियते वा कदाचित्
नायं भूत्वा भविता वा न भूय ।
अजो नित्य शाश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥
३२ हतो वा प्राप्स्यसि स्वर्ग जित्वा वा भोक्ष्यसे महीम् ।
तस्मादुत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय ॥
३३ सुखदु खे समे कृत्वा लाभालाभौ जयाजयौ ।
ततो युद्धाय युज्यस्व नैव पापमवाप्स्यसि ॥
३४ कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि ॥
३६ योगस्थ कुरु कर्माणि सङ्ग त्यक्त्वा धनंजय ।
सिद्ध्यसिद्ध्यो समोभूत्वा समत्व योग उच्यते ॥

एकादि सत्यानुसार पूर्व दिये गये श्लोकों का अर्थ—

१ शक्ति वालों के लिए कोई भी अधिक बोझ नहीं, व्यापारी लोगों के लिये कोई भी दूर देश नहीं, पण्डित लोगों के लिये कोई भी पराया देश नहीं और मीठा बोलने वालों को कोई भी पराया मनुष्य नहीं होता।

२ परतन्त्रता में सब दुःख, स्वतन्त्रता में सब सुख, यह सुख और दुःख के समष्टि रूप लक्षण जानो।

३ नीच पुरुष धन की इच्छा करते हैं, मध्यम पुरुष धन और मान की इच्छा करते हैं, श्रेष्ठ पुरुष केवल मान की इच्छा करते हैं। मान ही बड़े मनुष्यों का धन होता है।

४ जो लोगों द्वारा मान्य कर्त्तव्य हो जाता है वह ही करना चाहिये, जो करने योग्य नहीं, चाहे जान ही क्यों न चली जाये वह नहीं करना चाहिये।

५ बिना सोचे कुछ न करना चाहिये, भली प्रकार सोच विचार कर ही जो करना हो करना चाहिये। वहीं कुछ सोचना चाहिये जहाँ कुछ हुआ सफल हो।

६ सब जीव मीठा बोलने से प्रसन्न हो जाते हैं, इसलिये मीठा ही बोलें, मीठे शब्द बोलने में क्या गरीबी दिखलानी।

७ भोजन का दान बड़ा दान होता है, विद्या का दान उससे भी बड़ा दान होता है। भोजन से तो उसी समय की तृप्ति होती है परन्तु विद्या से तो जीवन भर प्यार रहता है।

८ पांच पूज्य प्रकार के हैं—जननी माता), जन्मभूमि मातृभूमि) जाह्नवी (गंगा), जनार्दन (भगवान), जनक (पिता)।

९ मन मधुकर भौंरा) मेघ (बादल), मानिनी (स्त्री) मदन (काम), मरुत (पवन), मा, मद (घमंड, नशा), मरुद (बादल),

मत्स्य (मछली) ये दस चचल मकार (म से प्रारम्भ होने वाले शब्द) होते हैं।

१० दीवा धूआ खाकर कज्जल उत्पन्न करता है। जैसा अन्न खाया जाता है वैसी ही पैदाइश हुआ करती है।

११ जैसा राजा वैसी प्रजा, लोग राजा जैसा ही काम किया करते हैं। यदि राजा धर्मपरायण हो तो प्रजा धर्म पर चलती है। और यदि पापी हो तो पापों मे लीन हो जाती है।

१२ क्षण क्षण का और दाने-दाने का ध्यान करके ही मनुष्य विद्या का और धन का क्रम पूर्वक साधन करे। समय की चिन्ता न करे तो विद्या कहाँ और दाने की चिन्ता न करे तो धन कहाँ ?

१३ सूर्य चाहे पश्चिम दिशा से निकलने लगे, मेरु पर्वत चाहे चलने लगे, अग्नि चाहे शीत हो जावे, कमल चाहे पर्वतों की चोटी पर पत्थरों पर उगने लगे परन्तु भले पुरुषों का कहा वचन कभी उलटा नहीं होता।

१४ सोने का मृग न किसी ने बनाया, न पहिले किसी न देखा, न किसी ने सुना। तो भी श्रीराम को उसकी तृष्णा हो गई। विनाश के समय अक्ल भी मारी जाती है।

१५ दुष्ट पुरुष की विद्या झगडे के लिए, धन नशे के लिए और शक्ति दूसरों को दु ख देने को होती है। इसके विपरीत भले पुरुष की विद्या ज्ञान के लिए, धन दान के लिए और बल गरीबों की रक्षा के लिए होता है।

१६ नदियाँ अपने आप पानी नहीं पीतीं, पेड अपने आप फल नहीं खाते, बादल भी अपने आप खेती को नहीं खाते, भले पुरुषों की विभूतियाँ दूसरों के भले को ही होती हैं।

१७ कान कुण्डल से शोभा नहीं देते; वेदादि के वाक्य सुनने से शोभा देते हैं। हाथ भी कङ्कण से नहीं, दान देने से शोभित होते हैं। शरीर भी चन्दन के लेप से शोभा नहीं देता बल्कि दयावान होकर दूसरों का भला करने से शोभा देता है।

१८ बादल खारा पानी पीते हैं और उसी को मीठा बना कर उगल देते हैं। उसी प्रकार भले पुरुष बुरे लोगों के बुरे वचन सुन कर अच्छे वचन निकाला करते हैं।

१९ धीरजवान पुरुषों की चाहे नीतिवान मनुष्य निन्दा करें अथवा प्रशंसा करें, जैसे चाहे लक्ष्मी देवी (धन) चली जाये। चाहे आज ही मृत्यु हो जावे या बहुत काल के बाद, परन्तु वे इन्साफ के मार्ग को छोड़, पैरों को इधर उधर नहीं रखते।

२० विद्या रूपी धन सब धनों से प्रधान होता है। ये न चोरों से चुराया जाता है न राजाओं से छीना जाता है। न भाइयों से बाटा जा सकता है, न बोझल होता है, यह धन खर्च करने से उल्टे नित्य बढ़ता है।

२१ नीच पुरुष विघ्न के भय मात्र से कोई काम प्रारम्भ नहीं करते, मध्यम स्वभाव के पुरुष काम प्रारम्भ करके बाधा आने पर अधूरा छोड़ देते हैं। परन्तु उत्तम पुरुष एक बार प्रारम्भ किए काम को विघ्न होने पर भी नहीं छोड़ते।

२२ कल्प वृक्ष केवल कल्पित वस्तु उत्पन्न करता है, कामधेनु से इच्छा की हुई वस्तु ही दोही जा सकती है। चिन्तामणि सोची हुई वस्तु को ही देती है, पर भले पुरुषों का सङ्ग इन सब को ही उत्पन्न करने वाला होता है।

२३ वायु तिनकों को नहीं उखाड़ती बल्कि बड़े-बड़े वृक्षों को उखाड़ती है। कोमल तिनकों को सब प्रकार से नीचे झुकाती

देती है। स्वभाव से ही ऊँचे उठे बडे बडे पेडों को उखाड फेंकती है। बडे शक्तिशाली बडों से ही शक्ति आजमाते हैं।

२४ 'सज्जनों का हृदय मक्खन के समान होता है', यह बात जो क्षुद्र कवि लोग कहा करते हैं वह बिल्कुल ठीक नहीं है दूसरों के दुःख से सज्जन का हृदय पिघल जाता है किन्तु मक्खन नहीं।

२५ जिस देश मे स्त्रियों का आदर होता है वहाँ देवताओं का वास होता है। जहाँ स्त्रियों का आदर नहीं होता वहाँ सब काम निष्फल होते हैं।

२६ नीचों के लिए की हुई भलाई भी बुराई का कारण बनती है। साँपों को दूध पिलाना केवल विष बढाने वाला ही होता है।

२७ हे राजन्! लगातार (सादा) मीठा बोलने वाले पुरुष मिलने आसान हैं परन्तु उचित और कडवा बोलने वाले और सुनने वाले दोनों ही आसानी से नहीं मिलते।

२८ शरीर धारियों को जैसे शरीर मे कौमार्य (बचपन) जवानी और बुढापा आता है वैसे ही दूसरी देह में जाना (मरण होता है)। धैर्यवान् पुरुष इसके लिये दुःखी नहीं होते।

२९ जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रों को छोडकर दूसरे नए वस्त्र ग्रहण कर लेता है वैसे ही पुराने शरीरों को छोडकर आत्मा नए दूसरे शरीरों के साथ जुडकर नवजीवन धारण करता है।

३० न इस आत्मा को शस्त्र काट सकते हैं न इस को आग जला सकती है, न इसको जल ही भिगो सकता है और न वायु सुखा सकती है।

३१ यह आत्मा न कभी जन्मता है और न ही किसी

है। यह आत्मा न होकर फिर होने वाला है। क्यों आत्मा अजन्मा है, नित्य है, शाश्वत है, चिरकाल से था आने वाली है। यह भौतिक शरीर नष्ट होने पर भी न नहीं होती।

३२ यदि मारे जाओगे तो स्वर्ग प्राप्त करोगे, यदि जीत जाओ तो पृथ्वी के ऐश्वर्यों का भोग करोगे। इसलिए हे कुन्ती पुत्र अर्जुन! युद्ध का निश्चय करके उठो।

३३ सुख-दुःख, लाभ-हानि, जीत-हार को एक समान मानो तब युद्ध के लिए उठ जाओ। इस प्रकार तुम पाप को पाओगे।

३४ हे अर्जुन! तुम्हारा कर्म करने का ही अधिकार है, कर्म फल के बारे में सोचने का अधिकार कभी नहीं। कर्म फल को पाने की इच्छा वाला न बन कर कर्म करने आसक्ति न रख।

३५ हे अर्जुन! आसक्ति को छोड़कर सिद्धि में और असिद्धि एक सा रहकर कर्म करने को ही कर्म योग कहते हैं।



यादव प्रिंटिंग प्रेस, पाचार सीतारामन, दिल्ली।